संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, गुरूवार, 06 जून 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 13 अंक: 155 पृष्ठ: 12 | RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति भवन पहुंचे और उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लोकसभा भंग करने की सिफारिश करते हुए अपना और अन्य मंत्रियों का इस्तीफा सौंपा।

## मोदी एनडीए के नेता चुने गए, घटक दलों ने सौंपा समर्थन पत्र

● एनडीए के सभी घटक दल के नेताओं ने सर्वसम्मति से मोदी को नेता चुना

**एकजुट**

▶▶ प्रस्ताव में एनडीए के नेताओं ने मोदी को जीत की बधाई दी और उनके नेतृत्व पर भरोसा जताया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन(एनडीए) की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को गठबंधन का नेता चुना गया। लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद बुधवार को प्रधानमंत्री आवास में हुई बैठक में एनडीए के सभी घटक दल के नेताओं ने सर्वसम्मति से मोदी को नेता चुना और इस संबंध में प्रस्ताव पारित किया। प्रस्ताव में एनडीए के नेताओं ने मोदी को जीत की बधाई दी और उनके नेतृत्व पर भरोसा जताया।

इस बैठक में जेडीयू अध्यक्ष एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और टीडीपी के प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू सहित एनडीए के सभी घटक दलों ने अपना समर्थन पत्र नरेन्द्र मोदी को सौंपा। प्रधानमंत्री आवास पर हुई बैठक में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, अमित शाह, चंद्रबाबू नायडू, नीतीश कुमार, शिवसेना शिंदे गुट के प्रमुख एकनाथ शिंदे, जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी, एलजेपी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान, हम के जीतनराम मांझी, जनसेना पार्टी के प्रमुख पवन कल्याण, राकांपा अजित पवार गुट के प्रफुल्ल पटेल एवं सुनील तटकरे, अपना दल (एस) की अनुप्रिया पटेल, रालोद के प्रमुख जयंत चौधरी, जेडीयू के राजीव रंजन सिंह एवं संजय झा, यूपीपी(एल) के अध्यक्ष प्रमोद बोरो, एजीपी के अतुल बोरा, आजसू के सुदेश मेहतो, एसकेएम के नेता इंदरा हैंग सुब्बा शामिल रहे। सूत्रों के अनुसार एनडीए के नेता आज ही प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे और सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। सात जून को भाजपा संसदीय दल की बैठक में मोदी को पार्टी संसदीय दल का नेता चुना जाएगा। इसके बाद एनडीए के सभी सांसदों की बैठक होगी, जिसमें मोदी को औपचारिक तौर पर एनडीए संसदीय दल का नेता चुना जाएगा।

आठ जून को मोदी प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। उल्लेखनीय है कि बुधवार सुबह कैबिनेट की बैठक के बाद मोदी ने प्रधानमंत्री पद से अपना इस्तीफा राष्ट्रपति को सौंप दिया।





### हमारी पार्टी की रुचि कृषि विभाग में है: एच डी कुमारस्वामी

**टीम एक्शन इंडिया**

**बेंगलुरु:** जेडीएस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी ने बुधवार को संकेत दिया कि उनकी पार्टी नई एनडीए सरकार में कृषि विभाग लेने में रुचि रखती है। आज की एनडीए बैठक में भाग लेने के लिए नई दिल्ली पहुंचे कुमारस्वामी ने संवाददाताओं से कहा, "हमारी पार्टी की रुचि कृषि विभाग में है। हमारी लड़ाई शुरू से ही कृषक समुदाय के लिए अच्छा करने की रही है।" वहीं, सरकार गठन से पहले जेडीएस की 'मांगों' के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हमारी ऐसी कोई मांग नहीं है। मुद्दों का समाधान करना है, जो केंद्र की ओर से लंबे समय से चले आ रहे हैं। केंद्र में कर्नाटक को प्रतिनिधित्व (कैबिनेट बर्थ) देने के बारे में नरेंद्र मोदी फैसला करेंगे। जेडीएस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी के पिता और पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा की अध्यक्षता वाली जेडीएस पिछले साल एनडीए में शामिल हुई थी।

## कम हो जाएगी भाजपा सांसदों की 'कैबिनेट' में हिस्सेदारी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना इस्तीफा राष्ट्रपति को सौंप दिया। ऐसे में जल्द ही नई सरकार के गठन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। खासतौर से नई सरकार के मंत्रिमंडल में गठबंधन में शामिल राजनीतिक दलों के नेताओं को ठीक-ठाक जगह मिलने का अनुमान लगाया जा रहा है। दरअसल 2019 की मोदी कैबिनेट में शुरूआती चरण में बतौर कैबिनेट मंत्री शिरोमणि अकाली दल और लोक जनशक्ति पार्टी और जेडीयू को ही मौका दिया गया था। लेकिन इस बार कैबिनेट मंत्री बनने की फेहरिस्त में ही घटक दलों का मजबूत दबाव माना जा रहा है। इस बार केंद्र में गठबंधन की सरकार बनने वाली है। गठबंधन भी ऐसा, जिसमें भाजपा सरकार बनाने के नंबर से पीछे है। ऐसी दशाओं में सियासी गलियारों में चर्चाएं इसी बात की हो रही हैं, क्या नया एनडीए का कैबिनेट पूरी तरीके से भाजपा के हिस्से में आएगा या बंटवारा होगा। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि इस बार कैबिनेट की पूरी तस्वीर बदली हुई होगी।

2019 की सरकार में बनाई गई कैबिनेट और 2024 की बनने वाली कैबिनेट पूरी तरह से अलग होगी। वह कहते हैं कि पिछली बार भारतीय जनता पार्टी के पास अपने सांसद इतने थे कि घटक दलों के सांसदों की जरूरत नहीं पड़ती।

### राज्य मंत्रियों के हिस्से में भी आएगी कमी

**सिर्फ** कैबिनेट मंत्रालय में ही नहीं, राज्य मंत्रियों के हिस्से में भी पिछली सरकार में भारतीय जनता पार्टी ने घटक दलों को उतनी हिस्सेदारी नहीं दी थी।

2019 में जब मोदी सरकार बनी, तो इस्पात मंत्रालय में कैबिनेट मंत्री के तौर पर धर्मेंद्र प्रधान को जिम्मेदारी दी गई। हालांकि बाद में यह मंत्रालय जदयू के हिस्से में आरसीपी सिंह के पास आ गया। इसी तरह राज्य मंत्रियों की फेहरिस्त में भी भारतीय जनता पार्टी ने अपना दल से अनुप्रिया पटेल और रामदास आठवले को जगह दी। बाद में जरूर मंत्रालयों में परिवर्तन करके कुछ फेरबदल होते रहे, जिसमें शिवसेना और लोजपा को भी जगह मिली। बावजूद इसके पिछली मोदी कैबिनेट में भारतीय जनता पार्टी सांसदों का ही बोल बाला रहा।

**आदर्श विचार**



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

**मन की बात**



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

### राजस्थान बीजेपी संगठन में हो सकता है फेरबदल

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर:** राजस्थान बीजेपी संगठन में लंबे समय से चर्चाएं चल रही हैं कि मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी दोनों के ही ब्राह्मण होने के चलते प्रदेश अध्यक्ष की सीट में बदलाव किया जा सकता है। हालांकि, सीपी जोशी के चुनाव जीतने के बाद यह स्पष्ट हो गया कि उन्हें अब दिल्ली में कोई बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है। इसीलिए प्रदेश अध्यक्ष का पद रिक्त हो सकता है। विधानसभा चुनाव के बाद से संगठन मंत्री का पद भी खाली पड़ा है, जिसे जल्द ही भरा जा सकता है। पिछले छह सालों से सक्रिय संगठन मंत्री के रूप में जिम्मेदारी संभाल रहे चंद्रशेखर ने संगठन को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई थी। उनके कार्यकाल में पन्ना प्रमुख, बूथ अध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष की 50,000 से अधिक लोगों की टीम खड़ी की गई थी। इसके अलावा उनके नेतृत्व में बीजेपी ने राजस्थान के 33 जिलों में अपने कार्यालय भी बनाए थे। साल 2023 के विधानसभा चुनावों में पार्टी की जीत का श्रेय भी काफी हद तक चंद्रशेखर को दिया जाता है।

## मुझे आपकी बहन होने पर गर्व है: प्रियंका

**भाई पर गर्व**

▶▶ कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपने भाई राहुल गांधी को पत्र लिखा है, गर्व की अनुभूति



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव परिणामों की घोषणा होने के एक दिन बाद बुधवार को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपने भाई राहुल गांधी को पत्र लिखा है। इस पत्र का अंश उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर भी साझा किया। इस पत्र का अंत प्रियंका गांधी वाड्रा ने ऐसे किया है- @राहुल गांधी, मुझे आपकी बहन होने पर गर्व है। प्रियंका गांधी वाड्रा ने इस पत्र में कहा है कि, आप खड़े रहे, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि उन्होंने आपके लिए क्या कहा और क्या किया...आप कभी भी विपरीत परिस्थितियों से पीछे नहीं हटे, आपने विश्वास करना कभी नहीं छोड़ा, भले ही उन्होंने आपके दृढ़ विश्वास पर कितना भी संदेह किया हो। यहां उन्होंने या उनके से प्रियंका गांधी का तात्पर्य विपक्षी धड़े, विशेषकर भाजपा से है। प्रियंका गांधी वाड्रा ने आगे लिखा है कि आपने उनके द्वारा फैलाए गए झूठ के जबरदस्त प्रचार के बावजूद सच्चाई के लिए लड़ना कभी नहीं छोड़ा।

### महाराष्ट्र में भाजपा को मिली असफलता की जिम्मेदारी देवेंद्र ने ली

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई: उपमुख्यमंत्री** देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को महाराष्ट्र में भाजपा को मिली असफलता की जिम्मेदारी ली है। उन्होंने आगामी विधानसभा में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए भाजपा नेतृत्व से संवैधानिक पदों अर्थात उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री पद से मुक्त करने की पेशकश की है। फडणवीस ने कहा कि वे इस सम्बन्ध में केंद्रीय नेतृत्व से मिलकर बात करने वाले हैं। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा को सिर्फ 9 सीटें मिली हैं, जबकि 2024 में भाजपा को राज्य में 23 सीटें मिलीं थीं।



ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने राज्य के राज्यपाल रघुबर दास को बुधवार को अपना इस्तीफा सौंप दिया। ओडिशा में लगातार ढाई दशक तक सत्तारूढ़ रहे पटनायक को विधानसभा चुनाव में भाजपा के हाथों बड़ी हार का सामना करना पड़ा है। पटनायक सुबह राजभवन पहुंचे और राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपा।

## केंद्रीय विश्वविद्यालयों में डीयू रहा अव्वल



**उपलब्धि**

▶▶ संस्थानों की सूची में पिछले वर्ष के नौवें स्थान के मुकाबले डीयू इस बार सातवें स्थान पर पहुंचा है

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 में डीयू भारत के केंद्रीय विश्वविद्यालयों में अव्वल रहा है। इसके साथ ही देश भर के अन्य संस्थानों की सूची में पिछले वर्ष के नौवें स्थान के मुकाबले डीयू इस बार सातवें स्थान पर पहुंचा है।

**डीयू कुलपति ने दी बधाई:** डीयू कुलपति प्रो योगेश सिंह के मुताबिक, भारत के दस शीर्ष संस्थानों में डीयू ने सर्वाधिक 79 रैंक का सुधार किया है। इस उपलब्धि का श्रेय कुलपति ने पूरे दिल्ली विश्वविद्यालय परिवार को दिया है। कुलपति ने कहा कि विवि के संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों के शैक्षणिक वातावरण व राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान के कारण डीयू निरंतर आगे बढ़ता जा रहा है। कुलपति ने बताया कि डीयू ने क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 में वैश्विक स्तर पर 328 वां स्थान प्राप्त किया है जबकि बीते साल रैंकिंग में स्थान 407 वां था। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में इस बार दिल्ली विश्वविद्यालय ने शीर्ष 22 फीसदी में अपना स्थान बनाया है। कुलपति ने बताया कि वैश्विक स्तर पर नौ संकेतकों में से चार संकेतकों में दिल्ली विश्वविद्यालय को 270 संस्थानों में शामिल किया गया है। इनमें इम्प्लॉयमेंट आउटकम्स में 44वां, सस्टेनेबिलिटी में 220 वां, अकादमिक प्रतिष्ठा में 225 वां और एम्प्लॉयर प्रतिष्ठा में 269 वां स्थान मिला है। प्रो. योगेश सिंह ने बताया कि दिल्ली विश्वविद्यालय ने इस बार नौ प्रदर्शन संकेतकों में से पिछले साल के मुकाबले में पांच में सुधार किया है। क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग 2025 जारी हो चुकी है।

## जज संवैधानिक मूल्यों की निरंतरता को दर्शाते हैं: चंद्रचूड़

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने ऑक्सफोर्ड यूनियन सोसाइटी में दिए अपने भाषण में कहा कि देश के संवैधानिक लोकतंत्र के मूल में चुनाव हैं, लेकिन जज संवैधानिक मूल्यों की निरंतरता को दर्शाते हैं, जो इस व्यवस्था की रक्षा करते हैं। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में समाज में निर्णायकों की मानवीय भूमिका विषय पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि न्यायपालिका में पारदर्शिता लाने में तकनीक की अहम भूमिका है।

**लोकतंत्र में न्यायपालिका की भूमिका अहम:** सोशल मीडिया पर न्यायाधीशों की आलोचना की बात को स्वीकार करते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि प्रौद्योगिकी का समग्र प्रभाव न्यायपालिका को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने में मदद करना है। दरअसल मुख्य न्यायाधीश से भारतीय चुनाव को लेकर सवाल किया गया। इसके जवाब में मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि 'चुनाव संवैधानिक लोकतंत्र के मूल में हैं, लेकिन भारत में न्यायाधीशों का चुनाव नहीं किया जाता। न्यायाधीश संवैधानिक मूल्यों की निरंतरता की भावना को दर्शाते हैं। लोकतंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका होती है, जिसमें हम परंपरा की भावना को दर्शाते हैं।



**संवैधानिक**

▶▶ देश के संवैधानिक लोकतंत्र के मूल में चुनाव हैं, लेकिन जज संवैधानिक मूल्यों की निरंतरता को दर्शाते हैं

### चीता गामिनी के एक शावक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल : मध्य प्रदेश के श्योपुर** जिले में स्थित कूनो नेशनल पार्क से एक बुरी खबर आई है। मादा चीता गामिनी के छह शावकों में से एक की मौत हो गई। कूनो नेशनल पार्क की टीम को गामिनी के पास शावक मृत अवस्था में पड़ा मिला। वह करीब तीन महीने का था। दरअसल, मादा चीता गामिनी ने 9 मार्च को 6 शावकों को जन्म दिया था। इनमें से एक शावक की मंगलवार शाम को मौत हो गई है। पार्क प्रबंधन के अनुसार चीता गामिनी का एक शावक उसके पास काफी देर से अचेत पड़ा था। वह कोई हरकत नहीं कर रहा था। संदेह होने पर डॉक्टरों की टीम ने वहां जाकर उसका चेकअप किया, तब पता चला कि उसकी मौत हो गई है।

## जीत पर नेतन्याहू-जेलेंस्की ने पीएम मोदी को दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भाजपा तीसरी बार लोकसभा चुनाव में भारत की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है। भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए जल्द ही सरकार बनाने का एलान कर सकता है। नरेंद्र मोदी एक बार फिर प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ले सकते हैं। ऐसे में दुनिया भर के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दे रहे हैं। इस्राइल, यूक्रेन, जमैका सहित अन्य देशों के प्रमुखों ने पीएम मोदी को शुभकामनाएं दी हैं।

**इस्राइल के प्रधानमंत्री ने दी शुभकामनाएं:** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी लोकसभा चुनाव में तीसरी जीत पर पीएम को बधाई दी। उन्होंने एक्स पोस्ट करते हुए कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार फिर से चुने जाने पर हार्दिक बधाई देता हूं।

**विकासात्मक कार्य** सुरंग के निर्माण पर व्यय होंगे 295 करोड़ रुपये, शहर में तारों को भूमिगत करने की परियोजना के लिए 23 करोड़ रुपये का प्रावधान

## नवबहार से चिकित्सा महाविद्यालय तक बनाई जाएगी 890 मीटर सुरंग

**चमन शर्मा**

**शिमला: शिमला शहर में यातायात की समस्या** के निवारण के लिए राज्य सरकार जाखू पहाड़ी के नीचे नव बहार पेट्रोल पंप के समीप से सर्कुलर रोड पर चिकित्सा महाविद्यालय शिमला तक 890 मीटर लंबी डबल लेन सुरंग का निर्माण करेगी। यह बात मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को लोक निर्माण विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरंग का निर्माण 295 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा, जिसमें से 100 करोड़ रुपये पहले ही जारी किए जा चुके हैं और इस माह के अंत तक निविदा प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिमला शहर में विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए गंभीरता से प्रयास कर रही है, ताकि स्थानीय लोगों के साथ-साथ यहां भ्रमण के लिए आने वाले पर्यटकों को बेहतरीन सुविधाएं प्रदान की जा सकें। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को वाहनों का सुचारू आवागमन सुनिश्चित करने के लिए सर्कुलर रोड़ पर सभी बाधाओं को दूर करने के निर्देश दिए। इसके दृष्टिगत भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया एक सप्ताह के भीतर शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि सर्कुलर रोड़ को चौड़ा एवं सुदृढ़ करने के लिए 122 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। पार्किंग से संबंधित आधारभूत ढांचे को भी सुदृढ़ किया जाएगा तथा 3000 अतिरिक्त वाहनों के लिए पार्किंग सुविधा सृजित की जाएगी। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार शिमला शहर में ओवरहेड तारों को हटाने की योजना पर दृढ़ता से कार्य कर रही है। इसके दृष्टिगत विद्युत केबल और ऑप्टिकल फाइबर के लिए भूमिगत डक्ट बिछाई जाएंगी। इस परियोजना के प्रारंभिक चरण में माल रोडए लोअर बाजार तथा मिडिल बाजार क्षेत्रों पर विशेष रूप से ध्यान केन्द्रित किया जाएगा और लगभग 23 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को सभी परियोजनाओं में गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के



**विकास पर जोर**

▶▶ राज्य सरकार शिमला शहर में विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए गंभीरता से प्रयास कर रही है

# राम के श्राप से बीजेपी की बिगड़ी हालत : कांग्रेस

**साधा निशाना**

**अब देश के पूर्व मोदी ने तानाशाह के रूप में काम किया है और जनता ने मोदी को अर्श से फर्श पर उतारा है**



**अनिल**

**किन्नौर:** लोकसभा चुनावो में किन्नौर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य को 128 में से 123 बूथों पर भारी लीड तथा लहौल स्पीति के उपचुनाव में विजय केबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी के कुशल नेतृत्व का प्रमाण है।ढेड़ साल के कार्यकाल में जो विकास प्रदेश सरकार ने किये है इतना विकास पूर्व में भाजपा की सरकार ने नहीं किये है, केवल लोगों के साथ ठगी करने का काम किया है।यह बात प्रदेश कांग्रेस के मीडिया पेनालीस्ट डा. सूर्या बोरस ने रिकांगपीओ में प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा है।उन्होंने कहा कि प्रदेश केबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी ने लोकसभा चुनाव में किन्नौर और विधानसभा के उपचुनावों में लाहौल स्पीति कांग्रेस प्रत्याशी अनुराधा राणा को भारी मतों से लीड दिलाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आज देश व प्रदेश के जनता ने अपना जनादेश दिया है।उस से जाहिर होता है कि पूर्व सरकार के नीतियों से जनता परेशान थी। इस लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन ने शानदार जीत हासिल की है।उन्होंने प्रदेश के भाजपा संगठन पर प्रहार करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार को अस्थिर करने के लिए भाजपा ने धनबल का प्रयोग किया लेकिन आज जनबल के आगे हारी है। उन्होंने कहा कि देश के अंदर लोकसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन ने लोकसभा चुनावों में 234 सीटों पर जीत दर्ज कर साबित किया है कि देश में इंडिया गठबंधन एनडीए से मजबूत है। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल में केवल सरकारी एजेंसियो का दुरूपयोग करने का काम किया है।और ईमानदार लोगों को जेल भेजकर अपनी सत्ता का सुख भोगा है जिसका जवाब जनता ने भाजपा को करारा जवाब दिया है और चार सौ पार का नारा फैल साबित हुआ है आज एनडीए तीन सौ का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाई है और अन्य गठबंधन पार्टियों पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने लोकसभा चुनावों में राम का नाम व मंदिर प्रतिष्ठा का प्रयोग किया लेकिन शायद भगवान राम ने ही भाजपा को गलत आचरणों व झूठ के पुलिंदे बाँधने व जनता को ठगने का श्राप दिया है जिसका खामियाजा आज देश में भाजपा लोकसभा चुनावों में भुगत रही है। उन्होंने कहा कि अब देश के पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तानाशाह के रूप में काम किया है और देश की जनता ने लोकसभा चुनावों में मोदी को अर्श से फर्श पर उतारा है।

# नेपाल के पीएम ने अरुण-3 एचईपी की मुख्य सुरंग की अंतिम खुदाई का ब्लास्ट किया

**चमन शर्मा**

**शिमला/दिल्ली:** नेपाल के माननीय प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने नेपाल के संखुवासभा जिले में 900 मेगावाट अरुण-3 जलविद्युत परियोजना की 11.8 किलोमीटर लंबी हेड रेस सुरंग की खुदाई पूरी होने पर अंतिम ब्लास्ट किया। इस अवसर पर नेपाल के ऊर्जा, जल संसाधन एवं सिंचाई मंत्री शक्ति बहादुर बसनेट, नेपाल प्रांत 1 के स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र कार्की, भारतीय राजदूत, नवीन श्रीवास्तव, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन, सुशील शर्मा, नेपाल निवेश बोर्ड के सीईओ सुशील भट्टा, सीईओए एसएपीडीसी, अरुण धीमान, कार्यकारी निदेशक, एसजेवीएन, राकेश सहगल और नेपाल सरकार के अन्य गणमान्य व्यक्ति, स्थानीय अधिकारी उपस्थित रहे।



नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने कहा कि यह सफ लता

हमें स्वच्छ, नवीकरणीय ऊर्जा प्रदान करने एवं क्षेत्र के सततशील विकास में योगदान देने के लिए लक्ष्य के नजदीक लाती है। उन्होंने परियोजना निर्माण में चल रहे प्रयासों की सराहना की और अरुण-3 जल विद्युत परियोजना को समय पर पूर्ण करने संबंधी सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

# भाजपा का आरोप उपचुनावों पर 35 करोड़ का खर्च, इसकी पूरी जिम्मेवारी मुख्यमंत्री के उपर : राकेश

**चमन शर्मा**

**शिमला: भाजपा** के मुख्य प्रवक्ता एवं सुंदरनगर से विधायक राकेश जम्वाल ने कहा की हिमाचल प्रदेश में जब से कांग्रेस पार्टी की सरकार सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में बनी है लगातार हिमाचल प्रदेश के खजाने पर फि जूल का बोझ डाल रही है जिसके कारण प्रदेश का धन बर्बाद हो रहा है और विकास बाधित हो रहा है। तीन आजाद विधायकों ने अपने पद से 22 मार्च, 2024 को इस्तीफ ा दिया और माननीय विधान सभा अध्यक्ष से आग्रह किया कि वे इस्तीफे को मंजूर करें। 22 मार्च से



लेकर 3 जून तक यह त्याग पत्र मंजूर नहीं किए गए और 2 जून को लोकसभा व विधान सभा के उपचुनाव सम्पन्न हुए और 3 जून को तीन विधायकों के इस्तीफे मंजूर कर लिए गए। काश यह इस्तीफे 30 अप्रैल से पूर्व स्वीकार कर लिए जाते तो यह तीनों उपचुनाव लोकसभा चुनाव के साथ सम्पन्न हो जाते परन्तु कांग्रेस की सुखविन्द्र सरकार ने केवल अपनी राजनीतिक आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए इन त्यागपत्रों को लटकाकर रखा। अब विचारणयी प्रश्न यह है कि यह तीन इस्तीफे स्वीकार हो गए और 6 माह के भीतर-भीतर यह 3 उपचुनाव होंगे और प्रत्येक चुनाव में कम से कम 10.12 करोड़ रू. सरकारी खर्चा आएगा अर्थात 35.36 करोड़ रू. का बोझ हिमाचल के खजाने पर पड़ेगा। भाजपा ने यह सीधा-सीधा आरोप लगाया कि यह जो 35 करोड़ रू. का खर्च होगा इसकी पूरी जिम्मेवारी मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के उपर आती है। उन्होंने ने ही अपनी राजनीतिक आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए यह खेल खेला है।

प्रदेश के खजाने पर अनचाहा बोझ डालने के लिए मुख्यमंत्री की निंदा की जाती है। इससे पहले भी अपने दोस्तो को मित्रों को लाभ देने के लिए अनेक-अनेक कैबिनेट के दर्जे बांटे गए, गैर कानूनी तौर पर 6-6 मुख्य संसदीय सचिव लगाए गए जिसका प्रदेश सरकार का करोडों-करोड़ रू. का व्यय हो रहा है।

# उपायुक्त किन्नौर ने विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौधारोपण

**टीम एक्शन इंडिया/किन्नौर**

**किन्नौर: उपायुक्त** किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने गत दिवस को वन विश्राम गृह रिकांग पिओ के परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर स्थानीय स्कूली बच्चों व वन कर्मियों को पर्यावरण की शपथ दिलाई तथा देवदार का पौधा रोपित किया। उन्होंने इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन पर बल दिया ताकि युवा पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य मिल सके और ग्लोबल वॉर्मिंग की समस्या से निजात मिल सके। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे

**शपथ दिलाई**

**युवा पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य मिल सके और ग्लोबल वॉर्मिंग की समस्या से निजात मिल सके**

विद्यार्थियों को पर्यावरण के संदर्भ में जागरूक करें और प्रकृति के बचाव में

जानकारी प्रदान करें। इस अवसर पर वनमण्डलाधिकारी किन्नौर अरविंद कुमार उपस्थित रहे।

# सिरमौर में टूटा कांग्रेस का चमत्कार

## हर्षवर्धन और विनय को मिली शर्मनाक हार




**एसपी जैरथ**

**नाहन: कांग्रेस** का गढ़ कहे जाने वाले जिला सिरमौर में लोकसभा चुनाव में आखिरकार कांग्रेस का तिलिस्म टूट गया है। जिला सिरमौर की सभी पांच विधानसभा सीटों से भारतीय जनता पार्टी को बढ़त हासिल हुई है। सबसे अधिक बढ़त जिला सिरमौर में पांवटा साहिब विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी को मिली है। जहां पूर्व मंत्री और वर्तमान विधायक सुखराम चौधरी की लोकप्रियता एक बार फि र बरकरार रही है। पांवटा साहिब विधानसभा क्षेत्र से भाजपा को 15313 वोटों की लीड मिली है। दूसरे नंबर पर नाहन निर्वाचन क्षेत्र रहा है, जहां नाहन के लोगों ने एक बार फि र भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व विधायक डॉ राजीव बिंदल के काबिलियत पर मुहर लगाई है। यदि रेणुका निर्वाचन क्षेत्र की बात करते हैं तो रेणुका निर्वाचन क्षेत्र से रेणुका के वर्तमान विधायक और हिमाचल प्रदेश सरकार में विधानसभा के उपाध्यक्ष विनय कुमार के निर्वाचन क्षेत्र में 4485 वोटो की भारतीय जनता पार्टी को लीड मिली है। वहीं जिला सिरमौर के शिलाई निर्वाचन क्षेत्र में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान को 2317 वोटों की शिकस्त मिली है। अगर बात पच्छाद निर्वाचन क्षेत्र की करते है तो यहां से भारतीय जनता पार्टी केवल मात्र 452 वोटो की मामूली बढ़त ही हासिल हुई है या यूं कहे कि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सुरेश कश्यप को अपने ही गृह क्षेत्र से उम्मीद के अनुरूप वोट नहीं मिले हैं। जिला सिरमौर की बात करते हैं तो जिला सिरमौर में कांग्रेस पार्टी में दो-दो काबीना मंत्री होते हुए भी कांग्रेस को करारी हार मिली है। आपको बता दें कि यदि शिलाई विधानसभा चुनाव की बात करते हैं तो शिलाई से विधानसभा चुनाव में हर्षवर्धन चौहान को 382 मतों से जीत हासिल हुई थी, वहीं केवल मात्र डेढ़ साल में उनका ग्राफ इतना गिर गया है कि अब शिलाई से भारतीय जनता पार्टी को 2317 वोटों की लीड मिली है। इसी तरह रेणुका निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ा है।

# पर्यावरण बचाने, वातावरण को स्वच्छ रखने में छात्रों की भागीदारी

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू :** 5 जून कुल्लू कान्वेंट स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। पर्यावरण दिवस मनाने का उद्देश्य पर्यावरण के सरंक्षण पर ध्यान केंद्रित करना है। पर्यावरण में दिन प्रतिदिन क्षति हो रही है । इसे रोकने के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए इको क्लब के छात्रों द्वारा सुंदर डांस एवं स्लोगन द्वारा प्रस्तुति की और सभी छात्र- छात्राएं, नौनिहाल पर्यावरण दिवस पर हरे परिधान में दिखे साथ ही सभी अध्यापक/अध्यापिकाँ हरे परिधान में थे। स्कूल के सभी छात्रों ने पौधारोपण कर पर्यावरण को बचाने, पेड़ों को बचाने का संदेश दिया। स्कूल के प्रबंधक सुरेश कुमार एवं



स्कूल प्रधानाचार्या रीतू सुरेश कुमार ने इको क्लब के सहयोगी अध्यापक संजना एवं मोनिश की इस छोटी सी कोशिश की सरहाना करते हुए उनका इस सुंदर प्रस्तुति को पेश करने और छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए धन्यवाद किया तथा विद्यार्थियों को जीवन में पर्यावरण के महत्व को बताते हुए अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किय।

# मोदी की गारंटी पर देश की जनता ने विश्वास जताया: प्रताप रावत

**जनता का भरोसा**

**नडीए गठबंधन को 291 सिटे देकर नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का मौका दिया**

**एसपी जैरथ**

**नाहन: सिरमौर** भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने मीडिया को जारी बयान करते हुए बताया कि लोकसभा चुनाव में देश व प्रदेश की जनता ने पीएम नरेंद्र मोदी की गारंटी पर भरोसा जताते हुए एनडीए गठबंधन को 291 सिटे देकर नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का मौका दिया



है रावत ने मीडिया को जारी बयान में बताया कि महा गठबंधन के नेता मिलकर नरेंद्र मोदी का विजय रथ किसी भी कीमत पर रोकना चाहते थे लेकिन विरोधी पार्टी के सभी नेता मिलकर भी नरेंद्र मोदी का विजय रथ नहीं रोक पाए रावत ने मीडिया को बताया कि जितनी सिटे भाजपा ने अकेले जीती है उतनी सिटे विपक्ष के सभी नेता मिलकर भी नहीं जीत पाए हैं उन्होंने बताया कि भाजपा ने अकेले 240 सिटे जीती है जबकि विपक्ष की सबसे बड़ी कांग्रेस पार्टी सो सीटों से भी नीचे सिमटकर रह गई है कांग्रेस पार्टी के लिए इससे बड़ी शर्म की बात क्या हो सकती है रावत ने बताया कि इतना ही नहीं भाजपा ने हिमाचल की भी चारों लोकसभा सीटों पर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल के कुशल नेतृत्व में जीत दर्ज की है रावत ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार होते हुए भी हिमाचल की चारों लोकसभा सिटे हार गए हैं क्योंकि उन्होंने विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश की जनता को 10 बड़ी झूठी गारंटी दी थी

जिसका खामियाजा उन्हें लोकसभा चुनाव में भुगतना पड़ा रावत ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को अब नैतिकता के आधार पर त्यागपत्र दे देना चाहिए क्योंकि कांग्रेस पार्टी की प्रदेश में शर्मनाक हार हुई है।

# पर्यावरण के संरक्षण के लिए जन सहयोग आपेक्षित

**महत्व**

**अकादमी ने छात्र-छात्राओं के साथ मनाया पर्यावरण दिवस और बच्चों को पर्यावरण का महत्व भी बताया**

**संगराय**

**जोगिंद्रनगर:** माइंड ऑपरेशन अकादमी ने छात्र-छात्राओं के साथ मनाया पर्यावरण दिवस और बच्चों को पर्यावरण का महत्व भी बताया। अकादमी ने इस बार पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में जोगिंद्रनगर के छात्र-छात्रों के साथ बावडियों की सफाई की जो बावडि?ा गंदगी और झाड़ियों



से ढक चुकी थी उनको साफ किया ताकि वहां लोग आसानी से पानी पीने के लिए जा सके। अकादमी ने आस-पास के जंगलों में पेड़ भी लगाए। निर्देशक राम प्रकाश ठाकुर ने कहा हमें पर्यावरण बचाने के लिए निस्वार्थ प्रयास समय-समय पर करते रहना चाहिए और खासकर हर साल नए नए पेड़ लगाने चाहिए। कुछ लोग पेड़ लगाने के बजाए उनका जीवन समाप्त कर रहे है निदेशक ने कहा आजकल गर्मियों का मौसम है और पिछले गत दिनों में हिमाचल के बहुत सारे जंगलों में शरारती तत्वों के द्वारा आग लगाई जा रही है जिसकी वजह से हजारों पेड़ पौधे जल कर राख हो रहे है व हजारों जीव जंतु जो अभी चल नहीं सकते हैं कुछ बेजूवान पक्षी ऐसे जो अभी छोटे है उनके पंख भी नहीं लगे है वो बेचारे जिंदा जलकर मर रहे है हमें किसी भी वेजूवान जीव जंतु की जान लेने का अधिकार नहीं है जो व्यक्ति जानबूझकर आग लगाता है वह अपने एक नहीं हजारों लाखों जीवन बर्बाद कर रहा है उनको प्रकृति जरूर दंड देगी और उन बेजुबान पक्षियों जीव जंतुओं की बददुआएँ भी उन्हे जरूर लगेगी जो बेघर हो रहे है निर्देशक राम प्रकाश ठाकुर ने सभी लोगों से विनती की है कि कहीं भी आग न लगाएं अगर कूड़ा करकर जलाने के लिए भी आग लगा रहे है तो उसे पूरी तरह से बुझाएं और जहाँ आग लगी है वह फारेस्ट विभाग की आग बुझाने में मदद करें ताकि हमारा पर्यावरण सुरक्षित रह सके और बेजूवान जीव जंतुओं का जीवन बच सके।

# हमीरपुर की जनता का मोदी और अनुराग पर अटूट विश्वास : अंकुश

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर**

**हमीरपुर: भारतीय** जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अंकुश दत्त शर्मा ने गत दिवस को एक प्रेस बयान में कहा कि हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प और सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के पिछले डेढ़ दशक की निरंतर सेवा पर विश्वास जताया है। जनता ने अनुराग सिंह ठाकुर को पांचवीं बार फिर से लोकसभा में भेजा है, जिससे क्षेत्र की जनता की आकांक्षाओं और उम्मीदों को नई दिशा मिलेगी।

अंकुश दत्त शर्मा ने अपने बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीसरा कार्यकाल निश्चित रूप



से देश को विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तीव्र गति से आगे बढ़ाएगा। मोदी सरकार ने अपने पिछले कार्यकालों में अनेक विकास योजनाएं और नीतियाँ लागू की हैं, जिनका प्रत्यक्ष लाभ देशवासियों को मिला है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है और आने वाले वर्षों में यह पहचान और भी सशक्त होगी। सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के बारे में बात करते हुएए अंकुश दत्त शर्मा ने कहा कि ठाकुर ने पिछले डेढ़ दशक में हमीरपुर क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। उनके नेतृत्व में अनेक विकास परियोजनाएं शुरू की गईं और कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की गईं, जिनका लाभ सीधे जनता को मिला है। अनुराग ठाकुर ने हमीरपुर की जनता की समस्याओं को समझा और उनके समाधान के लिए त्वरित कदम उठाए। उनके इसी समर्पण और सेवा भावना के कारण जनता ने उन्हें एक बार फि र से चुनकर संसद में भेजा है। अंकुश दत्त शर्मा ने कहा, हमारा पूरा विश्वास है कि सांसद अनुराग सिंह ठाकुर हमीरपुर के विकास की नई गाथा इस कार्यकाल में लिखेंगे। शर्मा ने हमीरपुर की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत जनता के विश्वास और समर्थन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जनता के विश्वास पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करती रहेगी। शर्मा ने कहा कि हमीरपुर की जनता ने जो समर्थन और विश्वास जताया है, उसका सम्मान करते हुए हम और भी अधिक मेहनत और लगन से कार्य करेंगे।

# पांच मंत्रियों सहित राहुल गांधी भी नहीं बचा सके कांग्रेस की लाज

**एसपी जैरथ**

**नाहन: शिमला** पार्लियामेंट्री सीट पर कांग्रेस सरकार में 21 से अधिक ओहदेदार मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की लाज नहीं बचा पाए हैं। 91,451 मतों से विजय हुए सुरेश कश्यप एक बार फि र अपने विधानसभा क्षेत्र को छोडकर 16 विधानसभा क्षेत्र में लोकप्रिय साबित हुए हैं। हैरानी तो इस बात की है कि जिला सिरमौर से ताल्लुक रखने वाले सरकार के दिग्गज मंत्री हर्षवर्धन चौहान सहित विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार खुद अपने-अपने गृह क्षेत्र से विनोद सुल्तानपुरी को लीड दिलाने में नाकामयाब

**हार का सामना**

**सुरेश कश्यप एक बार फि र अपने विधानसभा क्षेत्र को छोडकर 16 विधानसभा क्षेत्र में लोकप्रिय साबित हुए**

साबित हुए हैं। 17 विधानसभा क्षेत्र से ताल्लुक रखने वाले सरकार में तीन मुख्य संसदीय सचिव 6 चेयरमैन और वाइस चेयरमैन 5 विभिन्न विभागों के बोर्ड के डायरेक्टर अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र से लीड दिलाने में निकम्मे साबित हुए हैं। हैरान कर देने वाला विषय तो यह भी है कि जहां भाजपा



ने सुरेश कश्यप की बिगड़ी हुई स्थिति के मध्य नजर डैमेज कंट्रोल के लिए मोदी की जनसभा नाहन में आयोजित की थी तो वहीं मोदी के काउंटर में कांग्रेस ने भी राहुल गांधी को नाहन में ही बुलाया था। ऐसे में मोदी तो डैमेज कंट्रोल कर गए मगर राहुल गांधी का जादू इस पार्लियामेंट्री सीट में नहीं चल पाया। इस हार की बड़ी वजह कांग्रेस की कमजोर रणनीति मानी जा रही है। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा से पहले हवा का पूरा रुख विनोद सुल्तानपुरी के पक्ष में था,

बावजूद इसके कांग्रेसी नेताओं की प्रचार में निष्क्रियता राहुल गांधी को भी कैश नहीं कर पाई। बड़ी बात तो यह थी कि कांग्रेस को जहां एंटी हाटी, गुर्जर मुस्लिम और कर्मचारी वोट बैंक को और अधिक मजबूत करना चाहिए था उसे रणनीति में रणनीतिकार फेल साबित हुए। बरहाल प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार को अब गहरा मंथन करते हुए 2027 के लिए पहले ही बड़े बदलाव लाने होंगे।

# शिमला पार्लियामेंट्री में रोहित ठाकुर ही रहे बेस्ट परफॉर्मर

**एसपी जैरथ**

**नाहन: शिमला** लोकसभा सीट पर भले ही भाजपा ने जीत हासिल कर ली होए मगर 2019 की तुलना में इसे अच्छी परफॉर्मेंस नहीं कहा जा सकता। सुरेश कश्यप ने 2019 के लोकसभा चुनाव में 327515 वोटों से जीत हासिल की थी। तो इस बार 90 हजार 548 वोटों से जीत हासिल की है। इस जीत में सबसे बड़ा सहयोग सोलन जिला का माना जा रहा है, जिसमें नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र से सुरेश कश्यप को 400283 तथा दूसरे नंबर पर अर्की विधानसभा क्षेत्र है जहां से 40026 वोट डले हैं।जिला का तीसरा स्थान दून विधानसभा ने लिया है, जहां से सुरेश कश्यप को 33521, जबकि विनोद सुल्तानपुरी को यहां से 20439 वोट मिले हैं। सोलन में भले ही विनोद सुल्तानपुरी को 27109 वोट मिले हैं, मगर यह वोट बैंक 2019 के चुनाव से आगे बड़ा है। सोलन से इस बार सुरेश कश्यप को 32125 वोट डले हैं। सोलन से उम्मीद पहले से कहीं अधिक थी क्योंकि माना जा रहा था कि यहां की कमान डॉ. राजीव बिंदल खुद संभाले हुए थे। डॉ. राजीव बिंदल इससे पहले भी ना तो सोलन नगर निगम और ना ही भाजपा प्रत्याशी को विधानसभा चुनाव में जीत दिलवा पाए थे।

वहीं इस लोकसभा चुनाव में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर अपने विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेसी प्रत्याशी को बढ़त दिलाने में कामयाब रहे हैं। जबकि अन्य चार मंत्री एक विधानसभा उपाध्यक्ष और यहां तक की राजनीतिक सलाहकार से लेकर कांग्रेसी विधायक भी अपने-अपने क्षेत्र से विनोद सुल्तानपुरी को लीड नहीं दिलवा पाए।

# कांग्रेस के बड़े चेहरे वाली सीटों पर भाजपा को बढ़त मिली, जनता का मूड स्पष्टः रणधीर

**जनता का मूड**

**जनता का रुख साफ भाजपा के प्रति दिखाई दिया है मुख्यमंत्री की लोकप्रियता कहीं नजर नहीं आई**



**चमन शर्मा**

**शिमलाः** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं नैना देवी से विधायक रणधीर शर्मा ने कहा की कांग्रेस के बड़े चेहरे वाली सीटों पर भाजपा को बढ़त मिली है। इन लोकसभा चुनावो में जनता का रुख साफ भाजपा के प्रति दिखाई दिया है मुख्यमंत्री की लोकप्रियता कहीं नजर नहीं आई। शर्मा ने कहा की हिमाचल कांग्रेस के बड़े चेहरे पार्टी को लीड दिलवाने में कामयाब नहीं हो पाए हैं। प्रदेश सरकार के तमाम मंत्रियों के विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशियों को लीड मिली है। इतना ही नहीं, कांग्रेस के स्टार प्रचारक जहां प्रचार जिन सीटों पर पहुंचे थे, वहां लीड भाजपा के खाते में गई है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के विधानसभा क्षेत्र नादौन में भी भाजपा को 2143 वोट की लीड मिली है यह साफ करता है जी जनता का क्या मूड है। नादौन में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के क्षेत्र में भाजपा को 2143 की लीड, विस अध्यक्ष कुलदीप पठानिया के भटियात में भाजपा को 13166 की लीड, स्वास्थ्य मंत्री मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल के सोलन में भाजपा को 5116 की लीड, उद्योग मंत्री हर्षबर्धन चौहान के शिलाई में भाजपा को 2317 की लीड, विक्रमादित्य सिंह के शिमला ग्रामीण में भाजपा को 6448 की लीड, मंत्री अनिरूद्ध सिंह के कुसुम्पटी में भाजपा को 5873 मतों की लीड, मंत्री यादविंद्र गोमा के जयसिंहपुर में 8833 भाजपा को लीड, मंत्री राजेश धमार्णी के घुमारवीं में 13573 की लीड विस उपाध्यक्ष विनय कुमार के श्री रेणुकाजी में भाजपा को 4485 मतों की लीड मिली है। भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के सराज में भाजपा को 14698, जबकि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राजीव बिंदल के नाहन विस क्षेत्र में भाजपा को 7939 मतों की बढ़त मिली है। स्टार प्रचारकों की सीटों पर बीजेपी को बढ़त हिमाचल में स्टार प्रचारक के तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और योगी आदित्यनाथ ने दौरा किया, जबकि कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे समेत अन्य नेताओं ने दौरा किया था। इनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नाहन और मंडी सदर में जनसभा की थी। इनमें से नाहन में भाजपा को 7939 और मंडी में 15 हजार 515 वोट की लीड मिली है। राहुल गांधी ने भी नाहन में जनसभा की थी, लेकिन इसका कांग्रेस पार्टी को कोई फायदा होता नजर नहीं आया। अमित शाह ने धर्मशाला और ऊना में जनसभा की थी। इनमें से धर्मशाला में लोकसभा चुनाव में 13251 और विधानसभा में 5526 मतों की लीड भाजपा को मिली है।

# भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत को कुल्लू जिला से मिली 3449 मतों की बढ़त

**मत**

**भाजपा की कंगना रनौत को 36529 मत प्राप्त हुए जबकि कांग्रेस के विक्रमादित्य सिंह को 29657 मत प्राप्त हुआ**



**श्याम कुल्वी**

**कुल्लूः लोकसभा** चुनाव 2024 की मंडी संसदीय क्षेत्र की मतगणना का कार्य सम्पन्न हो गए हैं। जिला कुल्लू से प्राप्त सूचना के अनुसार जिले की मनाली विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत को 28735 मत प्राप्त हुए जबकि कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह को 26782 मत प्राप्त हुए। कुल्लू विधानसभा क्षेत्र में कुल 87184 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। जिनमें से भाजपा की कंगना रनौत को 36529 मत प्राप्त हुए जबकि कांग्रेस के विक्रमादित्य सिंह को 29657 मत प्राप्त हुए। बंजार विधानसभा क्षेत्र में कुल 76399 में से कुल 56726 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया जिसमें से भाजपा की कंगना रनौत को 29491 मत प्राप्त हुए जबकि कांग्रेस के विक्रमादित्य सिंह को 26502 मत प्राप्त हुए। आनी विधानसभा में भाजपा की कंगना रनौत को 28042 मत प्राप्त हुए जबकि कांग्रेस के विक्रमादित्य सिंह को 36370 मत प्राप्त हुए। भाजपा प्रत्याशी कंगना रानौत को कुल्लू जिला से कुल 3449 मतों की बढ़त मिली।


## संक्षिप्त खबरें

### अग्निपथ योजना के तहत कांगड़ा और चंबा जिला के अभ्यार्थियों की दुसरे चरण की भर्ती 27 जून से 08 जुलाई, 2024 तक

**हामिद**

**चंबाः** सेना भर्ती कार्यालय, पालमपुर के भर्ती निदेशक कर्नल मनिष शर्मा ने बताया कि अग्रिपथ योजना भर्ती वर्ष 2024-25 के तहत कांगड़ा और चंबा जिला से प्रथम चरण मे अग्निवीर सामान्य ड्यूटी 6,246, अग्निवीर तकनीकी 151, अग्निवीर कार्यालय सहायक-स्टोर कीपर तकनीकी-129, अग्निवीर ट्रेड्समेन 10वीं पास-35 और अग्निवीर ट्रेड्समेन 8वीं पास-06 उम्मीदवारों का चयन दूसरे चरण के लिए हुआ हैं। अग्निवीर भर्ती दूसरे चरण की प्रक्रिया 28 जून से 08 जूलाई 2024 तक यूथ सर्विस हिमाचल प्रदेश स्पोर्ट्स सिंथेटिक ट्रैक धर्मशाला मे निर्धारित किया गया था। दूसरे चरण के लिए सभी चयनित उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि प्रशासनिक गतिविधि राज्य एथलेटिक्स प्रतियोगिता का कार्यक्रम निर्धारित होने के वजह से भर्ती तिथि पुनर्निर्धारित 27 जून, 2024 से 08 जुलाई, 2024 तक किया गया है। भर्ती निदेशक ने यह भी बताया कि उम्मीदार अपना प्रवेश पत्र ध्यान से पढ़ें और निर्धारित तिथि व स्थान पर समय पर पहुंचे। भर्ती स्थल यूथ सर्विस हिमाचल प्रदेश स्पोर्ट्स सिंथेटिक ट्रैक धर्मशाला मे कोई बदलाव नही किया गया हैं।

### केंद्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने पर ठाकुर गुलाब सिंह ने नरेंद्र मोदी को दी बधाई



**संगराय**

**जोगिंद्रनगर** : भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री ठाकुर गुलाब सिंह ने केंद्र में भाजपा की तीसरी बार सरकार व तीसरी बार मोदी देश का नेतृत्व करेंगे इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी है उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री की नितियों के कारण ही हिमाचल की चारों सीटों पर भाजपा की जीत हुई है जिसमें हमीरपुर से अनुराग ठाकुर मंडी से कंगना रनौत शिमला से कश्यप कांगड़ा से राजीव भारद्वाज को उनकी जीत पर बधाई दी है उन्होंने कहा कि कंगना रनौत को मंडी लोकसभा क्षेत्र से जोगिंदर नगर विधानसभा ने सबसे ज्यादा 18000 से अधिक मतों की बढ़त दी है जोकि मंडी लोकसभा क्षेत्र की 17 विधानसभा क्षेत्रो से सबसे ज्यादा है इसके लिए उन्होंने जोगिंदर नगर विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

### पर्यावरण दिवस पर शिमला के कनलोग में पौधरोपण कार्यक्रम का किया आयोजन

**चमन शर्मा**

**शिमला : आज** विश्व भर में पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है और कार्यक्रम कर लोगो को पर्यावरण को लेकर जागरूक किया जा रहा है। राजधानी शिमला में कनलोग वार्ड में नगर निगम द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस मौके पर नगर निगम के महापौर सुरेंद्र चौहान स्थानीय पार्षद आलोक पठानिया सहित वार्ड के लोगो ने अखरोड ओट सहित अन्य किस्म की प्रजातियों के पेड़ लगाए। नगर निगम के महापौर सुरेंद्र चौहान ने लोगों से पेड़ लगाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आज पर्यावरण दिवस है और इसको देखते हुए यहां पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए पेड़ों का होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पौधरोपण का महा अभियान शुरू किया जाएगा उसके तहत हर सभी वार्डों में पौधा रोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिमला में का तापमान हर साल बढ? लगा है ओर गर्मी का प्रभाव भी बढ़ रहा है ऐसे में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए ताकि गर्मी से राहत मिल सके।

वहीं स्थानीय पार्षद आलोक पठानिया ने कहा कि पिछली बरसात में कनलोग वार्ड में एक हजार पेड़ गिरे थे और अब दस हजार पेड़ लगाने का संकल्प लिया गया है। ताकि फि र से वार्ड हरा भरा हो सके। इस मौके पर स्थानीय महिलाओं ने भी लोगों से ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने का आग्रह किया उन्होंने कहा कि केवल पर्यावरण दिवस पर ही पेड़ नहीं लगाई जानी चाहिए बल्कि हर साल पौधारोपण किया जाना उनका कहना है कि पेड़ कम होने से अभी यहां पर भी गर्मी ज्यादा पढ? लगी है।

# द मैग्नेट पब्लिक स्कूल में मनाया गया पर्यावरण दिवस



**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुरः** द मैग्नेट पब्लिक स्कूल हमीरपुर में वुधवार को ओजोन ईको क्लब के तहत पर्यावरण दिवस पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। छठी से बारहवीं कक्षा के बच्चों ने स्लोगन, चित्रकारी प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता में बढ़चढकर भाग लिया। पहली से पाँचवी कक्षा के बच्चों ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अरूण कुमार चौहान ने कहा कि पौधे जीवन कर मूल आधार हैं इन्हें लगाकर देखभाल करना समय की सख्त जरूरत है।

# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बच्चों ने निकली पर्यावरण रैली



**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुरः** प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को मनाया जाता है। इस मौके पर जिला हमीरपुर के लगभग सभी सरकारी व निजी स्कूलों ने पर्यावरण से संबंधित कार्यक्रम करवाकर स्कूली बच्चों व नागरिकों को जागरूक किया। जिला स्तर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हमीरपुर, भुंपल व सिल्वर वैलस के बच्चों ने गांधी चौक से सब्जी मंडी तक जागरुकता रैली निकाली जिसे अशोक कुमार उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा विभाग हमीरपुर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भूंपल के बच्चों ने गांधी चौक में नुक्कड़ नाटक कर वनस्पति व जीवों को बचाने का संदेश भी दिया। जिला विज्ञान पर्यवेक्षक राजेश गौतम ने बताया कि इस वर्ष की पर्यावरण थीम का फोकस भूमि वहाली, मरुस्थलीकरण व सूखा रोकने पर केंद्रित है। साथ ही उन्होंने कहा इंसान जीवों को आजकल गर्मी के दिनों में जरूरी चीजें जैसे पानी व खाना जरूर उपलब्ध करवायें ताकि पर्यावरण दिवस का उद्देश्य संपूर्ण हो सके। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से डिप्टी डीईओ प्रदीप कुमार सहित उपरोक्त तीनों स्कूलों के इको कलव प्रभारी भी उपस्थित रहे।

# कालाअंब में 06 जून को बाधित रहेगी विद्युत

**एसपी जैरथ**

**नाहनः औद्योगिक** क्षेत्र कालाअंब में 6 जून को सुबह 9 बजे से सांय 6 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता वीरेंदर कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 33/11 केवी सबस्टेशन कालाअंब के आवश्यक रख-रखाव व 4 एमवीए के अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर को सक्रिय करने का कार्य किया जाना है। जिसके चलते कालाअंब नागल सुकेतीए खाराखारी, मोगीनंद, मैनथापल, सैनवाला के क्षेत्रों में 6 जून को सुबह 9 बजे से सायं 6 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता वीरेंदर कुमार ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

# अटल टनल रोहतांग के साउथ पोर्टल में लगा वाटर एटीएम, सर्दियों में देगा गर्म पानी



**नरेंद्र अंगारिया**

**केलांगः** पर्यावरण दिवस के उपलक्ष पर बीआरओ द्वारा अटल टनल रोहतांग के साउथ पोर्टल पर वाटर एटीएम के माध्यम से पर्यटकों को शुद्ध पानी की सुविधा शुरू की गई। अटल टनल के साउथ पोर्टल पर पीपल फ ॉर हिमालयन डेवलपमेंट और आइसर ग्रुप फाउंडेशन द्वारा स्थापित वॉटर एटीएम पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेगा और इससे बाजार के बिकने वाले पानी की खाली बोतलों से होने वाले पर्यावरण प्रदूषण से काफी हद तक निजात मिलेगी। वाटर एटीएम का संचालन और रखरखाव बीआरओ करेगा। पीपल फ ॉर हिमालयन डेवलपमेंट और आइसर ग्रुप फ ाउंडेशन द्वारा स्थापित वॉटर एटीएम के रखरखाव का प्रबंधन बीआरओ को सौंपा गया। इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि पहुंचे बीआरओ योजक परियोजना के चीफ इंजीनियर रविन्द्र कुमार शाह ने कहा कि पर्यावरण को बचाना हम सबका पहला कर्तव्य है और यह जो कार्य पीपल फॉर हिमालयन डेवलपमेंट और उनके सहयोगी आइसर ग्रुप फ ाउंडेशन द्वारा किया है बीआरओ सही से इसकी देखरेख करेगा और इसे सुचारू रखने में पूरा योगदान देगा। इस अवसर पर पीपल फॉर हिमालयन डेवलपमेंट की ओर से संदीप मिन्हास ने बताया कि अटल टनल के साउथ पोर्टल में जो यह वाटर एटीएम लगा है वह इस सडक से गुजरने वाले यात्रियों को निशुल्क पानी उपलब्ध करवाएगा और इसको इस तरह से स्थापित किया गया है कि अगर तापमान फ्रीजिंग प्वाइंट से भी नीचे जाने पर इसमें पानी जमेगा नहीं और तो और सर्दियों में यह वाटर एटीएम ज्यादा ठंडे पानी की जगह गर्म पानी यात्रियों को उपलब्ध करवाएगा।

इस अवसर पर बीआरओ की ओर से कर्नल विकास गुलिया और लेफ्टिनेंट कर्नल संदीप कुमार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित जनसमूह को पौधे भी वितरित किए गए।

# मुख्यमंत्री ने पूर्व मुख्य सचिव के निधन पर शोक व्यक्त किया

**चमन शर्मा**

**शिमलाः** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव कंवर शमशेर सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है। कंवर शमशेर सिंह का 80 वर्ष की आयु में आज शिमला में निधन हो गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कंवर शमशेर सिंह ने विभिन्न प्रशासनिक पदों पर रहते हुए राज्य की सेवा की और वह एक समर्पित अधिकारी थे। उनके द्वारा प्रदान की गई सेवाएं लंबे समय तक याद रखी जाएंगी। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने परमपिता परमात्मा से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवारजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

# पर्यावरण दिवस मनाने प्रेस क्लब पहुंचे राष्ट्रीय पर्यावरण विद किशन लाल



**हरियाली**

**पर्यावरण को बचाने में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने बताया कि किशन लाल को ग्रीन मेन का खिताब मिला हुआ है**

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू** : राष्ट्रीय पर्यावरण विद एवं प्रेस क्लब के ब्रेंड एंबेसडर ग्रीन मेन किशन लाल पर्यावरण दिवस मनाने प्रेस क्लब कुल्लू पहुंचे। उनके साथ प्रसिद्ध पर्यावरण विद एवं प्रेस क्लब की नन्हीं ब्रेंड एंबेसडर कल्पना ठाकुर भी यहां पहुंची। यहां पहुंच कर किशन लाल व कल्पना ने प्रेस क्लब के प्रधान धनेश गौतम को एक सुंदर पौधा भेंट करवाया और धरती को हराभरा रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रेस क्लब के प्रधान धनेश गौतम ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि किशन लाल व कल्पना ठाकुर का पर्यावरण को बचाने में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने बताया कि किशन लाल को ग्रीन मेन का खिताब मिला हुआ है और कल्पना ठाकुर वोह शख्स है जो बचपन से पेड़ों को अपना भाई मानकर रक्षा करती है और पेड़ों के साथ ही रक्षाबंधन मनाती है। पेड़ों को अपना भाई मानकर रक्षाबंधन के डिन भी उन्हें राखी पहनाती है। इसके अलावा प्रेस क्लब के बैनर तले इन दोनों पर्यावरण प्रेमियों ने कई सराहनीय कार्य किए हैं। सेना के साथ मिलकर कुल्लू से लेह तक विश्व के सबसे ऊंचे दर्रों की सफ ाई अभियान में हिमालय के मुकुट को ऑक्सीजन प्रदान करवाई है। इसके अलावा कई स्थानों पर समय-समय पर पौध रोपण किया। प्रेस क्लब के ही बेनर तले गुठलीदार पौधों को तैयार किया। इसके अलावा हर शिक्षण संस्थानों में जाकर पर्यावरण की अलख जगाई और पर्यावरण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने बाले छात्रों व अध्यापकों को प्रेस क्लब के प्रमाण पत्रों से सम्मानित भी किया। इसके अलावा प्रेस क्लब के इन दोनों पर्यावरण एंबेसडरों ने पर्यावरण के क्षेत्र में कई कार्यक्रम छेड़ रखें है। प्रेस क्लब के प्रधान धनेश गौतम ने कहा कि यह दोनों पर्यावरण विद समाज के लिए उदारहरण है हमें इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

# पीजी कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया

## विभिन्न संस्थानों के एनसीसी कैडेटों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया



**एसपी जैरथ**

**नाहन : एनसीसी ने** पीजी कॉलेज, नाहन में विश्व पर्यावरण दिवस को बड़े उत्साह के साथ मनाया। हमारी भूमि, हमारा भविष्य थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में पीजी कॉलेज, एसकेटी कॉलेज नाहन, एपीएस नाहन, जेएनवी नाहन और जीएसएसएस बॉयज नाहन तथा जीएसएसएस त्रिलोकपुर सहित विभिन्न संस्थानों के एनसीसी कैडेटों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रसिद्ध पर्यावरण अधिवक्ता डॉ. पंकज ने पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की अपरिहार्य भूमिका को रेखांकित करते हुए एक सम्मोहक भाषण दिया। उन्होंने कैडेटों से पर्यावरण संरक्षण पहलों में उनकी सक्रिय भागीदारी की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर बल देते हुए स्थिरता के अग्रदूत के रूप में उभरने का आह्वान किया। डॉ. पंकज के प्रवचन ने रोजमर्रा की जिंदगी में अपशिष्ट में कमी, जल संरक्षण और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के उपयोग जैसी स्थायी प्रथाओं को अपनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम को 1 एचपी आई कॉय एनसीसी नाहन के एनसीसी कैडेटों द्वारा आयोजित एक रैली द्वारा चिह्नित किया गया, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण पर सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाना था। रैली में 228 कैडेटों ने नाहन की सडकों पर मार्च किया, जो उत्साहपूर्वक बैनर लेकर और कार्यक्रम की थीम से जुड़े नारे लगाते हुए आगे बढ़े।

# अभिलाषी विश्वविद्यालय में रक्तदान शिविर आयोजित



**रक्तदान महादान**

**लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज नेरचौक से डॉ प्रियंका के नेतृत्व में आई टीम ने विशेष भूमिका निभाई**

**टीम एक्शन इंडिया/गोहर**

**गोहरः अभिलाषी** विश्वविद्यालय चैलचौक में अभिलाषी आयुर्वेदिक कॉलेज एवं विश्वविद्यालय के रेड रिबन क्लब द्वारा श्री लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज, नेरचौक के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में विवि के प्रोफेसरों, स्टाफ सदस्यों और छात्रों ने बढ़-चढकर भाग लिया और 70 यूनिट ब्लड एकत्र किया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रो. एच.एस. बनयाल द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा है कि मानवता के कल्याण के लिए रक्तदान करना सबसे बड़े पुण्य का कार्य है। एक यूनिट रक्तदान करने से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है तथा रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं होती। साथ में उन्होंने कहा कि मनुष्य को मानवता के कल्याण हेतु सामाजिक दायित्व का निवार्हन करते हुए रक्तदान अवश्य करना चाहिए ताकि आपदा में पड़े किसी व्यक्ति की जान बचाई जा सके। रक्तदान करने से स्वास्थ्य ठीक रहता है तथा इससे दिल की बीमारियों व स्ट्रोक के खतरे को कम किया जा सकता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है। नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित रहती है। जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। उन्होंने कहा कि कई बार जरूरतमंद व्यक्ति के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि तत्काल रक्त की आवश्यकता होती है। ऐसी स्थिति में रक्तदान के लिए लोगों को आगे आकर अपनी सामाजिक एवं नैतिक जिम्मेदारी निभानी चाहिए। रक्तदान के दौरान अभिलाषी आयुर्वेदिक कॉलेज व अस्पताल के डॉक्टर्सऔर श्री लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेजए नेरचौक से डॉ प्रियंका के नेतृत्व में आई टीम ने विशेष भूमिका निभाई। इस रक्तदान शिविर में विवि के 70 विद्यार्थिओं और स्टाफ के सदस्यों ने रक्तदान किया।

# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्वच्छता अभियान आयोजित



**मनीष**

**सोलनः** नगर निगम सोलन, विधि महाविद्यालय चम्बाघाट तथा शिवालिक बाईमेटल के संयुक्त तत्वाधान में आज एचपीएमसी सोलन के आस-पास व शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान की अध्यक्षता संयुक्त रूप से नगर निगम सोलन की आयुक्त एकता कापटा तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोलन की सचिव आकांक्षा डोगरा ने की। उन्होंने कहा कि यह दिवस उत्सव हमें पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन में व्यक्तियोंए उद्यमों और समुदायों द्वारा जागरूकता एवं उत्तरदायी आचरण के लिए आधार को और व्यापक बनाने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि प्रकृति एक अनमोल कृति हैंए इसके बिना जीवन की कल्पना करना सम्भव नहीं है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि पर्यावरण के संरक्षण के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें। इस अवसर पर नगर निगम सोलन, विधि महाविद्यालय चम्बाघाट तथा शिवालिक बाईमेटल के कर्मचारियों द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया गया और सभी को पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया।

# एसजेवीएन द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन

**चमन शर्मा**

**शिमला:** एसजेवीएन द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कॉर्पोरेट मुख्यालय शिमला में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आज हुए कार्यक्रम में मानव संसाधन विभाग के कार्यपालक निदेशक चंद्र शेखर यादव मुख्यातिथि रहे। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि भारतीय वैदिक परपंराओं में पर्यावरण के महत्व को प्राचीन समय से ही स्वीकारा गया है और हमारी परंपराएं पर्यावरण सरंक्षण पर जोर देती रही है उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वज पर्यावरण संतुलन के प्रति सजग थे और धर्म ग्रंथों में भी पृथ्वी और पेड़ को सदैव पूजनीय माना गया है।



इस अवसर पर मुख्यातिथि चंद्र शेखर यादव ने सभी को पर्यावरण जागरूकता की शपथ भी दिलाई। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस 2024 की थीम भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने की क्षमता पर केन्द्रित है।

**शपथ दिलाई**

**▶▶भारतीय वैदिक परपंराओं में पर्यावरण के महत्व को प्राचीन समय से ही स्वीकारा गया है**

इस कड़ी में एसजेवीएन ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टूटीकंडी और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अन्नाडेल में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया, जिसमें कक्षा 6वीं से 8वीं और 9वीं से 10वीं के लिए दो श्रेणियों में चित्रकला प्रतियोगिता, कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता शामिल थी। इन प्रतियोगिताओं में दोनों स्कूलों के लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिताओं के सफ ल प्रतिभागियों को आज मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत भी किया गया, इसके साथ ही एसजेवीएन द्वारा कर्मचारियों के लिए भी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें पिछले विश्व पर्यावरण दिवस पर शुरू हुई पौधा पालन पोषण प्रतियोगिता के सफ ल प्रतिभागियों और जल सरंक्षण विषय पर फोटोग्राफी प्रतियोगिता के सफ ल प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया।

# एसीसी कॉलोनी के आस-पास महिला क्लब ने पौधरोपण कर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

**पर्यावरण संदेश**

**▶▶ रोजाना प्रदेश के हर कोने से आग लगने के मामले सामने आ रहे हैं, जो आने वाले दिनों के लिए शुभ संकेत नहीं है।**



**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** असीसी अडानी सीमेंट ग्रुप बरमाणा की महिला क्लब ने एसीसी कॉलोनी के आस-पास पौधरोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। इस दौरान एसीसी अडानी सीमेंट ग्रुप बरमाणा के चीफ प्लांट मैनेजर संदीप कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने महिलाओं के पर्यावरण संरक्षण संकल्प के प्रयास की सराहना की। उन्होंने महिला क्लब के द्वारा आयोजित माई एनवीरमेंट माय रेस्पोंसिबिलिटी थीम के तहत कार्यक्रम में शिरकत करते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। इस मौके पर महिला क्लब की जनरल सेक्रेटरी स्वाति मोदी ने कहा कि यह प्रक्रिया लगातार चलती रहनी चाहिए। उन्होंने कहा यह दिवस आज ही नहीं बल्कि हर दिन पर्यावरण दिवस होना चाहिए। महिला क्लब की सदस्यों में सुनीता शर्मा, ज्योति शर्मा, मीनाक्षी भारद्वाज, जसवीर कौर, रूपेन्दर कौर, पूनम ठाकुर, परमजोत कौर, बबली शर्मा, मोनास वालिया, सरिता जैन आदि सभी ने पांच पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प भी लिया और सभी से इस मुहिम को तेज करने की अपील की। वहीं स्कूल मैनेजमेंट कमेटी की अध्यक्षा ज्योति शर्मा ने आस-पास के क्षेत्रों के जंगलों में आग लगने की घटनाएं पर चिंता व्यक्त की। कहा रोजाना प्रदेश के हर कोने से आग लगने के मामले सामने आ रहे हैं, जो आने वाले दिनों के लिए शुभ संकेत नहीं है।

## शहर के वार्ड छह में दंपति के साथ मारपीट

**राजन पुरी**

**ऊना:** शहर के वार्ड नंबर छह में दंपति का रास्ता रोककर मारपीट करने का मामला सामने आया है। मारपीट में घायल महिला का क्षेत्रीय अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर एक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में अरूनीष पुरी निवासी वार्ड नंबर छह ऊना ने बताया कि मंगलवार शाम को पत्नी सीमा पुरी के साथ अपनी दुकान के बाहर खड़ा था। इतने देर में विकास पुरी आया और हमारा रास्ता रोककर गाली गलोच, बहसबाजी करने लगा। इतना ही नहीं मारपीट भी की। इतना ही नहीं विकास ने देखते-देखते बैट से पत्नी के सिर पर वार कर दिया। मारपीट में घायल पत्नी को को स्थानीय लोगों की मदद से क्षेत्रीय अस्पताल में भर्ती करवाया है।

# यूरोकिड्स प्ले स्कूल में पर्यावरण-दिवस मनाया

**मनीष**

**गत** दिवस को यूरोकिड्स प्ले स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण विश्व में मनाया जाने वाला पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में यूरोकिड्स में आज यह आयोजन किया गया। इस आयोजन के तहत स्कूल में एक गोष्ठीको आयोजन हुआ। जिसमें स्कूल की प्रिंसिपल मिसेज सीमा बहल ने जानकारी दी कि किस तरह हरे पौधे व वृक्ष हमारे जीवन के लिये उपयोगी है व पृथ्वी के पर्यावरण को सुरक्षित रखते है। बच्चों को पौधे लगाने के लिये प्रेरित किया गया व बच्चों से पौधा रोपण भी करवाया गया, पौधा रोपण कार्यक्रम स्कूल के डायरेक्टर मि. शोभित बहल की देखरेख में हुआ,



इस आयोजन के तहत आज स्कूल में ग्रीन-डे भी मनाया गया। सभी बच्चो को ग्रीन कलर की जानकारी दी व सभी ग्रीन रंग की पोशाकों में आये। इस कार्यक्रम में परिणिती, नायरा, आर्यतीर, गौरांश, अदिति, साक्षी, अर्शिया युवान, अरिहान, आदिवक, अदवित, वानी, शिवोम, देवांशी वैदेही, सरिन जैनिस, गाम्या श्पर्विल, प्रयान, अद्वेता, समयक समदर्श आदि सभी बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया

# वन विभाग ने लकड़ी लेकर पंजाब जा रहे 12 वाहन किए जब्त

**राजन पुरी**

**ऊना:** प्रदेश में चुनावों का दौर समाप्त हो गया है, लेकिन प्रदेश से पडोसी राज्य पंजाब को लकड़ी की अवैध तस्करी का खेल समाप्त नहीं हो पाया है। वन विभाग ने एक बार फिर वन संपदा से भरे वाहन पकड ? में सफलता हासिल की है। वन विभाग ने अलग-अलग स्थानों पर नाका लगाया गया था। जिसमें अलोह गांव में नाका टीम का नेतृत्व वन परिक्षेत्र अधिकारी भरवाईं किशोरी लाल तथा गगरेट के नजदीक नाका टीम का नेतृत्व वन मंडल अधिकारी ऊना सुशील राणा स्वयं कर रहे थे। वन विभाग को इन नाकों में बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। वन विभाग द्वारा अलोह से होशियारपुर की तरफ जा रहे 7 वाहनों को तथा गगरेट में नाका के दौरान होशियारपुर की तरफ



जा रहे 5 वाहनों को जांच के लिए रोका गया। इस दौरान वाहनों में लदी वन संपदा के निर्यात संबंधी दस्तावेजों की मांग की गई। निर्यात संबंधी कोई भी दस्तावेज न दिखाने पर विभाग द्वारा कड़ा संज्ञान लेते हुए सभी 12 वाहनों को जब्त कर कब्जा में लिया गया। विभाग द्वारा मामले की छानबीन की जा रही है तथा जब्त वाहनों को वन थाना परिसर टटेहड़ा में पहुंचा दिया गया है। वन मंडल अधिकारी ऊना सुशील राणा द्वारा मामले की जांच के आदेश दिए गए है।

## संक्षिप्त खबरें

### पर्यावरण के संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देते हुए सावधानीपूर्वक पौधें लगाएं

**खेमचंद शास्त्री**



**मंडी:** प्रकृति माँ को हार्दिक पुष्पांजलि देते हुए महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला की प्राचार्या बंदना वैद्य व अन्य प्राध्यापक वर्ग के साथ महाविद्यालय के एनसीसी इकाई, एनएसएस इकाई एवं वनस्पति विज्ञान विभाग ने पर्यावरण संरक्षण करने के लिए 5 जून, विश्व पर्यावरण दिवस 2024 मनाया गया। जिसका विषय भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने की क्षमता और नारा हमारी भूमि, हमारा भविष्य रहा। एनसीसी कैडेटों के नेतृत्व में, छात्र वृक्षारोपण गतिविधियों में लगे , जो हरित भविष्य के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। महाविद्यालय परिसर की हरी-भरी हरियाली के बीच, सभी इकाईयों ने सराहनीय नेतृत्व का प्रदर्शन किया और पर्यावरण के संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देते हुए सावधानीपूर्वक पौधे लगाए। उनके प्रयास सिर्फ पेड़ लगाने के तक ही नहीं थे बल्कि जागरूकता और स्थिरता के बीज बोने के बारे में भी थे।

### बिलना में व्यक्ति का रास्ता रोककर मारपीट, 41 हजार नगदी छीनकर हुए फरार

**राजन पुरी**

**ऊना:** पुलिस थाना हरोली के तहत बिलना में एक व्यक्ति का रास्ता रोककर अज्ञात बाइक सवार तीन युवकों ने मारपीट की। इतना ही नहीं व्यक्ति के पास से 41 हजार रुपये कैश, मोबाइल फोन व बैंक की चेकबुक भी लेकर फरार हो गए। मारपीट में घायल व्यक्ति का हरोली अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस ने घायल व्यक्ति की शिकायत पर अज्ञात तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में तारा चंद निवासी कुठारबीत ने बताया कि मंगलवार रात्रि को रोजाना की तरह पूबोवाल में अपना क्लीनिक बंद कर स्कूटर पर घर जा रहा था। बिलना पहुंचने पर एक बाइक ने ओवरटेक करते हुए आगे लगा दिया। बाइक पर सवार तीन युवक उतरे और हाथ में लिए डंडे से मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान तारा चंद नीचे गिर गया। तारा चंद का कहना है कि अज्ञात युवकों ने मेरा मोबाइल फोन, 41 हजार रुपये कैश, बैंक की चेकबुक सहित दवाईयां भी अपने साथ लेकर फरार हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से तारा चंद को हरोली अस्तपाल में भर्ती करवाया गया। डीएसपी हरोली मोहन रावत ने बताया कि पुलिस ने तारा चंद की शिकायत पर अज्ञात तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### अनुराग ने बड़े मार्जिन से जीत दर्ज कर चारों खाने किए चित: कमल सैणी

**राजन पुरी**



**ऊना:** **युवा** मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता कमल सैनी ने बुधवार को जारी ब्यान में कहा कि भाजपा के अनुराग सिंह ठाकुर ने 1 लाख 82 हजार वोटो के बहुत बड़े मार्जिन से कांग्रेस प्रत्याशी को चारों खाने चित कर एक बार फिर हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से प्रचंड जीत हासिल की है। इतना ही नहीं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की जनता ने अनुराग सिंह ठाकुर को अपनी पलकों पर बिठाकर फिर से पांचवीं बार लोकसभा भेजा है। उन्होंने कहा की ऊना, बिलासपुर व हमीरपुर की जनता ने बता दिया कि अनुराग ठाकुर की टककर में कोई भी नेता नहीं टिक सकता है। कमल सैनी ने कहा कि अनुराग ठाकुर की ऐतिहासिक जीत आम कार्यकर्ता की जीत है, हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की जनता की जीत है और युबाओ की जीत है। सैनी ने कहा कि अनुराग सिंह ठाकुर ने हर वर्ग के साथ-साथ महिलाओं के उत्थान के लिए भी उन्होंने अपने खर्चे से बहुत सारी योजनाएं धरातल पर चलाई हुई है।

उन्होंने हर पंचायत में महिलाओं के लिए ब्यूटी एंड वैलनेस के कोर्स करवाए, मशरूम उत्पादन की ट्रेनिंग दिलवाई, ऑटोमेटिक सेनेटरी पैड प्रोडक्शन मशीने लगवाई, हाथ से निर्मित हथकरघा जैसी कई योजनाएं चलाई, ताकि महिलाएं आत्मनिर्भर बन सके। उन्होंने कहा कि अनुराग सिंह ठाकुर की नीतियों को देखकर जनता ने वोट किया।

# जनता की सेवा के लिए आया हूं, जनता के बीच ही रहूंगा



**राजन पुरी**

**ऊना:** **हमीरपुर** लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे सतपाल रायजादा ने बुधवार को पार्टी कार्यालय में पार्टी कार्यकताओं संग बैठक की। बैठक के दौरान जहां लोकसभा चुनाव को लेकर फीडबैक हासिल किया, वहीं दूसरी तरफ आगामी रणनीति भी तैयार की है। सतपाल रायजादा ने कहा है कि घर बैठने वालों में से मैं नहीं हूं, जनता की सेवा के लिए आया हूं और जनता के बीच ही रहूंगा। वह जनता की सेवा के लिए पूरी तरह से समर्पित है और जनता किसी भी समय उनसे मिल सकती है। उन्होंने कहा कि ऊना विधानसभा क्षेत्र उनका गृहक्षेत्र है और इसके विकास के लिए वह कृतसंकल्प हैं। पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकत्ताओं और पंचायतों के प्रतिनिधियों को कहा गया है कि उनके क्षेत्र में विकास की जो भी संभावनाएं हैं उनकी फेहरिस्त वह पहुंचाएं, ताकि जल्द विकास कार्य शुरू करवाया जाए। रायजादा ने अनुराग ठाकुर को 5वीं बार सांसद बनने पर बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने धर्म के आधार पर वोट मांगे हैं और राम मंदिर के मुद्दे को जनता के बीच जमकर भुनाया है। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन स्कीम के चलते विधानसभा उपचुनाव में तो कांग्रेस को वोट मिले हैं, लेकिन उसकी अपेक्षा लोकसभा चुनावों में यह मत कम मिले हैं। उन्होंने कहा कि राजनीति में विकास के आधार पर लड़ाई होनी चाहिए और इसी आधार पर चुनाव भी होने चाहिए जबकि धर्म राजनीति का आधार नहीं होना चाहिए। रायजादा ने कहा कि भाजपा ने हमेशा धर्म और भगवान के नाम पर राजनीति की है और इसी का खामियाजा भाजपा को उत्तर प्रदेश में भुगतना पड़ा है और देश भर में उनकी सीटों का आंकड़ा कम हुआ है। जनता ने भाजपा को काफी नकारा है और इंडिया गंठबंधन को अच्छी खासी सीटें दी हैं जिससे यह साफ होता है कि भाजपा से देश की जनता भी अब खुश नहीं है।

**फीडबैक**

**▶▶ कार्यकर्ताओं संग बैठक की। बैठक के दौरान जहां लोकसभा चुनाव को लेकर फीडबैक हासिल किया**

## चुनाव परिणाम आने के 30 दिनों के अंदर देना होगा चुनाव में हुए खर्च का लेखा-जोखा

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**लोकसभा** चुनाव 2024 लडने वाले प्रत्येक प्रत्याशी को चुनाव परिणाम आने के 30 दिनों के अंदर चुनाव में हुए खर्च का लेखा जोखा देना अनिवार्य होगा। ऐसा नहीं करने वाले प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव आयोग एक्शन भी लेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी शिमला अनुपम कश्यप ने बताया कि शिमला संसदीय क्षेत्र से लोकसभा चुनाव का परिणाम घोषित होने के 30 दिन के अंदर सभी प्रत्याशियों को जिला निर्वाचन अधिकारी के पास अपने चुनाव खर्च के संबंध में लेखा जोखा की सही प्रतिलिपि दाखिल करनी होगी। उन्होंने कहा कि बिना किसी ठोस कारण के निर्धारित समय सीमा के अंदर चुनाव खर्च का लेखा-जोखा दाखिल नहीं करने वाले प्रत्याशी को निर्वाचन आयोग द्वारा अयोग्य घोषित किया जा सकता है।

# आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चंबा में समर कैंप का आयोजन

**हामिद**

**चंबा:** आदर्श कन्या विद्यालय चंबा में नर्सिंग इको क्लब के समर कैंप का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता स्कूल के प्रधानाचार्य है विकास महाजन ने की । प्रभारी राखी बाली की देखरेख में 7 दिनों तक विभिन्न गतिविधियां करवाई गई यह कैंप 24 मई से शुरू हुआ। इसका थीम इको क्लब फ ॉर एनवायरमेंट था। इसका मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक पर्यावरण के दुरुपयोग या हानी को रोकना है। छात्राओं को अलग-अलग समूह में विभाजित किया गया था। पहले दिन स्वस्थ जीवन



शैली विषय पर कार्यक्रम किया गया जिसमें कशिश ने अपने साथियों के साथ मिलकर स्वस्थ जीवन जीने के लिए व्यायाम सही भोजन का सेवन पर अपने विचार रखें, दूसरे दिन टिकाऊ खाद्य प्रणाली अपनाएं पर आईफ ा ने स्कूल प्रांगण में पौधारोपण किया। इसके साथ ही तीसरे दिन रिड्यूस ई-वेस्ट पर आधारित कार्यक्रम किया गया अगले दिन तनिष्का महाजन ने नाट्य रूपांतरण के जरिए ऊर्जा बचाने का संदेश दिया छठे दिन रिया ने पानी कैसे बचाएं और जल ही जीवन पर आधारित अपने विचार रखें तथा ड्रिप इरीगेशन का मॉडल बनाया। आखिरी दिन ऐश्वर्या ने सिंगल उसे प्लास्टिक का उपयोग न करने का संदेश दिया।

# चाइल्डलाइन की टीम ने किया दुकानों का औचक निरीक्षण

**हामिद**

**चंबा:** बुधवार को संयुक्त टीम के द्वारा ष्पैन इंडिया रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन कैंपेन ऑफ चाइल्ड एंड एडोलसेंट के अंतर्गत तीसा में दुकानों, ढाबों, होटलों इत्यादि का औचक निरीक्षण किया गया एवं लोगों को बालश्रम की बुराई के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान टीम द्वारा राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तीसा में भी बच्चों के साथ संवाद किया गया व बाल-मजदूरी बाल-विवाह एवं बाल-शोषण के संबंध में बच्चों को जागरूक किया गया। इस दौरान टीम में एसडीएम तीसा शशि पाल शर्मा, बाल कल्याण समिति सदस्या निशा बहल, बाल विकास परियोजना अधिकारी तीसा भाग चंद, जिला बाल संरक्षण



इकाई से विधि एवं परिवीक्षा अधिकारी माला शर्मा, जिला बाल संरक्षण इकाई से परामर्शदाता स्नेह शर्मा व सामाजिक कार्यकर्ता बबीता जरयाल, चाइल्ड हेल्पलाइन चंबा से परामर्शदाता नीता देवी, चाइल्ड हेल्पलाइन सुपरवाइजर रीता कुमारी, चाइल्ड हेल्पलाइन केस वर्कर चैन सिंह, प्रेरणा दी इंस्पिरेशन संस्था से तुलसी राम सहित पुलिस विभाग से एएसआई ओम प्रकाश व लेडी हैड कांस्टेबल किशनी कुमारी उपस्थित रहे! इस दौरान दुकानदारों व ढाबा संचालकों को बताया गया कि वह छोटे बच्चों को दुकान तथा घर में काम पर न रखें! इसके साथ-साथ लोगों को यह भी बताया गया की बालश्रम से जुड़ी किसी भी सूचना को जिला बाल संरक्षण इकाई चंबाए चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1098 व पुलिस की आपातकालीन सेवा 100,112 नंबर पर दिया जा सकता है! बाल श्रम से जुड़ी किसी भी सूचना के संबंध में सूचना देने वाले का नाम व पता गुप्त रखा जाता है! यदि कोई माता-पिता अपने बच्चों को किसी के घर, दुकान, ढाबों, फैक्ट्रियों अथवा अन्य जगह पर बाल श्रम में धकेलते हैं या कोई नियोक्ता छोटे बच्चों को काम पर रखता है तो ऐसी स्थिति में माता-पिता व नियोक्ता दोनों के विरुद्ध कड़ी सजा एवं जुमार्ने का प्रावधान है।

# कैप्टन रणजीत सिंह ने की विधानसभा अध्यक्ष से शिष्टाचार भेंट

**चमन शर्मा**

**शिमला:** **गत** दिवस को अपराह्न 4 बजे सुजानपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से नव निर्वाचित विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने हिप्र विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से उनके कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार भेंट की। गौरतलब है कि कैप्टन रणजीत सिंह सुजानपुर निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर 2440 मतों से विजयी हुए है उन्होने यहां से भाजपा प्रत्याशी राजिन्दर राणा को पराजित किया है। भेंट के दौरान भोंरज के विधायक सुरेश कुमार भी मौजूद थे। इस अवसर पर कुलदीप सिंह पठानिया ने नव निर्वाचित विधायक को बधाई दी तथा उन्हें अपने निर्वाचित क्षेत्र में जन हित से जुड़े कार्यो को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया तथा जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करने का परामर्श दिया।



## करियर होप सेंटर के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर नीट में मचाया धमाल

**राजन पुरी**

**ऊना:** ऊना-नंगल रोड़ पर स्थित करियर होप सेंटर ऊना के छात्रों ने नीट परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। बुधवार को बेहतर प्रदर्शन के चलते जहां टॉपर बच्चों को सम्मानित किया गया। वहीं बच्चों ने संस्थान में खूब जश्न मनाया। संस्थान के सूजल धीमान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 720 में से 647 अंक प्राप्त किए हैं।



संस्थान के एमडी विकम धीमान ने बताया कि जेएनवी के सूजल धीमान के अलावा केशव नंद ने 628 अंक हासिल किए। वहीं नंगल के विवेक ने 580, इंदौरा के गितिन सिंह ने 560, अंब की इशिता ने 544, इंदौरान रिया ने 555, गगरेट की अरशिया ने 542, बंगाणा की कनिका ने 540 और नंगल की निधी ने 518 अंक प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया। विक्रम धीमान ने बताया कि संस्थान के 22 बच्चों ने नीट की परीक्षा दी थी। परीक्षा को सभी बच्चों ने क्लीयर किया है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नीट में परीक्षा में बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। इसके लिए बच्चों के साथ-साथ स्टॉफ सदस्य भी बधाई के पात्र है।

# 14 जून से शुरू होने वाले सरनाहुली मेला आयोजन की तैयारियां शुरू

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** पवित्र स्थल पराशर में चौदह जून से आयोजित होने वाले तीन दिवसीय जिला स्तरीय सरनाहुली मेले के सफ ल आयोजन को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। एसडीएम मंडी ओम कांत ठाकुर की अध्यक्षता में बुधवार को अधिकारियों के साथ डीआरडीए हॉल में बैठक का आयोजित की गई। ओम कांत ठाकुर ने बताया कि 14 से 16 जून तक आयोजित होने धार्मिक आस्था के प्रतीक सरनाहुली मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समुचित प्रबंध किए जाएंगे। मेले के दौरान पेयजल, विद्युत आपूर्ति, शौचालयों आदि की समुचित व्यवस्था के साथ-साथ सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान



रखा जाएगा। एसडीएम ने बैठक में यातायात और पार्किंग की सुविधा में सुधार करने के लिए एचआरटीसी को बागी से पराशर झील तक विशेष बस या राईड विद प्राईड गाड़ी चलाने की संभावनाओं को तलाशने को कहा ताकि निजी गाड़ीयों में आने वाले श्रद्धालुओं बागी में रोक कर उन्हें बस या राईड विद प्राईड गाड़ी में झील तक पहुंचाया जा सके। इससे यातायात व्यवस्था को सुधारने में मदद मिल सकेगी। इस दौरान कमेटी ने निर्णय लिया कि मेले में लगने वाली दुकानों की जगह की निलामी में कोई बढ़ौतरी नहीं होगी। दुकानों की नीलामी पिछले साल की दर पर ही होगी। मेले में स्थानीय महिला मंडलों और युवक मंडलों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिला भाषा विभाग द्वारा मेले में कार्यक्रम देने के लिए बेहतरीन सांस्कृतिक दल भेजा जाएगा। मेले में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भी आयोजन होगा।

## न्यूज फ्लैश

### उम्मीदवारों को चुनाव परिणाम उपरांत एक माह के भीतर जमा करना होगा चुनावी खर्च का ब्यौरा

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत चुनाव लडने वाले उम्मीदवारों को चुनाव परिणाम घोषित के एक माह के अंदर-अंदर अपने चुनावी खर्च का ब्यौरा जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को जमा करना होगा। भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार तय समय अवधि में चुनावी खर्च का ब्यौरा न देने वाले उम्मीदवारों को भविष्य में चुनाव लड? के लिए अयोग्य घोषित किया जा सकता है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि इस बार लोकसभा आम चुनाव के लिए चुनाव खर्च की अधिकतम सीमा 95 लाख रुपए प्रति उम्मीदवार तय की गई थी। उन्होंने बताया कि नियमानुसार उम्मीदवार द्वारा नामांकन पत्र भरने के साथ ही चुनावी खर्च की गणना शुरू हो जाती है। इसके लिए उम्मीदवार को अलग से एक डायरी में अपने रोजाना के चुनावी खर्च का हिसाब रखना होता है और अलग से बैंक खाता भी खुलवाना होता है। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक खर्च की गणना चलती है। इस दौरान कोई भी उम्मीदवार तय सीमा से ज्यादा पैसा नहीं खर्च कर सकता। उन्होंने बताया कि लोकसभा आम चुनाव के परिणाम 4 जून को घोषित हो चुके हैं, एक माह के अंदर-अंदर उम्मीदवारों को अपने चुनाव खर्च का ब्योरा देना अनिवार्य है।

### गुरु शिष्य परंपरा प्रशिक्षण योजना के तहत आवेदन आमंत्रित

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। गुरु शिष्य परंपरा प्रशिक्षण योजना के तहत कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा द्वारा लुप्त होती विधाओं जैसे लोक गायन, लोकगाथा, लोक चित्रकला, लोक नाट्य, दुर्लभ वाद्य यंत्रों, लोक नृत्य विधा का प्रशिक्षण देने वाले गुरुओं व उनके शिष्यों के नाम, पता व दूरभाष नंबर सहित विवरण की सूची मांगी गई है। इस योजना के तहत आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 जून 2024 है। जिला सूचना एवं जन संपर्क अधिकारी डॉ.नरेंद्र सिंह ने बताया कि इस योजना के तहत चयनित गुरु व शिष्यों को उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज द्वारा गुरु को 7500 रुपए प्रतिमाह, प्रति संगीतकार को 3750 रुपए प्रतिमाह एवं प्रत्येक शिष्य को 1500 रुपए प्रतिमाह एक वर्ष तक मानदेय प्रदान किया जाएगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए लघु सचिवालय की द्वितीय तल पर स्थित कक्ष संख्या 19, जिला सूचना एवं जन संपर्क अधिकारी के कार्यालय में संपर्क स्थापित किया जा सकता है।

### सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों के निपटान के लिए आयोजित की जाएगी विशेष लोक अदालत

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम डॉ. सविता कुमारी ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय भारत द्वारा 29 जुलाई से 3 अगस्त तक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में संबंधित सदस्य सचिव राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंजाब, हरियाणा एवं यूटी, चंडीगढ़ तथा सचिव उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय चंडीगढ़ को अपने-अपने प्राधिकरण/समिति का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सीजेएम डॉ. सविता कुमारी ने कहा कि जिनके मामले सर्वोच्च न्यायालय भारत में लंबित हैं, वे अपने मामलों को विशेष लोक अदालत से समाधान करवाना चाहते है, वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# पराशक्तियों की कृपा से अलौकिक सफलता मिलती है : महासाध्वी प्रमिला

## सूर्योदय से भक्तों का कतारबद्ध आगमन शुरू हुआ, जो देर सांझ तक अनवरत रूप से चलता रहा

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



करनाल। महाप्रभावी श्री घंटाकर्ण देवस्थान पर विशेष कृपा दिवस कृष्ण चौदस के उपलक्ष्य में मासिक श्रद्धालु संगम का आयोजन श्रद्धा-भक्ति, आस्था तथा समर्पण के मंगलमय वातावरण में संपूर्ण हुआ। सूर्योदय से भक्तों का कतारबद्ध आगमन शुरू हुआ, जो देर सांझ तक अनवरत रूप से चलता रहा। सर्वप्रथम श्री घंटाकर्ण बीजमंत्र के सामूहिक जाप से दैवी शक्ति का आह्वान करते हुए लोकमंगल की कामना की गई। साध्वी जागृति, जयपाल सिंह, पवन जैन, अनिता जैन, पुष्पा गोयल, कर्मवीर चौहान आदि ने सुमधुर भजनों से समां बांधा और श्री घंटाकर्ण देव का आह्वान करते हुए उनकी मंगलमय कृपा की याचना की। न देर है न अंधेर है यह तो कर्मों का फेर है, इस देव को शत-शत वंदन है चरणों में अर्चन है, मैं दास चरण नित ध्याऊं मुक्ति को दिलाओ प्रभुवर भवसागर मैं तर जाऊं, ओ घंटाकर्ण महावीर मेरी नैया पार लगा दो तेरे दर पे जो भी आवे वह मन की मुरादें पावे आए हम भी तेरे द्वारे, ऐसी कृपा करो दादा हर जन्म मैं रहूं साथ तेरे चाहे जो भी जन्म मुझको देना मौका सेवा का मुझको ही देना, ए दादा तेरे भक्त हम नित कीजिए हम पर करम लाज रखना मेरी सुन लो विनती मेरी दीजे चरणों में हमको शरण आदि भजनों ने सभी को भक्ति में झूमने को मजबूर किया। महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारतीय संस्कृति में भक्ति आत्मा को परमात्मा तक पहुंचाने का माध्यम है। भक्तिपूर्ण समर्पण से असंभव को भी संभव किया जा सकता है और पराशक्तियों की दैवी कृपा से अलौकिक सफलता पाई जा सकती है। श्री घंटाकर्ण जी महाप्रभावी, भक्तवत्सल देवता हैं, जिनकी कृपा व्यक्ति को निहाल तथा मालामाल कर देती है। इनमें भक्तों के संकटों को टालकर भक्त के जीवन को निर्विघ्न मनाने की अप्रतिम क्षमता है। परालौकिक शक्तियां भक्ति से प्रसन्न होकर कंगाल को मालामाल, साधनहीन को साधनसंपन्न तथा दर-दर ठोकरें खाने वाले को भी शाही ठाठ-बाट से युक्त बना देती हैं। परंपराओं के सर्वमान्य परोपकारी, जनहितैषी ऐसे देवता हैं, जिनके अनुकूल होने पर सारी तकलीफें काफूर हो जाती हैं और जीवन-पथ गुलाब की की तरह सुकोमल तथा सुगमता से चलने योग्य बन जाता है। अंधेर पक्ष की चतुर्दशी श्री घंटाकर्ण देव को प्रसन्न कर उनका आशीर्वाद पाकर अपने को सुख संपन्न बनाने का विशेष अवसर है।

## पर्यावरण सुरक्षित रहने पर ही जीवन सुरक्षित रहेगा



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रधान उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में आज विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया।
जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव कुलबीर मलिक के नेतृत्व में आज रेडक्रॉस भवन में विश्व पर्यावरण के अवसर पर फलदार व छायादार पौधे लगाए। यही नहीं स्कूली बच्चों के हाथ से भी पौधारोपण करवाकर बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। साथ ही बच्चों से कहा कि वे अपने घरों के आसपास भी पौधे लगाएं और दूसरों को भी प्रेरित करें, ताकि पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सके। उन्होंने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित रहने पर ही जीवन सुरक्षित रहेगा। उन्होंने कहा कि पेड़ों से हमें प्राण वायु प्राप्त होती है। धरा पर यदि पेड़ अधिक होंगे तो बारिश भी अधिक होगी। दरख्त इस धरा के गहने हैं। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई का असर पर्यावरण पर पड़ रहा है।

## हमें भूजल बचाने के लिए जमीनी स्तर पर प्रयास करने होंगे : राजीव

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



करनाल। भूजल जैसी प्राकृतिक संपदा को भविष्य के लिए सुरक्षित करने हेतु तेजी से प्रयास करने होंगे। उपरोक्त शब्द प्रसिद्ध पर्यावरणविद, राष्ट्रीय अवार्डी तथा अटल भूजल योजना करनाल के सूचना, शिक्षा एवं संचार विशेषज्ञ राजीव कुमार शर्मा ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गांव टपराना के शिव मंदिर में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि हमें भूजल बचाने का प्रयास तेज करने होंगे अन्यथा हमें भविष्य में जल संकट से जूझना पड़ सकता है। ग्रामीण स्तर पर इस दिशा में अटल जल सहेली व स्कूली बच्चे भी युवा राजदूत के रूप में बेहतरीन भूमिका अदा कर सकते हैं। आज समय रहते हमें सबको इस दिशा में सार्थक व सकारात्मक भूमिका निभानी होगी और भूजल की एक-एक बूंद की कीमत को समझना होगा। उन्होंने भूजल के प्रति ज्यादा से ज्यादा जागरूकता फैलाने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हमें भूजल बचाने के लिए जमीनी स्तर पर प्रयास करने होंगे, इसके लिए घरेलू स्तर पर भी छोटे-छोटे प्रयास करने होंगे। विशेषकर कृषि क्षेत्र में किसानों को नई-नई तकनीकों व नये तरीकों को अपनाना होगा।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक होने की सबसे ज्यादा जरुरत : डॉ. सुरेश

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



करनाल। महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल के हर्बल पार्क में विश्व पर्यावरण दिवस पर कुलपति डॉ. सुरेश मल्होत्रा ने पौधारोपण किया गया। पौधारोपण में विश्वविद्यालय के अधिकारियों, वैज्ञानिकों व स्टाफ सदस्यों ने बढ़-चढकर भाग लिया।
विश्व पर्यावरण दिवस पर बोलते हुए कुलपति डॉ. सुरेश ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक होने की सबसे ज्यादा जरुरत है। शुद्ध वातावरण मानव जीवन के लिए कितना आवश्यक हैं, इसको सभी को समझना होगा। प्राकृतिक संसाधनों के अत्याधिक दोहन पर रोक लगानी होगी, ताकि आने वाली पीढ़ी शुद्ध हवा में सांस ले सकें। उन्होंने कहा कि आज के समय ग्लोबल वार्मिंग के संदर्भ में विश्व पर्यावरण दिवस और भी महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि आजकल देश और विश्व के अनेक भागों में प्राकृतिक आपदा लोगों की तकलीफ का बहुत बड़ा विषय बना हुआ है। इसलिए आओ हम सब प्रण करें कि हम पर्यावरण दिवस, केवल आज ही नहीं, बल्कि सदैव बन मनाएंगे। हम जगह जगह वृक्ष लगाएंगे, जिसमें फलदार जैसे आम, जामून, शहतूत, बेलपत्थर छायादार वृक्ष जैसे पीपल, नीम, बरगद एवं अन्य वृक्ष शामिल हैं।
उन्होंने कहा कि नदियों को नदियों की तरह बहने दें, नदियों को गंदा नाला नहीं बनाएंगे। प्रकृति से उतना ही लेंगे, जितनी हमें आवश्यकता है।

### सैशन जज की अदालत ने हत्या आरोपियों को सुनाई 7 साल की सजा

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्रशेखर की अदालत ने हत्या करने के आरोपियों गुलशन और विरक को 7 साल की सजा सुनाई है। इसके अलावा अदालत ने पीड़ित को 25 हजार रुपए हजार्ना अदा करने के भी आदेश पारित किए है। इस मामले में 2 अप्रैल 2023 को सुन्दर पुत्र मूलचन्द वासी नगला फार्म करनाल ने हाजिर थाना आकर एक दरखास्त पेश की, जिसमें उसने बताया कि 1 अप्रैल 2023 को उसका लडका दीपक उम्र 12 साल स्कूल के सामने खेल रहा था तो गुलशन पुत्र रामसिंह व विरक पुत्र मक्खन सिंह निवासी नगला फार्म करनाल उसे अपनी मोटरसाईकिल पर उठाकर ले गये तथा मारने की नियत से उसे झिलमिल ढाबे के पास नहर में फेंक दिया।

## थाना स्तर पर किया साइबर राहगिरी कार्यक्रम का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



करनाल। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के निर्देशानुसार आमजन को साईबर अपराधों से बचाने के लिए जिला पुलिस द्वारा थाना स्तर पर साईबर राहगिरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके तहत शिक्षण संस्थानों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, मार्किट व मुख्य चौंक चौराहों पर लोगों को जागरूक किया गया। साइबर अपराधों से बचाव का एक मुख्य उपाय जागरूकता है, यदि हर व्यक्ति इन अपराधों के प्रति जागरूक कर साइबर अपराधों में कमी लाई जा सकती है।
आज सुबह थाना सदर टीम द्वारा नए बस स्टैंड करनाल पर राहगिरों को साईबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए बताया गया कि अपनी पर्सनल जानकारी किसी अननोन कालर से या ऐप पर सांझा न करें। किसी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें, किसी अज्ञात नंबर से आने वाली विडियो काल से सतर्क रहें, आनलाइन टास्क पूरा करने या स्टाक मार्केट में इन्वेस्ट कर ज्यादा पैसा कमाने के लिए दिए जाने वाले प्रलोभनों से बचें। किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ अपने नंबर पर प्राप्त ओटीपी को सांझा न करें। उन्होंने कहा कि किसी कंपनी का हेल्पलाइन नंबर या कस्टमर केयर नंबर गूगल पर सर्च ना करके आफिशल वेबसाइट से ही प्राप्त करें। इसके अलावा थाना तरावड़ी टीम द्वारा औधोगिक प्रशिक्षण केन्द्र तरावड़ी में प्रशिक्षणाथीर्यों को साआईबर अपराध से बचने के लिए बताया गया कि आजकल युवाओं मे आनलाइन शापिंग करने को लेकर होड़ लगी हुई है, जिसमें साईबर अपराधी उन्हें आसानी से अपने जाल में फांस लेते हैं। इसलिए यदि आप भी आनलाइन शापिंग करना पसंद करते हैं तो केवल आथराइज्ड साइट से ही शापिंग करें।
इनके अलावा थाना मधुबन की टीम द्वारा आरपीआईआईटी कालेज बसताड़ा में व थाना निगदू टीम द्वारा रायसन गांव की चौपाल में सभी को साईबर अपराधों बारे जागरूक किया। उन्होंने कालेज के छात्र-छात्राओं व गांव के अन्य लोगों को बताया कि साईबर फ्रॉड से बचने के लिए किसी भी अनजान सोर्स से पैसा कमाने के लालच में ना आए, ना ही किसी प्रकार का निवेश करें अन्यथा हो सकते हैं साईबर ठगी का शिकार, सचेत रहें और साईबर फ्रॉड होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 डायल कर अपनी शिकायत दर्ज करवाएं।
थाना बुटाना टीम द्वारा गोल मार्किट नीलोखेड़ी में, थाना असंध व थाना रामनगर टीमों द्वारा थाना परिसर में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

### दयौरा गांव के खेत में खड़े 300 वर्ष पुराने बरगद की पूजा की

टीम एक्शन इंडिया

**कैथल: पटवारियों ने कैथल** जिला के 15 गांव में खड़े 33 ऐतिहासिक पेड़ों का पूजन करना शुरू किया है। पर्यावरण की शुद्धि के लिए प्रदेश सरकार की प्राण वायु देवता पूजा प्रोग्राम के तहत बुधवार को गांव दयौरा के किसान चंद्रभान के खेतों में खड़े 300 वर्ष पुराने ऐतिहासिक बरगद की पूजा की गई। पंडित टेकचंद ने विधि विधान से वृक्ष पूजन कार्यक्रम संपन्न कराया। इस मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार संदीप सिंह ने बताया कि कैथल के 15 गांव में करीब 33 ऐतिहासिक वृक्षों का पूजन पटवारियों द्वारा किया गया। सरकार ने पुराने वृक्षों की पेंशन शुरू की है। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधे से पर्यावरण शुद्ध रहता है। पेड़ पौधे हमें आक्सीजन देते हैं। गर्मी में वृक्ष ही हमें धूप से बचाते हैं। हम सब को अपने आसपास ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए। किसान चंद्रभान ने बताया कि उनके खेत में 300 वर्ष पुराना बरगद पेड़ खडा है। जिसके तने करीब आधा एकड़ में फैले हैं। आसपास के सभी लोग इसे देखने आते हैं। पटवारी सुखविंद्र सिंह ने भी लोगों को पेड़ पौधे लगाने और उनकी रक्षा करने को प्रेरित किया। इस मौके पर नंबरदार गुलाब सिंह, नरेंद्र सिंह व सोहन सिंह मौजूद रहे।

**हरियाणा सरकार 70 साल पुराने वृक्ष को देती है 2500 रूपए महीना पेंशन:** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 29 जुलाई, 2023 को प्राण वायु देवता योजना की शुरूआत कीथी। इस योजना के तहत 70 साल या अधिक उम्र के पेड़ों की देखभाल के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। जिसके तहत छोटे किसान और गरीब मजदूरों को जोड़ा जाता है, ताकि वह अपने खाली समय में पेड़ों की देखभाल करके पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे सकें और इसके बदले में कुछ पैसे भी कमा सके। योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा 75 वर्ष या अधिक आयु के पेड़ों की देखभाल के लिए 2500 रुपए की आर्थिक सहायता हर महीने प्रदान की जाती है।

## जेनेसिस के ट्विंकल ने 710 अंक प्राप्त कर किया प्रदेश का नाम रोशन

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



करनाल। मेडिकल कॉलेजों में एडमिशन के लिए अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित प्रवेश परीक्षा नीट का परिणाम घोषित होने के साथ ही करनाल में खुशी की लहर दोड़ गई। करनाल ही नहीं देश और प्रदेश में प्रतिष्ठत और भरोसेमंद कोचिंग शिक्षण संस्थान जेनिसिस क्लासिस के 300 बच्चों ने नीट क्वालिफाई किया। जेनिसिस क्लासिस के 82 बच्चों ने 650 से अधिक अंक प्राप्त किए। यहीं के ट्विंकल ने 710 अंक प्राप्त कर केटेगरी में 185 रैंक लेकर करनाल का नाम रोशन किया। वहीं पर मयंक गुप्ता और दीप्यांशी ने 720 में से 705 अंक प्राप्त किए। इसके अलावा आर्यन राज ने 700, मनीष कुमार ने 700 धनंजय ने 700 अंक प्राप्त किए। तरुण चौधरी, आर्यन मित्तल अभिषेक चौधरी ने 695 अंक प्राप्त किए।

## मोदी मनोहर की जीत पर गांव किवाना में मनाया जश्न

टीम एक्शन इंडिया
समालखा ( कुलदीप सिंह )



**खुशी**

**मोदी मनोहर की जोड़ी अब देश को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में मिलकर करेंगे काम: कृष्ण**

पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के करनाल लोकसभा क्षेत्र से सांसद निर्वाचित होने पर बुधवार को खंड के गांव किवाना में जश्न मनाया गया। मोदी मनोहर की जीत की खुशी में मिठाई बांटी गई तथा जय श्रीराम के जयकारे गूंजे। सिवाना गांव में जिला भाजपा के महामंत्री कृष्ण छौक्कर के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में एकत्रित ग्रामीणों ने देश में फिर से भाजपा की सरकार बनने पर जय श्रीराम के जयघोष कर खुशी जाहिर की। भाजपा जिला महामंत्री कृष्ण छौक्कर ने गांव वासियों को करनाल लोकसभा क्षेत्र से मनोहर लाल को सांसद निर्वाचित करने व देश में तीसरी बार नरेंद्र मोदी की सरकार बनाने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल अब पीएम मोदी के साथ मिलकर देश को आगे बढ़ाने की दिशा में मिलकर काम करेंगे। मोदी और मनोहर की जोड़ी अब भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के काम करेंगे। इस मौके पर सूरत सिंह, विकास, बिन्टू,रतन लाल,मामन सिंह, सुरेन्द्र शर्मा, प्रताप सिंह, सूरजभान पूर्व सरपंच, विनोद एडवोकेट, प्रेम, तेलुराम, कृष्ण धीमान, अशोक शर्मा, डॉ राजपाल,राम शरण व इन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## मानसून से पहले शहर के नालों की सफाई का कार्य जोरों पर

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



करनाल। मानसून से पहले शहर के सभी नालों की सफाई का लक्ष्य पूरा करने के लिए नगर निगम कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। इस कार्य में कुछ नालों की सफाई मुकम्मल होने को है, तो कुछ जगह काम जोरों से चल रहा है।
नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने बुधवार को बताया कि एन.एच.-44 से सेक्टर-4 पुलिया तक ड्रेन नम्बर-1 के अंदर से जमी गाद व घास-फूस को पोकलेन मशीन से निकालकर सफाई की जा रही है। इसके तहत, जितना सम्भव बनेगा, ड्रेन की गहराई और चौड़ाई भी बढ़ाई जा रही है, ताकि बरसाती पानी निर्बाध रूप से प्रवाहित हो सके। उन्होंने बताया कि मुगल कैनाल के फेज-3 की सफाई का कार्य जोरों से चल रहा है, अगले दो से तीनों में यह कम्पलीट हो जाएगा। इसके बाद फेज 2 की सफाई करवाई जाएगी। कैनाल के अंदर जमी गाद को ट्रैक्टर व पोकलेन मशीन के जरिए निकाला जा रहा है। फेज 2 की सफाई का कार्य भी अगले 10-15 दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। राम नगर नाला की सफाई भी कई दिनों से जारी है, एक सप्ताह में यह भी मुकम्मल हो जाएगी। इसके अलावा शहर में मौजूद 24 बड़े नालों की सफाई का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है।

**11 डिस्पोजलों का होगा संचालन और रख-रखाव-** निगमायुक्त ने बताया कि शहर में निगम के अधीन 11 डिस्पोजल हैं, इनके संचालन और रख-रखाव का टेण्डर जल्द ही खुलने जा रहा है। इसके बाद इस पर काम शुरू होगा, जो अगले साढे 3 महीने तक चलेगा, अर्थात पूरा बरसाती सीजन मेंटेनेंस जारी रहेगी। इस कार्य में सभी जगह जेनरेटर सेट और मैनपावर एजेंसी ही मुहैया करवाएगी। इसकेसाथ-साथ उनकी मेंटेनेंस भी सम्बंधित एजेंसी ही करेगी। डिस्पोजल पर लगी मोटरें खराब होने की सूरत में ठीक करवाना भी एजेंसी की जिम्मेदारी रहेगी। सभी डिस्पोजल पर कर्मचारियों की ड्यूटी तीन शिफ्टों में रहेगी।
उन्होंने बताया कि इस कार्य में भिन्न-भिन्न डिस्पोजल पर 25, 62 व 125 केवीए क्षमता के जेन सेट तथा साढे 7, 10, साढे 17, 20, 50 व 100 एच.पी. क्षमता की मोटरें लगाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि इन कार्यों पर अनुमानित 39 लाख 45 हजार रुपये की राशि व्यय की जाएगी।

**चारों आई.पी.एस. का भी होगा संचालन-** उन्होंने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में अमरूत योजना के तहत बरसाती पानी निकासी के लिए 4 आई.पी.एस. यानि इंटरमिडिएट पम्पिंग स्टेशन बनाए गए हैं। इनमें आई.पी.एस. हैरीटेज, मीरा घाटी, हकीकत नगर व सैदपुरा शामिल हैं।

## विख्यात ग्लोबल फाउंडेशन ऑफ इंडिया 10 जून से बच्चों के लिए शुरू करेगी कोर्स : सचदेवा

**ट्रेनिंग**

**बच्चों को अंग्रेजी बोलना, कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग के कोर्सेज, एकाउंटिंग और टैली कोर्स की ट्रेनिंग दी जाएगी**



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। विख्यात ग्लोबल फाउंडेशन ऑफ इंडिया 10 जून से एसडी बाल मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल राम नगर में बच्चों के लिए नयी शिक्षा प्रणाली-2020 के अन्तर्गत स्किल इंडिया के अंतर्गत कोर्स शुरू करने जा रही है। इसमें बच्चों को अंग्रेजी बोलना, कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग के कोर्सेज, एकाउंटिंग और टैली कोर्स की ट्रेनिंग दी जाएगी। इस मौके पर संस्था के चेयरमैन राकेश सचदेवा ने बच्चों के माता-पिता को भी मोटीवेट करते हुए उन्हें आने वाले समय में कैसे आगे बढना है, कैसे अपने लक्ष्यों को पाना है, साथ ही उन्हें शिक्षा का महत्व बताया। इस मौके पर स्कूल प्रबंधक सतीश पुरी, समाजसेवी कपिल मदान, रचना खट्टर, विनय मेहता, अमन शर्मा और राहुल शर्मा मौजूद रहे।

## संपादकीय

# लोक आकांक्षा ही सर्वोपरि!

**दो महीने के** दुरंत निदाघ-काल में सात चरणों में फैला लोकसभाई चुनाव नेताओं, चुनाव कर्मियों और वोटरों सबके लिए घोर तपस्या से कम न था। विश्व के विशालतम आम चुनाव के दौरान देश की जनता को अपने भारतीय लोकतंत्र की चाल-ढाल की विलक्षण छटाएं देखने को मिलीं। ग्यारह लाख और आठ लाख से ज्यादा के अंतर से लोग जीते तो नोटा का भी एक जगह डेढ़ लाख वोटरों ने इस्तेमाल किया। निर्वाचन आयोग पर तोहमतें लगती रहीं पर उसने मुस्तैदी और निष्पक्षता से कार्य किया । इस चुनाव में एक ओर दस सालों से काबिज राजसत्ता को कायम रखने के लिए उद्यत एनडीए था तो दूसरी ओर उसे सत्ता से बेदखल करने की फिराक में जुटा फुटकर दलों का फौरी इंडी गठजोड़ था । सत्ता-संघर्ष के नाटक के हर अंक में विविध दृश्यों के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही कथानक के केंद्रविंदु बने रहे। इसके लिए आक्रामक रुख अपनाते और धिक्कारते स्वर में इंडी गठबंधन विकास कार्यों, आर्थिक प्रगति, गरीबों तथा पिछड़े तबकों की उन्नति के उपायों और आधार-संरचना के तीव्र विकास को झुठलाता रहा। भारत की आर्थिक उन्नति, निखरती अंतरराष्ट्रीय छवि और राष्ट्रीय गौरव बोध से भी उनका कोई वास्ता नहीं रहा। कांग्रेसी अगुआई में विपक्षी जोड़-तोड़ का एकल एजेंडा था मोदी से मुक्ति । इसलिए वे मोदी सरकार की उपलब्धियों को सिरे से खारिज करते रहे पर उनके पास भारत के लिए अपना कोई रचनात्मक खाका नहीं था । चालू योजनाओं में फेरबदल कर वे अपनी घोषणाएं पेश करते रहे । चुनावी सरगर्मी कभी नर्म-गर्म रही तो कभी तल्ख हुई। एक ओर से अतिरेक का उत्तर भी अतिरेक से ही दिया जाता रहा। ऐसे क्षण भी आए जब शिष्टाचार की मयार्दाएं टूटती नजर आईं और निर्वाचन आयोग ने प्रचारकों को सख्त हिदायत दी और कुछ को प्रचार कार्य से अलग भी किया । सत्ताधारी दल में ज्यादा ही आत्मविश्वास था कि चार सौ से अधिक सीटों को जीतेंगे परंतु उसे सबसे बड़ी पार्टी का दर्जा तो मिला पर पिछले बार से कम सीटें ही मिल सकीं। लगातार दस वर्षों का कार्यकाल नेता और जनता दोनों को थका, उबा कर संतृप्त करने वाला भी होता है। मोदी काल में कई मोर्चों पर सक्रियता दिखती रही। उसी का फल है कि छह दशकों पहले का इतिहास दुहराते हुए एनडीए तीसरी बार लगातार सरकार बनाने की ओर अग्रसर हो रही है। कांग्रेस ने पिछले चुनाव की तुलना में अच्छा प्रदर्शन किया। चुनाव के दौरान तरहझ्रतरह के सवाल उठाए जाते रहे। सनातन और राम-मंदिर निर्माण को लेकर भी अनर्गल प्रश्न उछालते रहे। जनता-जनार्दन ने जिस उत्साह से राम-मंदिर का स्वागत किया और तीन महीने में ही डेढ़ करोड़ लोग दर्शन करने पहुंचे वह भावनात्मक एकता और मंदिर की बिना शर्त स्वीकृति का प्रमाण है। इस दौरान हिंदू और हिंदुत्व के कई रूप बनते-बिगड़ते दिखे। यह खेद की बात है कि हिंदू जीवन दृष्टि या जीवनशैली जो करोड़ों हिंदू आज भी जी रहे हैं वह सिद्धांत ही नहीं व्यवहार में भी इतना समावेशी है कि सारी विविधताओं को समेट कर धारण करता है। संशयात्मक आत्मबोध देश के गौरव और स्वाभिमान के रास्ते में भी अड़चन खड़ा करता है। इसके चलते 'भारतीय' कहलाना और 'भारतीयता' की बात करना संकुचित मानसिकता को बतलाता है । सीमित क्षेत्रीय बनाम व्यापक राष्ट्रीय आकर्षणों के बीच की रस्साकसी चलती रही।

# दुश्मनों के लिए जासूसी करने वालों को हो सीधे फांसी की सजा

आर.के. सिन्हा

> दरअसल सूचना के अधिकार (आरटीआई) की आड़ में भारतीय सेना की तैयारियों को लेकर कुछ देश विरोधी ताकतें सूचनाएं निकालने की फिराक में रहते हैं। यह ही तत्व सेना से संबंधित जानकारियां सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत मांगते हैं। यह सवाल इसलिए अहम हो जाता है , क्योंकि : इधर देखने में आ रहा है कि कुछ तत्व सेना की अति संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण जानकारियों को हासिल करने में भी अनावश्यक दिलचस्पी लेने लगे हैं। केन्द्रीय कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में हुई एक बैठक 28 अप्रैल, 2022 को हुई थी जिसमें इस बात पर गंभीर चिंता जताई गई थी कि आरटीआई के नाम पर सेना की अहम जानकारियां मांगी जा रही हैं। यह बैठक सेनाध्यक्ष मनोज मुकुंद नरवणे के रिटायर होने से दो दिन पहले ही हुई थी

**लोकसभा** चुनावों के नतीजों के कोलाहल में बीते दिनों पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले एक देश के दुश्मन को दी गई उम्र कैद की सजा की खबर लगभग दब सी गई। ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड के पूर्व इंजीनियर निशांत अग्रवाल को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप साबित होने पर आजीवन कारावास की सजा नागपुर जिला न्यायालय ने सुनाई। अग्रवाल को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की ओर से जासूसी गतिविधियों के लिए आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत दोषी ठहराया गया था। आजीवन कारावास के साथ-साथ उन्हें 14 साल के कठोर कारावास और 3,000 रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया। देश के गद्दारों को इसी तरह की सख्त सजा मिलनी चाहिए , ताकि कोई मातृभूमि के साथ गद्दारी करने के बारे में सोचे भी नहीं। आपको याद होगा कि छह साल पहले 2018 में इस मामले ने पूरे देश में हलचल मचा दी थी । क्योंकि , यह ब्रह्मोस एयरोस्पेस से जुड़ा जासूसी का पहला मामला था। अग्रवाल दो फेसबुक अकाउंट नेहा शर्मा और पूजा रंजन के जरिए संदिग्ध पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों के संपर्क में था। इस्लामाबाद से चलाए जा रहे इन अकाउंट्स के बारे में माना जाता है कि इन्हें पाकिस्तान के खुफिया एजेंट चला रहे थे। ब्रह्मोस मिसाइल की जानकारी लीक करने के आरोप में उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र एटीएस और मिलिट्री इंटेलिजेंस ने अग्रवाल को गिरफ्तार किया था। जांच एजेंसियों ने दावा किया कि उसके कंप्यूटर और अन्य डिजिटल उपकरणों की जांच की गई और पाया गया कि संवेदनशील डेटा ट्रांसफर किया गया था। यह कौन नहीं जानता कि हमारे यहां सेना की जासूसी करने वाले जयचंद और मीर जाफर भी जगह-जगह मौजूद हैं। इनमें सेना के अंदर ही छिपे कुछ गद्दारों, सरकारी अफसरों से लेकर तथाकथित पत्रकार आदि भी बहुरूपिये शामिल हैं, जो दिखते कुछ और हैं और करते कुछ और हैं। ये आरटीआई के माध्यम से धीरे-धीरे सूचनाएं निकालने की जुगाड़ में लगे रहते हैं। इन्हें अपने आकाओं से मोटा पैसा जो मिलता है। इसलिए ये अपनी मातृभूमि का भी सौदा करने से पीछे नहीं हटते। इनका जमीर मर चुका



है। दरअसल सूचना के अधिकार (आरटीआई) की आड़ में भारतीय सेना की तैयारियों को लेकर कुछ देश विरोधी ताकतें सूचनाएं निकालने की फिराक में रहते हैं। यह ही तत्व सेना से संबंधित जानकारियां सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत मांगते हैं। यह सवाल इसलिए अहम हो जाता है , क्योंकि : इधर देखने में आ रहा है कि कुछ तत्व सेना की अति संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण जानकारियों को हासिल करने में भी अनावश्यक दिलचस्पी लेने लगे हैं। केन्द्रीय कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में हुई एक बैठक 28 अप्रैल, 2022 को हुई थी जिसमें इस बात पर गंभीर चिंता जताई गई थी कि आरटीआई के नाम पर सेना की अहम जानकारियां मांगी जा रही हैं। यह बैठक सेनाध्यक्ष मनोज मुकुंद नरवणे के रिटायर होने से दो दिन पहले ही हुई थी। देश के नागरिकों को आरटीआई कानून के तहत सूचना पाने के अधिकारों की सीमाएं भी हैं। सूचना अधिकार के द्वारा राष्ट्र अपने नागरिकों को, अपने कार्य को और शासन प्रणाली को सार्वजनिक करता है। लोकतंत्र में देश की जनता अपनी चुनी हुए व्यक्ति को शासन करने का अवसर प्रदान करती है और यह अपेक्षा करती है कि सरकार पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का पालन करेगी। लेकिन, आम जनता को यह अधिकार तो कत्तई नहीं दिया जा सकता कि वह देश की सुरक्षा और शत्रु का मुकाबला के लिए की जा रही तैयारियों की ही जानकारियां मांगने लगे। पाकिस्तान और चीन की तरफ से लगातार यह कोशिश बनी रहती है कि उन्हें हमारी रक्षा तैयारियों की जानकारी हासिल होती रहे। इसलिए यह दोनों देश हमारे नागरिकों को तरह - तरह के लालच देकर सूचनाएं लेते रहते हैं। अब माधुरी गुप्ता की कहानी जान लें। वह भारतीय विदेश सेवा की ह्लग्रुप बीह्व श्रेणी की अधिकारी थी। अपनी 27 वर्षों की लम्बी सेवा में माधुरी ने इराक, लाइबेरिया, मलेशिया, क्रोएशिया और पाकिस्तान में नौकरी की। उर्दू पर अच्छी पकड़ और सूफियाना मिजाज वाली माधुरी साहित्यिक गतिविधियों में भी सक्रिय रहती थी। खुले ख्यालों वाली माधुरी धूम्रपान, शराब-सेवन, गुटका खाने और पुरुष-मित्रों से सम्बन्ध बनाने के लिए खास तौर पर जानी जाती थी। कुछ साल पहले इस्लामाबाद-स्थित भारत के उच्चायोग में द्वितीय सचिव के रूप में पोस्टिंग के दौरान माधुरी को उर्दू पर अच्छी पकड़ होने के कारण पाकिस्तानी मीडिया को मॉनिटर करने का काम सौंपा गया था। पाकिस्तान में पोस्टिंग के बमुश्किल छः महीने बीतते-बीतते माधुरी जमशेद, जिसका कोड नाम जिम था, के द्वारा फंसा ली गयी। भारत सरकार के अधिकारियों को जब आभास हुआ कि माधुरी शत्रु के जासूसी षड्यंत्र में फंस गयी है तो पुष्टि के लिए उसके माध्यम से एक गलत सूचना जानबूझ कर भेजी गयी। परिणामस्वरूप, खुफिया सूचनाओं को लीक करने का माधुरी के कारनामों का पक्का यकीन हो गया। भूटान में आयोजित होने वाले सार्क समिट की तैयारियों के बहाने माधुरी गुप्ता को भारत वापस बुलाया गया। 22 अप्रैल 2010 को वह वह ज्यों ही दिल्ली के हवाई अड्डे पर उतरी तो खुफिया एजेंसी के लोगों ने उसे अपनी पकड़ में ले लिया। पूछताछ से पता लगा कि वह आईएसआई के दो जासूसों झ मुन्नवर रजा राना और जमशेद उर्फ जिमी से सांठगाँठ करके उन्हें खुफिया सूचनाएं सप्लाई करती थी। इन आरोपों के आधार पर 20 जुलाई 2010 को माधुरी को गिरफ्तार कर लिया गया और उसे न्यायिक हिरासत में रखा गया। 18 मई 2018 को दिल्ली के अतिरिक्त सेशंस जज सिद्धार्थ शर्मा ने जासूसी के लिए माधुरी को 3 वर्षों की सजा सुनाई। कुछ साल पहले ही चीन के लिए जासूसी करने के आरोप में राजधानी के एक कथित वरिष्ठ पत्रकार राजीव शर्मा को पकड़ लिया गया था। राजीव शर्मा के बारे में यह पता चला था कि वह आरटीआई से जानकारियां निकाल कर चीन को सप्लाई करता था। उसे ह्यऑफिशियल सीक्रेट एक्टह्व (ओएसएस) के तहत गिरफ्तार किया गया था। उसने सेना से जुड़े कई राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील सूचनाओं वाले दस्तावेज चीन को दिए थे। चीन को संवेदनशील सूचनाएं उपलब्ध कराने की एवज में उसे मोटी रकम मिलती थी। इधर आरटीआई के तहत आवेदकों की बाढ़ सी आ गई है। बहुत से लोग अनाप-शनाप सवाल भी पूछते रहते हैं। इसलिए यह सुनिश्चित करना होगा कि इस अधिकार का गलत इस्तेमाल न हो। इस बाबत बहुत सजग रहना होगा। एक बात और कि जो देश के साथ गद्दारी करे उसे सीधे मौत की सजा देने पर भी विचार किया जाना चाहिए।

जरा सोचिए कि अग्रवाल को इस देश ने आईआईटी जैसे श्रेष्ठ शिक्षण संस्थान में पढ़ने का मौका दिया। उसने आईआईट से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की। इसके बाद वह ब्रह्मोस एयरोस्पेस में इंजीनियर के तौर पर काम करने लगा। उसकी विशेषज्ञता की वजह से उसे बहुत कम समय में ब्रह्मोस एयरोस्पेस में जरूरी पदों पर पदोन्नत किया गया और मिसाइल परियोजनाओं पर काम करने वाली टीम का एक जरूरी सदस्य बनाया गया। वही शख्स देश का दुश्मन बन गया। उसके जैसों को तो फांसी होनी ही चाहिए।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

## कविता

**"झूमता बसन्त है"**

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,  
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,  
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,  
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,  
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,  
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,  
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,  
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,  
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,  
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,  
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,  
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,  
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,  
दिन में रात में, बातों ही बात में,  
झूमता बसन्त है।

संजीव

## पॉलीटिकल गुरु के पांच महामंत्र

रामविलास जांगिड़

**"तो लीजिए!** हाजिर है! पॉलीटिकल परफॉर्मिंग के लिए ये पांच महामंत्र!" कहकर पॉलीटिकल गुरु ने दलालों चमचों की यह क्लास ली। "मंत्र 1. कमरे में हाथी, हंसते रहो साथी यही मंत्र आपके जीवन का आधार होगा। यही पॉलीटिकल पार्टी का मुख्य हथियार होता है। असल में कमरे में हाथी एक ऐसी समस्या है, जिसके बारे में हर कोई जानता है, लेकिन किसी भी पार्टी-खोर नेता को इसे स्वीकार नहीं करनी चाहिए। जिस तरह से कमरे में बंधा हुआ हाथी हर किसी अंधे को नजर आ जाता है, लेकिन फिर भी इसे अस्वीकार कर देना चाहिए। जैसे- दिल्ली की जल समस्या इसलिए है, क्योंकि अमेरिका उनके हिस्से का पानी नहीं दे रहा है- अपने कुत्ते को नहलाते हुए दिल्ली की जल समस्या पर एक नेता का बयान।

**मंत्र 2. हवा में गोली मारो, अड़े रहो यारों**

राजनीति खेलनी है, तो बस बातें मारते रहिए। हवा में गोली मारते रहिए और मारी गई गोली पर अड़े रहिए। खड़े रहिए, बल्कि इस बात के बीच में पड़े रहिए! बातचीत करना, छोटी-छोटी बातें करना, बिना किसी गंभीर विषय के लक्ष्य हीन बातें करते रहना चाहिए। जैसे- हमने देखा कि ईवीएम मशीन को करंट मार कर अपनी तरफ वोट खींचने के लिए, जीती हुई पार्टी के अध्यक्ष जी रात को 12 बजे तक मशान में मंत्र बोल रहे थे- चालू चुनाव में हारी हुई पार्टी के नेता का बयान।

**मंत्र 3. अपना पैर पालो, अपने मुंह में डालो**

याद रखो दोस्तों! जिंदगी में कुर्सी है, तो सब कुछ है। इसके लिए जब आप अपना पैर अपने मुंह में रखते हैं; तो आप शर्मनाक, अनुचित व व्यवहार हीन कार्यक्रम कर सकते हैं। राजनीति में बॉस बनने के लिए यही सब कुछ करते रहना चाहिए। जैसे- कुर्सी चंद ने जेल जाने के लिए थानेदार को 4 लाख रुपए की रिश्वत दी- वोटरों से दया, अपनत्व और हमदर्दी पाने के लिए किया गया नाटक।

**मंत्र 4. गलत पेड़ पे भोंको, बिल्कुल मत चौंको**

अपनी गलतियों पर बिल्कुल ध्यान मत दो। अपनी गलतियों का दूसरों पर इल्जाम दो। बिल्कुल कुत्ते की माफिक भोंकते रहो। आप गलत हैं, मगर अपनी गलती दूसरों के माथे ही मंढ़ दो। पॉलिटिकल गेम में यही मंत्र सबसे बड़ा मंत्र होता है। जैसे- विरोधी पार्टी की रैलियों में इतनी भीड़ आई कि इन लोगों ने सारी भीड़ को रुपए दे दे के खरीदा है। हमारी पार्टी की रैलियों में इतनी भीड़ नहीं आई, क्योंकि विरोधी पार्टी के लोगों ने इंदर राजा को रिश्वत देकर घनघोर बारिश करवा दी- चुनाव की रैलियां में विरोधी पार्टी के बारे में आलाकमान का बयान।

**मंत्र 5. नाक कटी पर, घी-गुड़ चटी**

दोस्तों यह मंत्र पॉलीटिकल सफलता के मामले में सबसे प्रसिद्ध मंत्र रहा है। इसके अनुसार नाक उर्फ इज्जत का कभी भी ख्याल नहीं करना चाहिए। नाक भले ही दिन में 50 बार कट जाए। मतलब इज्जत हर पल 1000 बार घट जाए, तो भी कोई परवाह न करें। बस हमेशा घी-गुड़ चाटते रहें। भ्रष्टाचार करते रहें। कुर्सी के पाए को मजबूती से जकड़े रहें।

## विचार

# प्रकृति को ओढ़ाते हरियाली की शाल,

डॉ. सत्यवान सौरभ

**प्रकृति को ओढ़ाते हरियाली की शाल, पर्यावरण प्रेमी शिक्षक राजबीर बेनीवाल**

(प्रकृति से प्रेम व संरक्षण की दिशा में काम करने वालों के बहुत से उदाहरण मिल जाएंगे, मगर पेड़-पौधों को बचाने के लिए जीवन समर्पित करने वाला शायद ही कहीं देखने को मिले। यहां बात हो रही है भिवानी के सिवानी में रहने वाले 49 वर्षीय शिक्षक राजबीर बेनीवाल की। महज 10 साल की उम्र से प्रकृति प्रेम में कुछ इस तरह रमे कि शिक्षक राजबीर बेनीवाल आज 'मास्टर राजबीर पर्यावरण प्रहरी और प्रेमी' के रूप में विख्यात हैं। अब तक वह हजारों की संख्या में पेड़ लगा चुके हैं। जहां पदस्थ होते हैं, वहां पढ़ाई के साथ-साथ स्कूल और आस पास के क्षेत्र में इतने पेड़ लगाते हैं कि आबोहवा बदल जाती है।)

शिक्षक का ओहदा हमारे जीवन में सबसे महत्वपूर्ण होता है, जब वह छात्रों को प्रकृति के ऐसा जागरुक करे कि पूरा क्षेत्र ही हरियाली की चादर ओढ़ ले तो उसका स्थान अलग ही हो जाता है। आज हम आपकों बताएंगे हरियाणा के भिवानी जिले के उपमंडल सिवानी के एक शिक्षक के बारे में जिनके पर्यावरण प्रेम ने छात्रों को इनता प्रोत्साहित किया कि क्षेत्र ने हरियाली की चादर ओढ़ ली। उनकी पर्यावरण की शिक्षा का ऐसा असर हुआ कि नगर के हजारों विद्यार्थी आज पर्यावरण के प्रति जागरुक हो रहे हैं। इतना ही नहीं ये अपने शिक्षक कर्तव्य के साथ भी मन से न्याय कर रहे है तभी इनके कठिन विषय इतिहास में स्कूल के बच्चे टॉपर रहे है और शत प्रतिशत परिणाम हासिल करते हैं। इनकी खास बात ये भी है कि हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यम के बच्चों को पढ़ाते है। बिना प्रायोगिक विषयों में इनके छात्रों का शत प्रतिशत परिणाम प्राप्त करना कोई जादू नहीं इनकी अथाह मेहनत और समर्पण का परिणाम है।

**विद्यालय में शिक्षकों का मिला सहयोग**

सिवानी के राजकीय संस्कृति मॉडल स्कूल में पदस्थ शिक्षक राजबीर बेनीवाल (इतिहास प्रवक्ता) के पर्यावरण प्रेम ने नगर सहित पूरे क्षेत्र की तस्वीर बदल दी है। ये विद्यार्थियों के साथ वृहद स्तर पर पौधारोपण कर रहे हैं। बचपन से ही प्रकृति के प्रति राजबीर जी के बढ़ते तापमान और घट रही हरियाली के प्रति चिंतन को माता जी ने समझा और उन्हे पौधारोपण के लिए प्रेरित किया। फिलहाल मास्टर राजबीर पर्यावरण संरक्षण के लिए नगर पालिका के साथ मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। जिसका लाभ शहरवासियों को मिल रहा है। ये आज नगरपालिका सिवानी के स्वच्छता ब्रांड एम्बेस्डर है। राजकीय मॉडल विद्यालय सिवानी में पदस्थापना के बाद इन्हें प्रिंसिपल सुरेश कुमार और सभी अध्यापकों सहित सुबेसिंह और पूनमचंद बड़वा का विशेष सहयोग मिला, विद्यालय परिसर में ही इसकी शुरूआत हुई, परिसर में पौधारोपण के बाद स्कूल के चारों ओर तथा स्कूल के सामने मार्ग के दोनों ओर वृहद स्तर पर पौधा रोपण किया। शहर की विभिन्न सड़कों के साथ-साथ श्री कृष्णा प्रणामी स्कूल, बिश्नोई मंदिर और नगर की श्मशान भूमियाँ जहाँ हरियाली नहीं थी, जैसे विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण किया।

**पर्यावरण प्रहरी नामक महाअभियान**

शिक्षक राजबीर बेनीवाल के पर्यावरण प्रेम ने धीरे-धीरे सभी का ध्यान खींचा। उनके पर्यावरण प्रहरी नामक महाअभियान से अब नगर के सामाजिक तथा धार्मिक संगठनों सहित प्रकृति प्रेमी जुड५२ लगे। लोगों के जुड़ाव का ही यह परिणाम है कि नगर से लगभग 7-7 किलोमीटर दूर तक हजारों पौधों का लक्ष्य रखकर वृहद स्तर पर पौधारोपण किया गया। सिवानी का पर्यावरण प्रहरी आज अभियान बन गया है। मास्टर राजबीर ने नियमित रूप से खुद के खर्च से खुद ही बीज या कलम से पौधे तैयार करके आते-जाते रास्ते में लगाने शुरू कर दिए। साथ-साथ निशुल्क लोगों को वितरित भी करते रहे। इसी प्रक्रिया को मास्टर राजबीर ने लगातार जारी रखा। राजबीर जी बताते हैं, शिक्षा विभाग में रहते हुए बार-बार स्थानान्तरण के चलते मुझे कई गांवों में सेवा का मौका मिला। इस दौरान मुझे प्रकृति के कई रूप देखने को मिले और मेरे प्रकृति प्रेम को जुनून में तब्दील होते देर नहीं लगी।'


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**

**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**

ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**

**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# अमेठी चुनाव परिणाम : अहंकार के मुंह पर तमाचा

निर्मल रानी

**18 वीं** लोकसभा के लिये जनादेश 2024 आ चुका है। ताजा सूचनाओं के अनुसार नरेंद्र मोदी सरकार मंत्रिमंडल के जिन 52 केंद्रीय मंत्रियों ने लोकसभा चुनाव का चुनाव लड़ा था चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार उन 52 केंद्रीय मंत्रियों में से 20 मंत्री चुनाव हार गए हैं। पराजित मंत्रियों में एक नाम केंद्रीय महिला एवं बल विकास मंत्री एवं अमेठी से सांसद रही स्मृति ईरानी का भी है। पूरे देश की नजर अमेठी संसदीय क्षेत्र पर थी क्योंकि 2019 के लोकसभा चुनाव में इसी सीट से स्मृति ईरानी ने ही कांग्रेस नेता राहुल गाँधी को लगभग 55 हजार मतों से पराजित कर अपना कद ऊँचा किया था। और 2019 की इसी अमेठी विजय के साथ ही उनका बड़बोलापन व अहंकार चौथे आसमान पर पहुँच गया था। हालांकि बाद में राहुल वायनाड से सांसद बनकर पुनः संसद में पहुँच गये थे। परन्तु 2019 की अमेठी फतेह से उत्साहित स्मृति ईरानी स्वयं को राहुल गाँधी को न केवल बार बार चुनौती देते बल्कि कई बार उन्हें व उनके परिवार को भी अपने झूठ व अहंकार पूर्ण शब्दों से अपमानित करती सुनाई दीं। 2024 के लोकसभा चुनाव से पूर्व सभी की नजरें अमेठी सीट पर इसलिये भी टिकी थीं कि देखें इस बार कांग्रेस अमेठी से राहुल गाँधी को पुनः चुनाव मैदान में उतारकर 2019 जैसी चुनावी टक्कर को दोहराती है या नहीं। परन्तु इस बार राहुल गांधी ने जहां अमेठी के साथ लगती अपने परिवार की पुश्तैनी व पारंपरिक सीट रायबरेली से चुनाव लड़ा वहीं अमेठी से स्मृति ईरानी के मुकाबले अपने 40 वर्षों के पारिवारिक विश्वासपात्र तथा अमेठी व रायबरेली में राजीव गाँधी से लेकर सोनिया गांधी तक के सहयोगी,कांग्रेस नेता किशोरी लाल शर्मा को चुनाव मैदान में उतारकर पूरे देश को हैरत में डाल दिया।

चुनाव प्रचार के शुरूआती दौर में लोग यही समझ रहे थे कि कांग्रेस ने स्मृति ईरानी के सामने किशोरी लाल शर्मा को यही सोचकर मैदान में उतारा है कि यदि वे हार भी गये तो कम से कम कांग्रेस को वह अपमान नहीं सहना पड़ेगा जो राहुल को अमेठी से पुनः लड़वाने व संभवतः पुनः पराजित होने से सहना पड़ेगा। परन्तु अमेठी के मतदाताओं ने तो हर कीमत पर स्मृति ईरानी के गुरूर व घमंड को चकनाचूर करने के साथ ही 2019 में राहुल गाँधी को यहाँ से हराने के लिये पश्चात्ताप करने के लिये कमर कस ली थी।

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंजीनियर कैसे बनें

विजय गर्ग

**आर्टिफिशियल** इंटेलिजेंस (एआई) एक तेजी से विकसित होने वाला क्षेत्र है जिसमें विभिन्न उद्योगों को बदलने और हमारे रोजमर्रा के जीवन को बेहतर बनाने की असीमित क्षमता है। यदि आप ऐसे व्यक्ति हैं जो प्रौद्योगिकियों और समस्या-समाधान से आकर्षित हैं, तो एआई इंजीनियर के रूप में करियर शुरू करना एक रोमांचक और फायदेमंद विकल्प हो सकता है। चूंकि आप इस क्षेत्र में नए हैं, इसलिए आपको एआई शब्द और एआई इंजीनियरिंग को कैसे आगे बढ़ाया जाए, इसके बारे में स्पष्ट नहीं होना चाहिए। इसीलिए हम आपके लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए वह सभी जानकारी प्रदान कर-के आपकी सहायता करने के लिए यहां हैं जो आप चाहते हैं। एआई क्या है और 2024 में 12वीं के बाद एआई इंजीनियर कैसे बनें, इस पर संपूर्ण गाइड देखें। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्या है? एआई के जनक जॉन एमसी कैर्थी के अनुसार, "बुद्धिमान मशीनें, विशेष रूप से बुद्धिमान कंप्यूटर प्रोग्राम बनाने का विज्ञान और इंजीनियरिंग"। एआई क्या है? ऐआई शब्द दो शब्दों त्नआर्टिफिशियल (ए) + इंटेलिजेंस (आई)त्न से मिलकर बना है। ऐ शब्द का अर्थ "मानव निर्मित" है और आई का अर्थ "सोचने की शक्ति" है, और जब हम ऐआई को जोड़ते हैं तो इसका अर्थ "मानव निर्मित सोच शक्ति" होता है। यह कंप्यूटर विज्ञान की एक शाखा है जिसमें हम बुद्धिमान मशीनें बना सकते हैं जो इंसानों की तरह व्यवहार करती हैं, इंसानों की तरह सोचती हैं और निर्णय लेती हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंप्यूटर सिस्टम की मानव व्यवहार की नकल करने की क्षमता को संदर्भित करता है। एआई क्षमताओं वाली मशीनें पिछले डेटा और कार्यों से सीख सकती हैं, सुधार कर सकती हैं और मानव जैसे कार्य कर सकती हैं। एआई के प्रकार ऐआई के दो मुख्य प्रकार हैं: नैरो ऐआई और जनरल ऐआई। नैरो एआई, जिसे कमजोर एआई के रूप में भी जाना जाता है, विशिष्ट कार्यों को करने के लिए डिजाइन किया गया है और उन क्षेत्रों में अत्यधिक कुशल है। उदाहरणः वाक पहचान प्रणालियाँ वाक से संबंधित केवल एक ही कार्य कर सकती हैं और छवि पहचान प्रणालियाँ केवल छवियों से संबंधित संकेत पर ही कार्य कर सकती हैं।

# पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत



एजेंसी
नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में लगातार जारी गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर आज अमेरिकी क्रूड 2.30 प्रतिशत फिसलकर 72.51 डॉलर प्रति बैरल पर और लंदन ब्रेंट क्रूड 2.00 प्रतिशत लुढ़ककर 76.79 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

# मारुति की गाड़ी खरीदना अब और आसान

नई दिल्ली। यात्री वाहन बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने डीलर इन्वेंट्री फंडिंग के लिए डीबीएस बैंक के साथ एक समझौता किया है। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि यह नया समझौता देश भर में 3,863 से अधिक मारुति सुजुकी बिक्री आउटलेटों के लिए व्यापक इन्वेंट्री फंडिंग विकल्पों को बढ़ाता है। कंपनी के विपणन और बिक्री के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी पार्थो बनर्जी ने कहा कि यह साझेदारी देश भर में मारुति सुजुकी के व्यापक डीलर नेटवर्क को उनकी बढ़ती व्यावसायिक जरूरतों के अनुरूप नवीन वित्तीय उत्पाद प्रदान करने की दिशा में एक कदम है। यह रणनीतिक गठबंधन हमारे डीलर भागीदारों के लिए व्यापक कार्यशील पूंजी समाधान प्रदान करने के लिए एमएसआईएल और डीबीएस बैंक इंडिया की संयुक्त क्षमताओं का उपयोग करके बैंक के साथ हमारे संबंधों को मजबूत करता है। बैंक के प्रबंध निदेशक और वैश्विक लेनदेन सेवाओं, एसएमई और संस्थागत देयता व्यवसाय के प्रमुख दिव्येश दलाल ने कहा कि डीबीएस बैंक इंडिया एसएमई और घरेलू उपस्थिति के लिए अपने अग्रणी डिजिटल आपूर्ति श्रृंखला समाधानों का लाभ उठाएगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि एमएसआईएल डीलरों को पूरे देश में समर्थन मिले।

# टाटा मोटर्स फाइनेंस का टाटा कैपिटल के साथ विलय को निदेशक मंडल की मंजूरी

नई दिल्ली । टाटा मोटर्स फाइनेंस का टाटा कैपिटल के साथ विलय को उनके संबंधित निदेशक मंडलों से मंजूरी मिल गयी है। टाटा मोटर्स फाइनेंस लिमिटेड, टाटा मोटर्स लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है। वाहन कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसके निदेशक मंडल ने टाटा मोटर्स फाइनेंस लिमिटेड का टाटा कैपिटल लिमिटेड के साथ विलय को मंजूरी दे दी है। सूचना में कहा गया है, ''टाटा मोटर्स लिमिटेड (टीएमएल), टाटा कैपिटल लिमिटेड (टीसीएल) और टाटा मोटर्स फाइनेंस लिमिटेड (टीएमएफएल) के निदेशक मंडलों ने आज एनसीएलटी व्यवस्था योजना के माध्यम से टीएमएफएल का टीसीएल के साथ विलय को मंजूरी दे दी है।'' इस विलय के तहत टीसीएल अपने इक्विटी शेयर टीएमएफएल के शेयरधारकों को जारी करेगा, जिसके परिणामस्वरूप टाटा मोटर्स के पास विलय की गई इकाई में प्रभावी रूप से 4.7 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। इसमें कहा गया है कि यह लेनदेन वाहन कंपनी के गैर-प्रमुख व्यवसायों से बाहर निकलने और उभरती प्रौद्योगिकियों और उत्पादों पर अपने पूंजीगत व्यय को केंद्रित करने के घोषित उद्देश्य के अनुरूप है। टाटा मोटर्स ने कहा कि इस योजना सेबी, रिजर्व बैंक, एनसीएलटी और टीसीएल तथा टीएमएफएल के सभी शेयरधारकों तथा कर्जदाताओं के अनुमोदन पर निर्भर करेगी तथा इसे पूरा होने में नौ से 12 महीने लगेंगे।

# आईएटीए ने GST शुल्क पर विदेशी एयरलाइनों के खिलाफ जांच पर जतायी चिंता

दुबई । वैश्विक एयरलाइन समूह आईएटीए ने एक भारतीय एजेंसी द्वारा कुछ विदेशी एयरलाइनों पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) से संबंधित कुछ शुल्कों की जांच को लेकर चिंता जाहिर की। जीएसटी खुफिया महानिदेशालय (डीजीजीआई) ने भारत में परिचालन करने वाली कुछ विदेशी एयरलाइन के खिलाफ जांच शुरू कर है। आईएटीए के भारत के 'कंट्री डायरेक्टर' अमिताभ खोसला ने यहां कहा कि फिलहाल 10 विदेशी एयरलाइन के खिलाफ जांच की जा रही है और यह कदम ''अभूतपूर्व'' है। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) ने इस मुद्दे पर भारत सरकार को एक विस्तृत प्रतिवेदन दिया है। एयरलाइनों को अक्टूबर 2023 से नोटिस मिले हैं।

# भारत का शिक्षा और स्किल बाजार होगा साल 2030 तक 313 अरब डॉलर

एजेंसी
नई दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार हो या सराफा बाजार बीते कुछ साल में हर तरफ जबरदस्त तेजी दिख रही है. भारतीय अर्थव्यवस्था की तेज विकास दर इसके ग्रोथ में बड़ी भूमिका निभा रही है. इसी तरह एक और बाजार है जो तेजी से ग्रोथ कर रहा है और महज 10 साल के भीतर इसके दोगुना हो जाने का अनुमान है. भारत में शिक्षा और स्किल का बाजार काफी तेजी से बढ़ रहा है.

कैंब्रिज एजुकेशन लैब ने अनुमान लगाया है कि भारत का शिक्षा और स्किल बाजार साल 2030 तक 313 अरब डॉलर (करीब 26 लाख करोड़ रुपये) तक पहुंच सकता है. यह साल 2020 तक महज 180 अरब डॉलर (करीब 15 लाख करोड़ रुपये) का था. इसका मतलब हुआ कि महज 10 साल के भीतर देश का शिक्षा एवं स्किल बाजार करीब दोगुना बढ़ सकता है.

तेज विकास का फायदा उठाएं सीईएल के संस्थापक सुयश भट्ट ने कहा, हमारी संस्था ने भारत के साथ



यूके, फिनलैंड, इंडोनेशिया और एस्टोनिया में कई शिक्षा सम्मेलन आयोजित किए हैं और अब स्कूल लीडरों, शिक्षकों और छात्रों के लिए कई किफायती शिक्षा कार्यक्रम विकसित करने पर विचार कर रहा है. सीईएल प्रोग्राम ने जम्मू और कश्मीर से लेकर तमिलनाडु तक भारत के कई राज्यों के 60 से अधिक स्कूलों और 1,00,000 से अधिक छात्रों को सीधे तौर पर प्रभावित किया है. दुनियाभर के निवेशक भारत में शिक्षा के इन्?फ्रा में पैसे लगाना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए हमें अपनी शिक्षा प्रणाली बदलनी होगी.

मजबूत करना होगा बुनियादी ढांचा भारतीय शिक्षा एवं स्किल बाजार को ग्लोबल लेवल पर मुकाबले के लिए और विदेशी निवेश लाने के लिए Basicढांचे को और मजबूत बनाना होगा. इसमें कैम्ब्रिज एजुकेशन लैब भी अपना योगदान दे रहा है. इस संस्?था ने देश के टीयर 2 और टीयर 3 शहरों को भी ग?लोबल लेवल पर जोड़ने का काम शुरू किया है. इसके लिए टियर 2 और टियर 3 शहरों के छात्रों के लिए स्कॉलरशिप प्रोग्राम चलाए जा रहे. इसे जीतने वाले छात्रों को कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में एक सप्ताह का ट्रिप कराया जाएगा.

# अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 45 पैसे गिरकर 83.59 पर बंद हुआ

एजेंसी
मुंबई। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 45 पैसे गिरकर 83.59 (अनंतिम) पर बंद हुआ, क्योंकि सत्तारूढ़ भाजपा को लोकसभा चुनावों में पूर्ण बहुमत मिलने की संभावना नहीं हैइसके अलावा, विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में भारी बिकवाली और विदेशों में प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के मजबूत होने से भी निराशा बढ़ी है।अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में स्थानीय मुद्रा 83.25 पर कमजोर खुली और सत्र के दौरान डॉलर के मुकाबले 83.23 के उच्च स्तर और 83.59 के निम्न स्तर के बीच झूलती रही।घरेलू मुद्रा अंत में डॉलर के मुकाबले 83.59 (अनंतिम) पर बंद हुई, जो पिछले बंद से 45 पैसे की गिरावट दर्शाता है।सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 83.14 पर बंद हुआ था। मतदान में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के लिए लोकसभा चुनाव में निराशाजनक नतीजे आए हैं। ऐसा लगता है कि एनडीए अपने गढ़ उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान में भारी हार का सामना कर रहा है, हालांकि उसे करीब 290 सीटों के साथ सरकार बनाने की उम्मीद है।अपने दम पर भारतीय जनता पार्टी 236 सीटों पर बढ़त के साथ बहुमत के आंकड़े से पीछे रह गई है, हालांकि ओडिशा,हस्त्रद्धह्यद्धड्ड तेलंगाना और केरल में उसे काफी बढ़त मिली है।

इससे हिंदी पट्टी में अप्रत्याशित नुकसान के बाद पार्टी को कुछ राहत मिली है।इसका प्रतिद्वंद्वी भारत गठबंधन करीब 230 सीटों पर आगे चल रहा है। पिछले चुनाव में भाजपा के पास अकेले 303 सीटें थीं, जबकि एनडीए के पास 350 से अधिक सीटें थीं। चुनाव परिणामों को लेकर अनिश्चितता के बीच घरेलू बाजारों में तेज गिरावट के कारण आज रुपये में गिरावट आई। इससे विदेशी निवेशकों द्वारा कुछ बिकवाली भी हो सकती है। कमजोर यूरो के कारण कल के नुकसान से अमेरिकी डॉलर में सुधार हुआ, जो निराशाजनक रोजगार आंकड़ों के कारण गिरा था। शेयरखान बाय बीएनपी प रिबास के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, ÷आईएसएम विनिर्माण पीएमआई और निर्माण खर्च अपेक्षा से कमजोर रहने के कारण सोमवार को अमेरिकी डॉलर में गिरावट आई। इस बीच, छह मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर इंडेक्सः अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 45 पैसे गिरकर 83.59 पर बंद हुआ 0.17 प्रतिशत बढ़कर 104.25 पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा 1.88 प्रतिशत गिरकर 76.89 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

# सीबीआईसी का 'केंद्रीय उत्पाद शुल्क विधेयक, 2024' के मसौदे पर सुझाव आमंत्रित

एजेंसी
नई दिल्ली। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने 'केंद्रीय उत्पाद शुल्क विधेयक, 2024' के मसौदे पर सुझाव आमंत्रित किए हैं। सीबीआईसी ने हितधारकों से पूर्व-निर्धारित प्रारूप में 26 जून 2024 तक सुझाव मांगा है।

वित्त मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि सीबीआईसी ने हितधारकों से 'केंद्रीय उत्पाद शुल्क विधेयक, 2024' के मसौदे पर 26 जून 2024 तक सुझाव आमंत्रित किए हैं। सीबीआईसी ने इस विधयेक का मसौदा तैयार किया है।




मंत्रालय ने हितधारकों से 21 दिनों के भीतर निम्नलिखित प्रारूप में सुझाव आमंत्रित करने के लिए मसौदा 'केंद्रीय उत्पाद शुल्क विधेयक, 2024' को सीबीआईसी की वेबसाइट https://www.cbic.gov.in पर अपलोड किया गया है। मंत्रालय के मुताबिक 'केंद्रीय उत्पाद शुल्क विधेयक 2024' अधिनियमित होने के बाद यह विधेयक केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम, 1944 की जगह लेगा। विधेयक का उद्देश्य एक व्यापक आधुनिक केंद्रीय उत्पाद शुल्क कानून बनाना है, जिसमें कारोबार को आसान बनाने और पुराने तथा अनावश्यक प्रावधानों को समाप्त करने पर जोर दिया जाएगा। विधेयक में बारह अध्याय, 114 (एक सौ चौदह) धाराएं और दो अनुसूचियां शामिल हैं। गौरतलब है कि सीबीआईसी वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के समग्र निर्देशन और नियंत्रण में कार्य करता है।

# एयरटेल का टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए प्लान

एजेंसी
नई दिल्ली। दूरसंचार सेवा प्रदाता एयरटेल ने आज टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट को ध्यान में रखते हुए ग्राहकों के लिए विशेष पैक पेश किए। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि निर्बाध और निरंतर मैच देखने के अनुभव को सुनिश्चित करने के लिए, एयरटेल अपने प्रीपेड, पोस्टपेड, इंटरनेशनल रोमिंग, होम ब्रॉडबैंड और एयरटेल डिजिटल टीवी उपयोगकर्ताओं के लिए भारत में दुनिया के सबसे बड़े टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के आधिकारिक स्ट्रीमिंग पार्टनर डिज्नी प्लस हॉटस्टार की तीन महीने की सदस्यता प्रदान कर रहा है। टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए प्रीपेड प्लान 499 रुपए से शुरू होते हैं और 28 दिनों के लिए हाई-स्पीड 3जीबी डेटा के साथ-साथ डिज्नी प्लस हॉटस्टार के तीन महीने के सब्सक्रिप्शन के साथ आते हैं। इस प्लान में एयरटेल एक्सस्ट्रीम प्ले पर 20 से ज्यादा ओटीटी को मुफ्त में अनलॉक किया जाता है। 839 रुपए में 84 दिनों की योजना भी उपलब्ध है जो प्रतिदिन 2जीबी डेटा के साथ समान लाभ प्रदान करती है। 3359 रुपए की वार्षिक योजना में डिज्नी प्लस हॉटस्टार की एक साल की बंडल सदस्यता है, साथ ही एक्सस्ट्रीम ऐप पर ओटीटी प्लेटफ़ॉर्म तक पहुंच और प्रतिदिन 2.5 जीबी डेटा भी शामिल है। पोस्टपेड प्लान में एक साल का डिज्नी प्लस हॉटस्टार सब्सक्रिप्शन, साथ ही एक्सस्ट्रीम ऐप पर 20 से अधिक ओटीटी प्लेटफॉर्म तक पहुंच, अनलिमिटेड 5जी डेटा और पारिवारिक ऐड-ऑन लाभ भी शामिल है।

# हवाई यात्रियों की 'चेक-इन' सुविधा के लिए एयर इंडिया ने दिल्ली मेट्रो और डीआईएएल से साझेदारी की

एजेंसी
नई दिल्ली। टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया ने राजधानी नई दिल्ली के दो मेट्रो स्टेशनों पर हवाई यात्रियों की 'चेक-इन' सुविधा के लिए दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) और दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डीआईएएल) के साथ साझेदारी की है। यह सेवा नई दिल्ली और शिवाजी स्टेडियम मेट्रो स्टेशन पर सुबह 7 बजे से रात नौ बजे तक उपलब्ध होगी।

एयर इंडिया ने एक बयान में कहा कि इस साझेदारी के तहत यात्रियों का सामान डीएमआरसी और डीआईएएल के उन्नत स्वचालित तंत्र के जरिए सुरक्षित रूप से विमान में चढ़ा दिया जाता है। एयरलाइंस ने बताया कि वर्तमान में घरेलू हवाई यात्रा के लिए उपलब्ध यह सेवा अब अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को भी दी जाएगी। कंपनी के मुताबिक अब आप शिवाजी स्टेडियम और नई दिल्ली मेट्रो स्टेशनों पर सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक चेक-इन और बैगेज ड्रॉप का लाभ उठा सकते हैं। यह सेवा आपको घरेलू उड़ानों से 12 से 2 घंटे पहले और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से 4 से 2 घंटे पहले चेक-इन



करने की सुविधा देती है, जिससे बाहरी यात्रियों को बैगेज-फ्री शहर घूमने का विकल्प मिलता है। इस सहयोग का उद्देश्य आपकी यात्रा के अनुभव को आसान और अधिक कुशल बनाना है, जिससे दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 तक मेट्रो यात्रा में 20 मिनट से भी कम समय लगेगा। एयर इंडिया के मुख्य ग्राहक अनुभव अधिकारी राजेश डोगरा ने जारी बयान में कहा कि यह पहल न केवल दूरदराज स्थानों से आने वाले यात्रियों को एक किफायती विकल्प प्रदान करती है, बल्कि हवाई अड्डे पर भीड़ को नियंत्रित करने में भी मदद करती है, जिससे हमारे सभी ग्राहकों को बेहतर अनुभव होता है। यह पहल हमारे ग्राहकों की सहूलियत में काफी हद तक इजाफा करेगी। मेट्रो में सहज चेक-इन के साथ अपने यात्रा अनुभव को बेहतर बनाएं!

# सर्राफा बाजार में गिरावट जारी, सस्ता हुआ सोना, चांदी में भी गिरावट

एजेंसी
नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के परिणाम वाले दिन भी घरेलू सर्राफा बाजार में सोना और चांदी सस्ता हुआ है। बाजार में आई इस गिरावट के कारण देश के सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 72,100 रुपये से लेकर 72,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 66,090 रुपये से लेक्र 66,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में भी आज गिरावट दर्ज की गई है। इस गिरावट के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 92,700 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,100 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 72,710 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,650 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।




इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,140 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 72,100 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 66,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 66,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में आज गिरावट आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 72,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 66,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# करदाताओं को रिफंड हासिल के लिए बैंक खाते को करना होगा सत्यापित

नई दिल्ली। आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने वाले करदाताओं के लिए काम की खबर है। इनकम टैक्स विभाग ने करदाताओं को रिफंड प्राप्त करने के लिए बैंक अकाउंट को सत्यापित करने की सलाह दी है।

आयकर विभाग ने मंगलवार को 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में करदाताओं को रिफंड प्राप्त करने के लिए अपने बैंक खाते को सत्यापित करने हेतु एक अनुस्मारक जारी किया है। विभाग ने जिन करदाताओं के पास कोई वैध बैंक अकाउंट नहीं है, उन्हें ई-मेल और एसएमएस के माध्यम से सूचित भी किया है। विभाग ने करदाताओं से कहा कि ई-फाइलिंग पोर्टल पर अपने बैंक खाते की सत्यापन स्थिति की जांच https:ncometa&.gov.in/iec/fo portal/ पर जाकर करें। आयकर विभाग ने बैंक अकाउंट का सत्यापन करने के लिए जानकारी दी है। विभाग के अनुसार सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट https:ncometa&.gov.in/iec/fo




portal/ पर जाएं।अपने खाते में लॉगिन करें। इसके बाद प्रोफाइल पर जाएं। बैंक खाता चुनें। बैंक खाता विवरण जैसे खाता संख्या, IFSC, खाता प्रकार आदि अपडेट करें। अंत में Validate पर क्लिक करें।

नया बैंक खाता जोड़ने के लिए सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट https:ncometa&.gov.in/iec/fo portal/पर जाएं। अपने खाते में लॉगिन करें। इसके बाद प्रोफाइल पर जाएं।माई बैंक अकाउंट पर क्लिक करें। इसके बाद बैंक खाता जोड़ें पर क्लिक करें। अंत में Validate पर क्लिक करें।


# चुनाव नतीजों से शेयर बाजार में कोहराम, निवेशकों के 29.14 लाख करोड़ स्वाहा

एजेंसी
नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव परिणाम के कारण घरेलू शेयर बाजार में कोहराम की स्थिति बन गई। शेयर बाजार आज करीब 6 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत भी गिरावट के साथ हुई थी, लेकिन दिन के कारोबार में मतगणना के रुझानों से बाजार पर लगातार दबाव बढ़ता गया।

बाद में रुझानों से केंद्र में भाजपा की अगुवाई वाली एनडीए सरकार बनने की स्पष्ट संभावना नजर आने लगी, तो शेयर बाजार निचले स्तर से कुछ हद तक रिकवरी करने में भी सफल रहा। आज की गिरावट के कारण इंट्रा-डे में सेंसेक्स 6,200 अंक से अधिक टूट गया। इसी तरह निफ्टी भी इंट्रा-डे में करीब 2,000 अंक लुढ़क गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 5.72 प्रतिशत और निफ्टी 5.93 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। बाजार में मची भगदड़ के कारण निवेशकों को आज 29 लाख करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हो गया। कोरोना काल के बाद शेयर बाजार में पहली बार इतनी जोरदार गिरावट देखी गई।

आज के कारोबार के दौरान बीएसई के इंडस्ट्रियल, यूटिलिटी, एनर्जी, टेलीकॉम, ऑयल एंड गैस, कैपिटल गुड्स और पावर इंडेक्स में 10 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। इसी तरह पीएसयू बैंक और मेटल सेक्टर के शेयरों में भी आज चौतरफा बिकवाली होती रही। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 8.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 6.79 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज बाजार की कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 29 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 396.77 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन



425.91 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 29.14 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,934 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 498 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 3,339 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 97 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,317 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 110 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 2,207 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 2 शेयर बढ़त के साथ और 28 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 8 शेयर हरे निशान में और 42 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 183 अंक लुढ़क कर 76,285.78 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली के दबाव के कारण ये सूचकांक 2,809.49 अंक टूट कर 73,659.29 अंक के स्तर तक पहुंच गया। लेकिन इसके बाद मतगणना में भाजपा की स्थिति में सुधार होता देख कर खरीदारों ने भी लिवाली शुरू कर दी, जिसके कारण ये सूचकांक करीब 2,700 अंक की रिकवरी करके 76,300 अंक तक पहुंचने में सफल रहा। लेकिन इसके बाद जैसे-जैसे मतगणना के रुझान साफ होते गए, वैसे-वैसे बाजार में गिरावट बढ़ती चली गई। लगातार हो रही बिकवाली के कारण दोपहर 12 बजे के थोड़ी देर बाद सेंसेक्स 6,234.35 अंक यानी 8.15 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 70,234.43 अंक के स्तर तक पहुंच गया। इस समय तक मतगणना के रुझानों से स्पष्ट होने लगा कि भाजपा अपने दम पर भले ही सरकार न बना सके, लेकिन इस बार भी केंद्र में भाजपा की अगुवाई वाली एनडीए की सरकार ही बनने जा रही है। इस संभावना के कारण खरीदारों ने एक बार फिर उत्साहित होकर लिवाली शुरू कर दी। आखिरी दौर की खरीदारी के कारण सेंसेक्स निचले स्तर से 1,844.62 अंक की रिकवरी करके 4,389.75 अंक की गिरावट के साथ 72,079.05 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

# 2028 तक 450 लाख वर्ग फीट क्षेत्र में करीब 90 रिटेल प्रॉपर्टी बनेंगी

एजेंसी
दिल्ली। जेएलएल इंडिया के अनुसार, बिल्डरों को खुदरा विक्रेताओं से गुणवत्तापूर्ण संपत्तियों की मांग में वृद्धि की उम्मीद है, क्योंकि 2028 तक सात प्रमुख शहरों में लगभग 90 खुदरा रियल एस्टेट संपत्तियां, जिनमें लगभग 450 लाख वर्ग फुट जगह शामिल है, बनने की उम्मीद है। रियल एस्टेट कंसल्टेंट जेएलएल इंडिया ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कम से कम 10 लाख वर्ग फुट के क्षेत्र में 12 बड़े आकार की परियोजनाएं होंगी। दिल्ली-एनसीआर में अगले पांच वर्षों में 25 लाख वर्ग फुट से अधिक के दो खुदरा केंद्र होंगे।अगले पांच वर्षों में, त्त2 2024-अंत 2028 में संगठित खुदरा स्थान निर्माण में तेजी देखी जाएगी। भारत के शीर्ष सात शहर (मुंबई, दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे, कोलकाता और चेन्नई) 88 नए खुदरा विकास के माध्यम से लगभग 45 मिलियन (450 लाख) वर्ग फुट का स्वागत करेंगे, जो पिछले दशक (2014-2023) की आपूर्ति से आगे निकल जाएगा, जो लगभग 38 मिलियन (380 लाख) वर्ग फुट थी,÷ छ्रूरु ने कहा। सलाहकार ने कहा कि आगामी खुदरा विकास पिछले दशक में चालू हुए खुदरा विकास की तुलना



में आकार में बड़े होंगे।पिछले दस वर्षों में, नई खुदरा आपूर्ति का औसत आकार लगभग 3,91,099 वर्ग फीट रहा है। हालांकि, 2024-2028 की अप्रैल-जून अवधि के दौरान नई आपूर्ति के जुड़ने के साथ यह 30 प्रतिशत बढ़कर 5,07,341 वर्ग फीट तक पहुंचने की उम्मीद है। सलाहकार ने कहा, मनोरंजन, अवकाश गतिविधियों और भोजन विकल्पों को शामिल करने वाले बड़े विकास आधुनिक उपभोक्ता की जरूरतों को पूरा करने वाले व्यापक गंतव्य बना रहे हैं। जेएलएल के आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2024 तक खुदरा अचल संपत्ति का कुल स्टॉक लगभग 89 मिलियन (890 लाख) वर्ग फुट था। JLL के ऑफिस लीजिंग एडवाइजरी और रिटेल सर्विसेज, इंडिया के प्रमुख राहुल अरोड़ा ने कहा, मौजूदा खुदरा स्टॉक, जो 89 मिलियन वर्ग फुट है, 50 प्रतिशत बढ़कर 2028 के अंत तक 134 मिलियन वर्ग फुट तक पहुंचने की उम्मीद है। अगले पांच वर्षों में आपूर्ति में दिल्ली एनसीआर की सबसे अधिक हिस्सेदारी (43 प्रतिशत) होने की उम्मीद है, इसके बाद हैदराबाद की 21 प्रतिशत और चेन्नई की 13 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी।

# इंडोनेशिया के दक्षिणी सुमात्रा में भूकंप के झटके




एजेंसी

**हांगकांग।** इंडोनेशिया के दक्षिणी सुमात्रा में बुधवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज के मुताबिक 02:20 बजे (ग्रीनविच मीन टाइम) आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.7 मापी गयी। भूकंप का केंद्र 3.66 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 100.68 डिग्री पूर्वी देशांतर तथा जमीन की सतह से 10.0 किलोमीटर की गहराई पर रहा।

# चीन की कोयला खदान में बाढ़ से तीन लोगों की मौत



**जिनान।** पूर्वी चीन के शेडोंग प्रांत में बाढ़ से कोयला खदान में फंसे आठ लोगों में से तीन की मौत हो गयी है। बचावकर्मियों ने बुधवार को कहा कि खोज और बचाव अभियान समाप्त होने के बाद सभी लोगों को ढूंढ लिया गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में पांच लोगों की स्थिति स्थिर है और तीन की मौत हो गई है। शनिवार को ताइआन शहर के निंगयांग काउंटी में हुआफेंग कोयला खदान में बाढ़ शाम करीब पांच बजे आई।। खदान में काम कर रहे 10 लोगों में से दो भागने में सफल रहे जबकि आठ लोग फंस गए।

## नेहरू के बाद मोदी लगातार तीसरा कार्यकाल शुरू करने वाले प्रधानमंत्री बनेः द न्यूयार्क टाइम्स



एजेंसी

**वाशिंगटन।** भारत के आम चुनाव के नतीजे पर दुनियाभर के प्रमुख संचार माध्यमों ने अपनी टिप्पणियों के साथ चर्चा की है। पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान से लेकर मालदीव तक गूंज है। अमेरिका के प्रमुख समाचार पत्र द न्यूयार्क टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में दिए गए संदर्भ में टिप्पणी की है कि नेहरू के बाद मोदी लगातार तीसरा कार्यकाल शुरू करने वाले प्रधानमंत्री बने। अखबार ने लिखा है कि नतीजों ने संकेत दिया कि नरेन्द्र मोदी की भारतीय जनता पार्टी अभी भी अधिकांश संसदीय सीटें जीतेगी...। सरकार बनाने के लिए उसे संभवतः अपने गठबंधन में छोटे दलों की आवश्यकता होगी। द न्यूयार्क टाइम्स ने लिखा है- 'मोदी पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के बाद लगातार तीसरा कार्यकाल शुरू करने वाले दूसरे भारतीय नेता होंगे। मोदी ने कल इसे भारत के इतिहास में एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया।'

# पाकिस्तान में ईसाई बुजुर्ग की पिटाई से मौत

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में ईशनिंदा के आरोप में पिछले सप्ताह हिंसक भीड़ द्वारा गंभीर रूप से घायल किए एक बुजुर्ग ईसाई व्यक्ति की मौत हो गई है। पुलिस ने यह जानकारी दी। कट्टरपंथी इस्लामवादी तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में एक उग्र भीड़ ने 25 मई को लाहौर से लगभग 200 किलोमीटर दूर पंजाब के सरगोधा जिले के मुजाहिद कॉलोनी में ईसाई समुदाय के सदस्यों पर हमला किया, जिसमें दो ईसाई और 10 पुलिसकर्मी घायल हो गए। भीड़ ने ईसाइयों के घरों और संपत्तियों को जला दिया और लूटपाट की। पुलिस के अनुसार, भीड़ ने नजीर मसीह उर्फ लजार मसीह नामक बुजुर्ग ईसाई के घर और जूता फैक्ट्री को घेर लिया और उन पर कुरान के अपमान का आरोप लगाया। उग्र भीड़ ने जूता फैक्ट्री, कुछ दुकानों और कुछ घरों में आग लगा दी। एफआईआर में कहा गया है, उन्होंने मसीह को भी बेरहमी से जला दिया, लेकिन समय पर भारी पुलिस बल के पहुंचने से मसीह और ईसाई समुदाय के 10 अन्य सदस्यों को बचा लिया गया। एफआईआर में कहा गया है कि जूता फैक्ट्री के बाहर कथित तौर पर पवित्र कुरान के कुछ पन्ने पाए गए, जिससे स्थानीय लोग भड़क गए। पुलिस ने बताया कि सरगोधा स्थित संयुक्त सैन्य अस्पताल (सीएमएच) में इलाज करा रहे मसीह की रविवार को मौत हो गई।

**एफआईआर में कहा गया है कि जूता फैक्ट्री के बाहर कथित तौर पर पवित्र कुरान के कुछ पन्ने पाए गए, जिससे स्थानीय लोग भड़क गए।**

# दक्षिण अफ़्रीका के क्वाज़ुलु-नटाल प्रांत में बारिश से दस लोगों की मौत



एजेंसी

**जोहान्सबर्ग।** पूर्वी दक्षिण अफ्रीका के क्वाज़ुलु-नटाल प्रांत में हाल की भारी बारिश के कारण दस लोगों की मौत हो गई है। प्रांतीय सरकार ने यह जानकारी दी। क्वाज़ुलु-नटाल प्रांतीय सरकार ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा कि रविवार रात और प्रांत के कुछ हिस्सों में भारी बारिश, तेज हवाएं और ओलावृष्टि हुई जिसके कारण घरों और बुनियादी ढांचे को व्यापक नुकसान हुआ।

बयान के अनुसार प्रांतीय सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने आपदा राहत के आकलन और प्रावधान के लिए प्रांत के सबसे बड़े शहर डरबन के उत्तर में उथोंगथी क्षेत्र का दौरा किया है। बयान में कहा गया वे वहां तूफान से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए गए थे, जिसमें घर नष्ट हो गए और प्रांत में 10 लोगों की जान चली गई। प्रांतीय सरकार ने कहा कि उमगाबाबा, डरबन सेंट्रल और शहर के पश्चिमी हिस्सों सहित डरबन के आसपास के अन्य इलाकों में भी भारी बारिश हुई, जिससे कुछ घरों और सड़कों पर पानी भर गया।

# ब्रिटेन के लिए जासूसी कर रहे दो चीनी नागरिक गिरफ्तार

एजेंसी

**बीजिंग।** चीन ने अपने दो नागरिकों को ब्रिटेन के लिए जासूसी करने पर गिरफ्तार कर लिया है। यह खुलासा चीनी खुफिया एजेंसी ने करते हुए गताया कि दोनों नागरिक ब्रिटेन की खुफिया एजेंसी एमआई-6 के लिए काम कर रहे थे। गिरफ्तार होने वाले एक दंपति को पकड़ा है। चीन की खुफिया एजेंसी और राज्य सुरक्षा मंत्रालय (एमएसएस) ने कहा है कि उन्होंने एमआई-6 से जुड़े एक महत्वपूर्ण जासूसी मामले का खुलासा किया है। सरकार के महत्वपूर्ण विभाग में कार्य करने वाले दोनों नागरिकों से ब्रिटेन की ओर से जासूसी कराया जा रहा था। यह आरोप ब्रिटिश पुलिस के उस दावे के कुछ हफ्ते बाद सामने आया है, जिसमें उन्होंने तीन लोगों को हांगकांग की खुफिया एजेंसी के लिए कार्य करने में हिरासत में लिया था। पकड़े गए दंपति का सिर्फ सरनेम जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि वांग और जोउ को एमआई-6 की ओर से भर्ती किया गया था। वांग 2015 में ब्रिटेन पढ़ने के लिए गया था। वहां अपनी पत्नी से मिला। वहां वांग को होटल रूम और देशभर में घूमने की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। साथ ही पैसे भी दिए गए थे। दंपति ने चीनी सरकार के लिए केंद्रीय राज्य एजेंसी में काम किया और सरकार की खुफिया जानकारी एमआई-6 को दी। चीनी दावों के बारे में पूछे जाने पर ब्रिटिश प्रधानमंत्री के प्रवक्ता ने कहा कि हमारी खुफिया एजेंसियों के काम या सुरक्षा मामलों पर टिप्पणी न करने की सरकार की दीर्घकालिक नीति रही है।



# अमेरिका ने की सफल चुनाव के लिए भारत सरकार और देश की जनता की सराहना

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने लोकसभा चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए भारत सरकार और देश की जनता की सराहना की। लोकसभा के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने बहुमत के आंकड़े को पार कर लिया है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रहे हैं। हालांकि, तीन हिन्दी भाषी राज्यों में भाजपा को बड़ी संख्या सीटों का नुकसान हुआ है।

भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा के सभी 543 निर्वाचन क्षेत्र के लिए अंतिम परिणाम जारी कर दिये, जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 240 और कांग्रेस को 99 सीट पर विजयी घोषित किया गया है। विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने नियमित संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''अमेरिका की ओर से, हम भारत सरकार और वहां के मतदाताओं को इतने बड़े चुनाव का आयोजन सफलतापूर्वक करने और उसका हिस्सा बनने के लिए बधाई देते हैं।''



निर्वाचन आयोग द्वारा अंतिम परिणाम घोषित किए जाने से पहले मिलर ने संवाददाताओं से कहा, ''हम अंतिम परिणाम देखने के लिए उत्सुक हैं।'' वह भारत में लोकसभा चुनावों को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा, ''मैं चुनाव जीतने और हारने वालों पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगा जैसा कि दुनियाभर में किया जाता है। हमारे लिए महत्वपूर्ण यह है कि हमने पिछले छह हफ्ते के दौरान इतिहास में लोकतंत्र की सबसे बड़ी कवायद को देखा जहां भारत के लोग मतदान के लिए घरों से बाहर निकले।'' उन्होंने अमेरिका सहित पश्चिमी देशों द्वारा भारत के चुनावों में दखल को लेकर तमाम खबरों का भी खंडन किया। वहीं, अमेरिका में भारत-केंद्रित व्यापार एवं व्यवसाय समूह 'द बोर्ड ऑफ अमेरिका-भारत स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप फोरम' (यूएसआईएसपीएफ) ने कहा, ''हमारी संस्था राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 2024 के आम चुनावों में लगातार तीसरी बार ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई देती है।'' एक बयान में, यूएसआईएसपीएफ बोर्ड ने देश के ''गौरवशाली लोकतांत्रिक इतिहास'' में एक और नया अध्याय जोड़ने के लिए भारत के नागरिकों को भी बधाई दी।

## चंद्रमा की सुदूर सतह से पत्थर-मिट्टी के नमूने लेकर रवाना हुआ चीन का अंतरिक्षयान

गाजा।

**बीजिंग।** चीन का कहना है कि चंद्रमा के सुदूर हिस्से से पत्थर और मिट्टी के नमूने लेकर एक अंतरिक्षयान चंद्र सतह से वापस पृथ्वी पर आने के लिए रवाना हो गया है। चीन राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन ने कहा कि चांग ई-6 अंतरिक्षयान के 'एसेंडर' ने बीजिंग के समयानुसार सुबह उड़ान भरी और



उसने चंद्रमा के पास पहले से निर्धारित कक्षा में प्रवेश किया। इस अंतरिक्षयान को पिछले महीने प्रक्षेपित किया गया था और इसका 'लैंडर' रविवार को चंद्रमा की एक सुदूर सतह पर उतरा। शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने अंतरिक्ष एजेंसी के हवाले से बताया कि अंतरिक्षयान ने योजना के तहत यान के 'एसेंडर' के अंदर रखे एक कंटेनर में नमूने एकत्रित किए। इस कंटेनर को एक 'री-एंट्री कैप्सूल' में रखा जाएगा जो 25 जून के आसपास चीन के आंतरिक मंगोलिया क्षेत्र के रेगिस्तान में पृथ्वी पर उतरेगा।

# ब्रिटेन में बॉलीवुड गायक सोनू निगम मानद फेलोशिप से सम्मानित

एजेंसी

**लंदन।** ब्रिटेन में बॉलीवुड गायक सोनू निगम को संगीत के क्षेत्र में उनके विश्वव्यापी प्रभाव और योगदान के लिए प्रमुख भारतीय प्रवासी छात्र संगठन ने मानद फेलोशिप से सम्मानित किया है। सोनू निगम इस समय एक संगीत कार्यक्रम में भाग लेने के लिए ब्रिटेन में मौजूद हैं। ब्रिटेन के 'नेशनल इंडियन स्टूडेंट्स एंड एलुमनाई यूनियन' (एनआईएसएयू) ने पिछले सप्ताहांत लंदन के वेम्बली एरिना में निगम की प्रस्तुति के दौरान उन्हें फेलोशिप से सम्मानित किया। लेबर पार्टी के वरिष्ठ ब्रिटिश भारतीय सांसद वीरेंद्र शर्मा और स्कूल ऑफ ओरिएंटल एंड अफ्रीकन स्टडीज (एसओएएस) में भारतीय संस्कृति के एमेरिट्स प्रोफेसर रेचल ड्वायर ने मंच पर निगम को सम्मानित किया। इससे पहले अभिनेत्री शबाना आजमी, लेखक जावेद अख्तर और अध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर समेत कई अन्य हस्तियों को यह मानद फेलोशिप प्रदान की जा चुकी है। यह फेलोशिप उन व्यक्तियों को दी जाती है जो वैश्विक मंच पर भारतीय सांस्कृतिक, शिक्षा और समाज सुधार पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालते हैं। सोनू निगम ने सम्मान प्राप्त करने के बाद कहा, ''आपके प्रेम और इस सम्मान के लिए एनआईएसएयू का धन्यवाद। मैं इसे ईश्वर की ओर से एक और अनमोल उपहार मानता हूं।''




# ताइवान के आसपास फिर दिखे चीनी लड़ाकू विमान, दोनों देशों में बढ़ा तनाव

एजेंसी

**यरुशलम।** ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने अपने एक बयान में कहा है कि मंगलवार और बुधवार की सुबह करीब 26 चीनी लड़ाकू विमान और 10 युद्धपोत ताइवान की सीमा के आसपास दिखाई दिए। ताइवान मीडिया के अनुसार, 26 लड़ाकू विमानों में से 19 चीन और ताइवान की सीमा बांटने वाली मीडियन लाइन को भी क्रॉस कर गए। चीन की इस हरकत को उकसावे वाली कार्रवाई बताया जा रहा है।

**चीन और ताइवान के बीच बढ़ा तनाव**

ताइवान के मीडिया ने बताया कि चीनी लड़ाकू विमानों के जवाब में ताइवान ने भी अपने लड़ाकू विमानों और युद्धपोतों को भेजा। साथ ही तटीय इलाकों पर अपने मिसाइल सिस्टम को भी सक्रिय कर दिया, ताकि चीन के किसी भी दुस्साहस का जवाब दिया जा सके। गौरतलब है कि ताइवान में बीती 20 मई को ही नए राष्ट्रपति लाई चिंग ते ने राष्ट्रपति पद की शपथ ली है। नई सरकार बनने के बाद से ही चीन का रुख



आक्रामक है और उसके लड़ाकू विमान और युद्धपोत लगातार ताइवान के आसपास मंडरा रहे हैं। चीन की इस कार्रवाई को उकसावे के रूप में देखा जा रहा है। दरअसल नए राष्ट्रपति लाई चिंग ते ने अपने शपथ ग्रहण समारोह के दौरान ताइवान की आजादी की बात अपने भाषण में कही, जिसने चीन को नाराज कर दिया है। हाल ही में चीन की सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी कर्नल वू कियान ने कहा था कि ताइवान की आजादी का मतलब सिर्फ युद्ध है और ताइवान में अलगाववादी गतिविधियों का समर्थन करने वाले किसी भी विदेशी हस्तक्षेप को स्वीकार नहीं किया जाएगा और उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

**चीन की सेना लगातार ताइवान पर बना रही दबाव**

चीनी सेना के अधिकारी ने कहा कि चीन का एकीकरण ऐसी घटना है, जिसे टाला नहीं जा सकता। उल्लेखनीय है कि चीन, ताइवान को अपना हिस्सा मानता है और यही वजह है कि वह ताइवान की आजादी का विरोध करता है। ताइवान में नई सरकार के गठन के बाद से ही चीन की सेना के लड़ाकू विमान आए दिन ताइवान की सीमा के आसपास मंडराते नजर आ जाते हैं। ताजा घटना को भी उसी दबाव बनाने की रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है।

# अमेरिका-मैक्सिको सीमा पर प्रवासियों को नहीं मिलेगी शरण, राष्ट्रपति बाइडन ने जारी किया आदेश

एजेंसी

**बीजिंग।** अमेरिका राष्ट्रपति जो बाइडन ने अमेरिका-मैक्सिको सीमा पर शरण मांगने वाले प्रवासियों पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी कर दिया है। बता दें कि अमेरिका में नवंबर में चुनाव होने जा रहे हैं।

कांग्रेस में द्विदलीसय सीमा सुरक्षा समझौते के विफल होने के बाद डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति कई महीनों से इस पर विचार कर रहे हैं। दरअसल कई सारे रिपब्लिकन सांसदों ने संभावित रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के कहने पर खारिज कर दिया था। जो बाइडन का यह आदेश दक्षिणी सीमा पर अतिक्रमण, प्रवासियों के शरण पर रोक लगाएगा।

प्रशासनिक अधिकारियों की मानें तो यह आदेश तब लागू होगा जब प्रवेश में बंदरगाहों के बीच सीमा मुठभेड़ की संख्या प्रतिदिन 2500 हो जाएगी। बता दें कि दैनिक औसत लगभग इससे अधिक ही है। इसलिए यह आदेश तुरंत लागू किया जाएगा। बता दें कि यह प्रतिबंध दो सप्ताह तक प्रभावी रहेगा।



जब तक कि प्रवेश के बंदरगाहों के बीच प्रतिदिन मुठभेड़ों की संख्या सात दिवसीय औसत के तहत 1,500 या उससे कम न हो जाए। आदेश लागू होते ही जो भी प्रवासी सीमा पर पहुंचेंगे, लेकिन देश वापस लौटने का डर नहीं होगा, उन्हें कुछ ही दिनों या घंटों में संयुक्त राज्य अमेरिका से वापस भेज दिया जाएगा। इन प्रवासियों पर अगले पांच साल तक प्रतिबंध और संभावित आपराधिक मुकदमा भी सजा के तौर पर किया जा सकता है। प्रतिबंध के दौरान हर शरणार्थी की जांच अमेरिका शरण अधिकारी द्वारा की जाएगी। जांच में सफल होने के बाद यातना के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन सहित मानवीय सुरक्षा के अधिक सीमित रूपों का पालन कर सकते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के आदेश को समझाते हुए प्रशासनिक अधिकारी ने बताया कि यह निर्देश ऐसे समय आया है जब दिसंबर से सीमा पर मिलने वाले प्रवासियों की संख्या में लगातार गिरावट आ रही है। वहीं एक अन्य अधिकारी ने बताया कि संख्या अभी भी बहुत अधिक है और बेहतर मौसम में आंकड़े बढ़ सकते हैं। जब मुठभेड़ की संख्या पारंपरिक रूप से बढ़ जाती है।

# जो बाइडन के बेटे हंटर की बढ़ीं मुश्किलें, बंदूक खरीदने के मामले में अभियोजन पक्ष में कहा- उन्हें नशे की लत

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बेटे हंटर बाइडन की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। अभियोजन पक्ष ने बंदूक मामले में जूरी सदस्यों के सामने अपना पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति बाइडन का बेटा एक नशे का आदी था। उसने रिवॉल्वर पाने के लिए कागजी कार्रवाई पर झूठ बोला था। अभियोजन पक्ष ने कहा कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं होता है। डेलावेयर की संघीय अदालत में जूरी ने गवाह से पहले अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष के वकीलों के बयान सुने। एफबीआई एजेंट को भी बुलाया गया। बचाव पक्ष के वकील एब्बे लोवेल ने जूरी से कहा कि ट्रायल में पेश किए सबूतों से पता चलेगा कि 54 वर्षीय हंटर बाइडन जानबूझ कर नियमों का उल्लंघन नहीं किया। यह पहली बार ऐसा हुआ जब किसी वर्तमान राष्ट्रपति के बेटे पर मुकदमा चल रहा है। इससे पहले डोनाल्ड ट्रंप पहले ऐसे राष्ट्रपति बन चुके हैं, जिन्हें अपराध के लिए दोषी ठहराया गया है। अमेरिकी न्याय विभाग के वकील डेरेक हाइंस ने जूरी



सदस्यों को अक्तूबर 2018 की घटनाओं के बारे में बताया था, जब हंटर बाइडन ने बंदुक खरीदते समय बैकग्राउंड की जांच के दौरान ड्रग्स के उपयोग को लेकर झूठ बोला था। हाइंस ने कहा, ÷यह गैरकानूनी था, क्योंकि वह नशे का आदी था। हंटर बाइडन ने तीन आरोपों में दोषी न होने की बात कही थी, जिसमें कोल्ट कोबरा 38-कैलिबर रिवॉल्वर खरीदने के दौरान अवैध दवाओं के उपयोग का खुलासा न करने और अक्तूबर 2018 में 11 दिनों के लिए अवैध रूप से हथियार रखने का आरोप शामिल हैं।÷ बचाव पक्ष के वकील ने जूरी से सबूतों को ध्यान से सुनने की अपील की। उन्होंने बताया कि बंदूक खरीदने के दौरान एक फॉर्म में हंटर बाइडन से यह पूछा गया था कि वह र्तमान में नशे के आदी है या नहीं। उनसे यह नहीं पूछा गया कि उन्होंने कभी पहले इसका इस्तेमाल किया था नहीं। पिछले साल अदालत ने माना था कि हंटर ने हथियार खरीदने के लिए कई बार झूठ बोला है। उन पर अक्तूबर 2018 में बंदूक खरीदने के दौरान अपनी नशे की लत को लेकर झूठ बोलने का भी आरोप है। कहा गया था कि हंटर ने जब अक्तूबर 2018 में डेलावेयर के कॉल्ट कोबरा स्पेशल स्टोर से बंदूक खरीदी थी। तो उस समय बंदूक खरीदने के लिए उन्होंने जो फॉर्म भरे थे, उसमें उन्होंने झूठी जानकारी दी थी। उन्होंने उस समय कहा था कि वह ड्रग्स का आदी नहीं है जबकि ऐसा नहीं था। एक रिपोर्ट के अनुसार अदालत ने हंटर को इस मामले में दोषी माना है।

## श्रीलंका ने जब्त की 15 समूहों-210 लोगों की संपत्ति

एजेंसी

**काठमांडू।** श्रीलंका में आतंकवादी और चरमपंथी गतिविधियों में कथित तौर पर शामिल लिट्टे सहित 15 संस्थाओं और 210 लोगों के सभी फंड, अन्य वित्तीय संपत्तियों और आर्थिक संसाधनों को जब्त किया गया है। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट के मुताबिक, रक्षा सचिव जनरल (सेवानिवृत्त) कमल गुणरत्ने के नाम से गजट अधिसूचना जारी की गई। इसमें कहा गया कि संबंधित कानून के तहत नामित और सूचीबद्ध किसी भी व्यक्ति, संस्था या ईकाई के स्वामित्व वाले सभी फंड, अन्य वित्तीय संपत्ति और आर्थिक संसाधनों को जब्त करने का आदेश जारी किया जाए। इन 15 संगठनों में लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे), नेशनल तौहीद जमात (एनटीजे) और जमात मिल्लाथु इब्राहिम (जेएमआई) शामिल हैं। लिट्टे ने द्वीप राष्ट्र के उत्तरी और पूर्वी प्रांतों में तमिलों के लए एक अलग देश के लिए करीब तीस वर्षों तक सैन्य अभियान चलाया था। हालांकि, श्रीलंकाई सेना ने इस संगठन के सर्वोच्च नेता वी प्रभाकरण की हत्या कर दी थी। जिसके बाद इसका पतन हो गया। एनटीजे का अप्रैल 2019 में ईस्टर के मौके पर हुए घातक हमले के पीछे हाथ था। इस हमले में 11 भारतीयों सहित 270 से ज्यादा लोगों की जान चली गई थी। इस संगठन के संबंध आईएसआईएस से माने जाते हैं।

# गाजा पर इस्राइली हमले तेज, 19 की जान गई; फलस्तीन को मान्यता देने वाले देशों स्लोवेनिया भी शामिल

एजेंसी

**काठमांडू।** मध्य और दक्षिणी गाजा में हवाई हमलों और गोलाबारी से लगभग 19 लोगों की मौत हो गई है। करीब आठ महीनों से जारी लड़ाई को बंद करने की अंतरराष्ट्रीय अपील के बाद इस्राइल ने हमले और तेज कर दिए हैं। फिलिस्तीनी अधिकारियों के मुताबिक अल-बुरीज और अल-मगाजी शरणार्थी शिविरों और मध्य गाजा के दीर-अल-बलाह शहर पर इस्राइली हमलों में 17 लोग मारे गए। वहीं रफा में मानवीय मदद पहुंचा रहे 2 पुलिसकर्मी भी हमले में मारे गए।

**स्लोवेनिया ने भी फलस्तीन को देश के तौर पर मान्याता दी**

स्लोवेनिया फलस्तीन को देश के तौर पर मान्यता देने वाला नया यूरोपीय देश बन गया है। इसके पहले स्पेन, आयरलैंड और नार्वे फलस्तीन को मान्यता दे चुके हैं।



स्लोवेनिया के ऐसा करने का मकसद इस्राइल के युद्ध बंद करने के लिए दबाव बनाना है। पिछले साल 7 अक्टूबर को हमास के गाजा में हमला करने के बाद से इस्राइल ने आक्रामक रुख अपना रखा है।

**'जब तक इस्राइल की सेना वापस नहीं जाती सीजफायर नहीं रुकेगा'**

हमास ने बयान देते हुए कहा कि जब इस्राइल स्पष्ट रूप से युद्ध विराम का वादा नहीं करता और अपनी सेनाओं को वापस नहीं ले जाता, तब लड़ाई नहीं रुकेगी।

हमास का बयान तब आया है, जब कतर ने भी यहूदी देश से समझौता करने को लेकर अपनी स्थिति स्पष्ट करने के लिए कहा है। अमेरिका और मिस्त्र के साथ ही कतर भी हमास और इस्राइल के बीच मध्यस्था करने वाला देश है।

**अमेरिकी राष्ट्रपति ने 6 हफ्ते के लिए युद्ध विराम का दिया था प्रस्ताव**

पिछले हफ्ते, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने तीन चरणों का एक प्रस्ताव दिया था, जिसमें कहा गया था इस्राइली सेना 6 हफ्ते के लिए आबादी वाली जगह से हट जाएगी साथ सैकड़ों फलस्तीनी कैदियों के बदले बंधकों को भी छोड़ा जाएगा। इसके साथ ही अमेरिका की रिपब्लिक सरकार ने अंतराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय पर प्रतिबंध लगाने के लिए विधेयक पास किया। अंतरराष्ट्रीय कोर्ट में अभियोजन ने गाजा में सक्रिय इस्राइली सेना के अधिकारियों की गिरफ्तारी की मांग की गई थी।

# फ्रेंच ओपन 2024: अल्कराज सेमीफाइनल में, सिनर से होगा सामना

**एजेंसी**

**पेरिस।** कार्लोस अल्काराज ने नौवीं वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सितसिपास को 6-3, 7-6 (3), 6-4 से हराकर फ्रेंच ओपन सेमीफाइनल में जगह बनाई, जहां उनका सामना विश्व के नंबर एक जननिक सिनर से होगा। तीसरे वरीयता प्राप्त खिलाड़ी, जो सितसिपास पर 5-0 के रिकॉर्ड के साथ प्रतियोगिता में आए थे, ने बैकहैंड पर बेहतरीन किक सर्व के साथ पहला सेट 33 मिनट में जीत लिया। दूसरे सेट में 4-2 से पिछड़ने के बाद सितसिपास ने एक जोरदार फोरहैंड मारकर दर्शकों को प्रभावित किया और आखिरकार उन्होंने टाइब्रेक में सेट जीतकर बराबरी कर ली। निराश सितसिपास ने तीसरे सेट में बार-बार अल्काराज की देरी से की गई ग्रन्ट्स के बारे में शिकायत की और तीसरे सेट में लगभग ओवरहेड स्मैश से उन्हें घायल कर दिया, लेकिन अंत में उनके स्पेनिश प्रतिद्वंद्वी ने मैच जीतकर रोलांड गैरोस के दूसरे सेमीफाइनल में प्रवेश किया।



# टी20 विश्व कप: बारिश के कारण इंग्लैंड-स्कॉटलैंड मैच रद्द

**एजेंसी**

**ब्रिजटाउन।** इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के बीच ब्रिजटाउन के केंसिंग्टन ओवल में टी20 विश्व कप 2024 का छठा मैच मंगलवार देर रात बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। स्कॉटलैंड ने टॉस जीतकर गत विजेता इंग्लैंड के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। जॉर्ज मुन्से (31 गेंदों पर 41 रन, 4 चौके और 2 छक्के) और माइकल जोन्स (30 गेंदों पर 45 रन, 4 चौके और 2 छक्के) ने स्कॉटिश टीम के लिए ओपनिंग की और शानदार प्रदर्शन करते हुए 90 रनों की साझेदारी निभाई। सातवें ओवर की दूसरी गेंद के बाद बारिश के कारण मैच रोक दिया गया था, लेकिन बारिश रुकते ही खेल फिर से शुरू हो गया और इसे 10-10 ओवर का कर दिया गया। दोनों सलामी बल्लेबाजों ने मैच पर नियंत्रण बनाए रखा और इंग्लिश गेंदबाजों के खिलाफ जमकर रन बनाए, जिससे 10 ओवर की समाप्ति के बाद स्कॉटलैंड का स्कोर बिना किसी नुकसान के 90 हो गया। हालांकि, पारी के ब्रेक के दौरान बारिश ने फिर से मैच को बाधित कर दिया और अधिकारियों को मैच रद्द करना पड़ा। यह चल रहे टी20 विश्व कप 2024 का पहला मैच था जो बारिश की भेंट चढ़ गया। फिलहाल, इंग्लैंड एक अंक के साथ ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर है। वहीं, स्कॉटलैंड एक अंक के साथ तीसरे स्थान पर है।

# फ्रांस की जीत के बाद इंग्लैंड की क्वालीफिकेशन उम्मीदें बढ़ीं

**नई दिल्ली।** सरिना विगमैन का मानना है कि फ्रांस पर इंग्लैंड की 2-1 की जीत यूरो 2025 क्वालीफिकेशन की उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए जरूरी थी। (अधिक फुटबॉल समाचार) शेरनी सेंट जेम्स पार्क में उन्हीं विरोधियों से 2-1 से हार गई, जिसके बाद मैनेजर को सेट-पीस पर ध्यान केंद्रित करने में चूक का पछतावा हुआ, जिसके कारण फ्रांस के गोल हुए। सेंट-इटियेन में रिवर्स फिक्सचर में, इंग्लैंड ने पहले हाफ में दबदबा बनाया, क्योंकि जॉर्जिया स्टैनवे और एलेसिया रूसो के गोल ने उन्हें नियंत्रण में रखा। लीह विलियमसन ने एक पेनल्टी दी, जिसे दूसरे हाफ में कादिदियातोउ डायनी ने शांत तरीके से गोल में बदल दिया, लेकिन इंग्लैंड ने एक महत्वपूर्ण जीत हासिल की और ग्रुप ए3 में लेस ब्लूज़ से केवल दो अंक पीछे रह गया विगमैन ने शुक्रवार की हार के बाद अपनी टीम की प्रतिक्रिया की सराहना की, लेकिन जुलाई में होने वाले अगले क्वालीफायर्स से पहले अपनी संभावनाओं के बारे में कुछ नहीं कहा।

# नए विश्व नंबर 1 जैनिक सिनर 'इटैलियन मूवमेंट' का नेतृत्व करने से खुश

**एंटीगुआ।** रैंकिंग में शीर्ष पर पहुँचने के बाद, हाल ही में विश्व नंबर 1 बने जैनिक सिनर को टेनिस में इतालवी आंदोलन का नेतृत्व करने पर गर्व है। इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने वाले सिनर ग्रिगोर दिमित्रोव को हराकर सेमीफाइनल में पहुँचे। पहले बताया गया था कि नंबर 1 स्थान पाने के लिए इतालवी को फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुँचना होगा। हालाँकि, नोवाक जोकोविच के चोट के कारण रोलैंड गैरोस से हटने से सिनर को शीर्ष पर पहुँचने का मौका मिला। रॉयटर्स के हवाले से 22 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि यह इटली के लिए एक शानदार पल था और हाल के दिनों में कई लोग इस खेल की ओर अपना ध्यान इसका बहुत मतलब है, लेकिन मुझे लगता है कि यह इटली के लिए बहुत बढ़िया है। हम एक महान देश हैं, जिसके पास बेहतरीन कोच और खिलाड़ी हैं, और हम अब देख सकते हैं कि यह पल कैसा है, सिनर ने कहा। मैं इस इतालवी आंदोलन का हिस्सा बनकर खुश हूं। लोग अब ज़्यादा से ज़्यादा टेनिस खेलना शुरू कर रहे हैं, जो देखना बहुत अच्छा है। मुझे लगता है कि यह सबसे महत्वपूर्ण है।

# नॉर्वे शतरंज: प्रज्ञानानंद राउंड-8 में कार्लसन से हारे, वैशाली जीतीं

**एजेंसी**

**स्टावेंजर।** भारतीय ग्रैंडमास्टर रमेशबाबू प्रज्ञानानंद नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के आठवें राउंड में आर्मागेडन गेम में विश्व के नंबर एक मैग्नस कार्लसन से हार गए। इस जीत से कार्लसन ने 14.5 अंकों के साथ अपनी बढ़त को पूरे एक अंक तक बढ़ाया, जबकि हिकारू नाकामुरा 13.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे, वहीं, प्रज्ञानानंद 11 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

हिकारू नाकामुरा ने क्लासिल शतरंज में फिरौजा को हराया। इस बीच, विश्व चैंपियन डिंग लिरेन ने दो जीत के स्थान गंवा दिया और अंततः आर्मगेडन टाईब्रेकर में फैबियानो कारुआना से हार गए। महिलाओं के इवेंट में, विश्व चैंपियन जू वेनजुन ने पिया क्रैमलिंग के खिलाफ क्लासिकल गेम जीतकर स्टैंडिंग में बढ़त हासिल की। इस बीच, लेई




टिंगजी ने जीएम कोनेरू हम्पी को हराकर अपनी पहली क्लासिकल जीत हासिल की।

पिछली लीडर अन्ना मुज़ीचुक वैशाली रमेशबाबू से आर्मगेडन में हार गईं। दो राउंड शेष रहते, वेनजुंग 14.5 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं, उनके बाद मुजिचुक 13 अंकों के साथ दूसरे और वैशाली 11.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

# फ्रेंच ओपन 2024: कोको गॉफ ने दूसरी बार सेमीफाइनल में किया प्रवेश

**एजेंसी**

**पेरिस।** विश्व की तीसरे नंबर की टेनिस खिलाड़ी अमेरिका की कोको गॉफ ने दूसरी बार फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। गॉफ ने मंगलवार को खेले गए महिला एकल के क्वार्टरफाइनल में एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ट्यूनीशियाई खिलाड़ी ओन्स जाबेउर को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

मौजूदा अमेरिकी ओपन चैंपियन और पूर्व रोलांड गैरोस उपविजेता गॉफ ने कोर्ट फिलिप चैट्रियर पर 4-6, 6-2, 6-3 से जीत हासिल की। सेमीफाइनल में उनका सामना टूर्नामेंट की पसंदीदा इगा स्विएटेक या मार्केटा वोंद्रोसोवा से होगा। यह अमेरिकी स्टार गॉफ का लगातार तीसरा ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल होगा,



इससे पहले उन्होंने इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन में भी अंतिम चार में जगह बनाई थी। ट्यूनीशिया की आठवीं वरीयता प्राप्त जाबेउर अभी भी अपने पहले मेजर खिताब का इंतजार कर रही हैं, उन्होंने तीन फाइनल और चार क्वार्टर फाइनल गंवाए हैं।

# हम अपनी कमजोरियों पर काम कर रहे हैं और एक टीम के रूप में एकजुट हैं : नवनीत कौर

**एजेंसी**

**लंदन।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच प्रो लीग 2023-24 में चुनौतीपूर्ण यूरोपीय चरण का सामना किया है, जिसमें बेल्जियम और इंग्लैंड जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ छह मैच खेले हैं। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद, टीम ने लचीलापन और प्रगति दिखाई है, जिसका लक्ष्य अपने आगामी मैचों में इन अनुभवों का लाभ उठाना है।

अब तक के सफ़र पर विचार करते हुए, उप कप्तान नवनीत कौर ने जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ़ बचे हुए मैचों के लिए अपनी अंतर्दृष्टि और टीम की रणनीति साझा की। उन्होंने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, हमने एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के यूरोपीय चरण में कड़ी चुनौतियों का सामना किया है, लेकिन प्रत्येक मैच हमारे लिए एक मूल्यवान सीखने का अनुभव रहा है। असफलताओं के बावजूद, हमारी टीम ने लचीलापन और सुधार दिखाया है, खासकर बेल्जियम और ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ़ हमारे करीबी मुकाबलों में।

उन्होंने कहा, हम अपने बचे हुए दो मैचों में जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन का सामना करने के लिए तैयार हैं, इसलिए हम अपने पिछले प्रदर्शनों का विश्लेषण करने और सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य अपनी कड़ी



मेहनत को सकारात्मक परिणामों में बदलना है। हमें अपनी क्षमताओं पर विश्वास है और हम मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने के लिए दृढ़ हैं। यूरोपीय चरण में अब तक भारत को अपने पहले मैच में अर्जेंटीना के खिलाफ़ 0-5 से हार का सामना करना पड़ा, उसके बाद बेल्जियम (0-2 और 1-2) से भी उसे हार का सामना करना पड़ा। अर्जेंटीना के खिलाफ़ अपने रीमैच में भारत 0-3 से हार गया। टीम को जर्मनी (1-3) और ग्रेट ब्रिटेन (2-3) से भी हार का सामना करना पड़ा।

टूर्नामेंट में अब तक दो गोल करने वाले नवनीत ने कहा, अब तक का सफ़र चुनौतीपूर्ण रहा है, लेकिन इसने हमें एक टीम के तौर पर और भी करीब ला दिया है।

हम एक साथ काम करने, एक-दूसरे का समर्थन करने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अपनी सीमाओं को पार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। टीम के भीतर भावना और समर्पण मजबूत है, और हम टूर्नामेंट को शानदार तरीके से खत्म करने के लिए प्रेरित हैं। कुल मिलाकर, भारतीय टीम ने एफआईएच प्रो लीग 2023-24 में अब तक खेले गए 14 मैचों में से 8 अंक अर्जित किए हैं। जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ अपने अंतिम दो मैचों की तैयारी करते हुए, टीम का ध्यान मजबूत प्रदर्शन करने पर है।

टूर्नामेंट के शेष दो मैचों की रणनीति और भारतीय टीम के आगे के रास्ते के बारे में, नवनीत ने कहा, हमारा ध्यान अब आवश्यक समायोजन और रणनीति बनाने पर है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हम अपने शेष मैचों में मजबूत होकर सामने आएं। हम न केवल टूर्नामेंट के लिए बल्कि एक टीम के रूप में हमारे विकास के लिए इन अंतिम खेलों के महत्व को समझते हैं, इसलिए, प्रत्येक खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ देने और हर खेल के साथ सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध है। सबसे बढ़कर, हम अपनी कमजोरियों पर काम कर रहे हैं, अपनी ताकत पर काम कर रहे हैं और एक टीम के रूप में एकजुट रह रहे हैं। उन्होंने कहा, अब तक के हमारे मैचों से मिले अनुभव और सबक अमूल्य हैं। हम इन्हें आगे बढ़ाते हुए एक अधिक एकजुट और प्रतिस्पर्धी टीम बना रहे हैं, जिसका लक्ष्य बेहतर परिणाम प्राप्त करना और अपने खेल में निरंतर सुधार करना है।

# फ्रेंच ओपन 2024: घुटने की चोट के कारण बाहर हुए नोवाक जोकोविच

**एजेंसी**

**पेरिस।** गत चैंपियन नोवाक जोकोविच ने फ्रांसिस्को सेरुंडोलो पर मैराथन चौथे दौर की जीत के दौरान लगी घुटने की चोट के कारण क्वार्टर फाइनल से पहले फ्रेंच ओपन 2024 से नाम वापस ले लिया। आयोजकों ने मंगलवार को उक्त जानकारी दी। टूर्नामेंट से हटने से सर्बियाई खिलाड़ी की रिकॉर्ड 25वीं



ग्रैंड स्लैम ट्रॉफी जीतने की चाहत खत्म हो गई और इसके परिणामस्वरूप इस महीने के अंत में वह विश्व की नंबर एक रैंकिंग भी गंवा देंगे और इतालवी जननिक सिनर शीर्ष पर पहुंच जाएंगे।

आयोजकों ने एक आधिकारिक बयान में कहा, दाएं घुटने में फटे हुए औसत दर्जे के मेनिस्कस (एमआरआई स्कैन के दौरान पता चला) के कारण, जोकोविच, जिन्हें क्वार्टर फाइनल में कैस्पर रूड से खेलना था, को रोलांड गैरोस टूर्नामेंट से हटने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

# भारत वर्सेज कुवैत, फीफा विश्व कप क्वालीफायर लाइव स्ट्रीमिंग

**एजेंसी**

**पेरिस।** टीम इंडिया इस अहम मैच की तैयारी कर रही है, जिसमें जीत से वह बड़ी टीमों के बीच अपनी ख्याति फिर से हासिल कर सकती है, क्योंकि कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर में कुवैत के साथ उनका आमना-सामना होने वाला है। (और फुटबॉल समाचार) इस आगामी मैच में भारत के लिए बहुत कुछ दांव पर लगा होगा। यह पिछले छह दशकों से विश्व फुटबॉल मंच से उनकी अनुपस्थिति को समाप्त कर सकता है। यह मैच टीम के नायक सुनील छेत्री का अंतिम मैच होगा। यह एशियाई फुटबॉल की महाशक्ति होने का गौरव फिर से हासिल करने का मौका भी प्रदान करेगा। भारत फीफा विश्व कप एशियाई क्वालीफायर के दूसरे दौर के ग्रुप ए में चार मैचों में चार अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। दूसरी ओर, कुवैत चार मैचों में तीन अंकों के साथ उसी तालिका में चौथे स्थान पर है।



# अतिका मीर ने तीसरे स्थान पर रहते हुए डीएएमसी चैंपियनशिप 2024 यूएई सीज़न का किया समापन

**एजेंसी**

**दुबई/नई दिल्ली।** अतिका मीर ने डीएएमसी (दुबई ऑटोड्रोम चैंपियनशिप) में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और चैंपियनशिप में कुल मिलाकर तीसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने यह उपलब्धि रेस के चौथे दौर में चूकने के बावजूद हासिल की क्योंकि इटली में उनकी दूसरी रेस के साथ चौथा राउंड टकरा गया था। राउंड 5 में, जो दुबई कार्टड्रोम में भीषण तापमान में आयोजित किया गया था, अतिका ने अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखते हुए रेस 2 जीती और रेस 1 में तीसरे स्थान पर रही और अंतिम रेस तीसरे स्थान पर समाप्त की। अतिका ने सप्ताहांत के सबसे तेज़ लैप समय के साथ आधिकारिक अभ्यास में शीर्ष स्थान हासिल किया और रेस में जाने के लिए आश्वस्त थी। अतिका ने रेस 1 की शुरुआत 10वें स्थान से की क्योंकि डीएएमसी राउंड 1 में क्वालीफाइंग रेस और रेस 2 के बिना एक रैंडम ग्रिड फॉलो करता है। रेस 1 में अतिका शीर्ष फॉर्म में थी और 7 कारों को पार करते हुए तीसरे स्थान पर पहुंची। रेस 2 में, युवा खिलाड़ी शीर्ष गति पर थी और अंततः रेस जीत गई। फाइनल में जाने पर, आत्मविश्वास से भरपूर अतिका, जिसने दूसरे स्थान पर क्वालीफाई किया था, जीत की कतार में थी। हालाँकि फाइनल में उसकी गति कम हो गई और वह जीत के लिए चुनौती नहीं दे सकी और अंततः ट्रैक लिमिट्स के लिए पेनल्टी मिलने के बाद फाइनल में तीसरे स्थान पर रही। रेस के बाद 9 वर्षीय अतिका ने कहा, मैं 3 महीने के बाद रोटैक्स चला रहा थी और मुझे अपनी ड्राइविंग में काफी बदलाव करना पड़ा। मैंने अभ्यास में गति निर्धारित की और अपनी गति से खुश थी और प्रतियोगिता जीतने के बारे में आश्वस्त भी थी। एक हीट और दूसरे में तीसरा स्थान जीतने के बाद, फाइनल में अग्रिम पंक्ति से शुरुआत करते हुए जीत पक्की थी, लेकिन एक महत्वपूर्ण समय पर मैंने गति खो दी और ट्रैक सीमा के लिए पेनल्टी मिलने के बाद मुझे तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। यह यूएई सीज़न की आखिरी रेस थी और अब हम गर्मियों में भारत और यूरोप में ड्राइव करने जा रहे हैं। मैं अपने समर्थकों और अपनी टीम को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं।

# इंग्लैंड टेस्ट के लिए जेडन सील्स, होल्डर की वेस्टइंडीज टीम में वापसी, लुइस नये चेहरे

**एजेंसी**

**एंटीगुआ।** वेस्टइंडीज ने जुलाई में इंग्लैंड के आगामी तीन टेस्ट मैचों के दौरे के लिए अनकैप्ड ओपनिंग बल्लेबाज मिकील लुइस को टीम में शामिल किया है। 15 सदस्यीय टीम की कप्तानी क्रेग ब्रैथवेट करेंगे और उनके डिप्टी अल्जारी जोसेफ होंगे।

टीम में जेडन सील्स भी शामिल हैं, जो चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली सीरीज से बाहर हो गए थे। जेसन होल्डर भी टीम में शामिल हैं, जिन्होंने पिछले दौरे के लिए खुद को अनुपलब्ध बताया था।

23 वर्षीय लुईस, जो पहले अंडर-19 टीम के लिए खेल चुके हैं, को उनके प्रथम श्रेणी सत्र में मजबूत प्रदर्शन के आधार पर चुना गया है, जिसमें उन्होंने लीवार्ड आइलैंड हरिकेंस के लिए 48.71 की औसत से 682 रन बनाए थे। सीडब्ल्यूआई के मुख्य चयनकर्ता डेसमंड हेन्स ने एक आधिकारिक बयान में कहा,



टीम को अनुभव और उभरती प्रतिभा दोनों के साथ तैयार किया गया है, जिससे अंग्रेजी परिस्थितियों में खेलने की चुनौती का सामना करने के लिए एक मजबूत संतुलन सुनिश्चित होता है। पिछले एक साल में, हमारा रेड-बॉल कार्यक्रम लगातार विकसित हो रहा है। जनवरी में ऑस्ट्रेलिया में आखिरी टेस्ट में हमारी जीत के बाद, यह स्पष्ट है कि हम उस निवेश का फल देख रहे हैं। चुने गए प्रत्येक खिलाड़ी ने लगातार प्रदर्शन और कड़ी मेहनत के माध्यम से अपनी जगह बनाई है। हमें विश्वास है कि अनुभवी खिलाड़ियों और उभरते चेहरों का यह मिश्रण इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करेगा।

रिचर्ड्स-बॉथम ट्रॉफी 10 जुलाई को लॉर्ड्स में शुरू होगी।

**वेस्टइंडीज की टीम इस प्रकार है :** क्रैग ब्रैथवेट (कप्तान), एलिक अथानाज़े, जोशुआ दा सिल्वा, जेसन होल्डर, कावेम हॉज, टेविन इमलाच, अल्जारी जोसेफ (उप-कप्तान), शमर जोसेफ, मिकाइल लुइस, ज़ाचरी मैकास्की, किर्क मैकेंज़ी, गुडाकेश मोती, केमर रोच, जेडन सील्स, केविन सिंक्लेयर।

# हॉकी इंडिया परिवार में नए सदस्य के रूप में शामिल हुआ आरके रॉय अकादमी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** आरके रॉय हॉकी अकादमी को हॉकी इंडिया परिवार में नए सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। बिहार के पटना में स्थित आरके रॉय हॉकी अकादमी की स्थापना अभिषेक कुमार और अरुणिमा रॉय ने की थी, जो अपने क्षेत्र में हॉकी के खेल को आगे बढ़ाने के लिए जुनूनी हैं।

अकादमी विभिन्न आयु समूहों में हॉकी में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने, संरचित प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करने और युवा एथलीटों को अपने कौशल विकसित करने और उच्च स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस नए प्रावधान से बिहार में हॉकी के विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, जिससे भारत में इस खेल के समग्र विकास में योगदान मिलेगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने नए अकादमी



सदस्य के शामिल होने पर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, हम आरके रॉय हॉकी अकादमी का हमारे परिवार में स्वागत करते हुए रोमांचित हैं। युवा प्रतिभाओं को निखारने की उनकी प्रतिबद्धता जमीनी स्तर पर हॉकी को बढ़ावा देने के हमारे दृष्टिकोण के साथ पूरी तरह मेल खाती है। हमें विश्वास है कि इस साझेदारी से ऐसे असाधारण खिलाड़ी निकलेंगे जो राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएंगे।

हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, आरके रॉय हॉकी अकादमी का शामिल होना बिहार में हॉकी की नींव को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। युवा एथलीटों को प्रशिक्षित करने के लिए उत्कृष्टता और संरचित दृष्टिकोण के प्रति अकादमी का समर्पण सराहनीय है। हम खेल और समुदाय पर उनके सकारात्मक प्रभाव को देखने के लिए उत्सुक हैं।

नए सदस्यों को शामिल करने के साथ, हॉकी इंडिया में वर्तमान में 27 स्थायी सदस्य, 34 सहयोगी सदस्य, 52 अकादमी सदस्य और 2 हॉकी-की सदस्य हैं।

# यूईएफए यूरो 2024: दिग्गज फुटबॉलर पैट्रिस एवरा सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के एक्सपर्ट पैनल में शामिल

**एजेंसी**

**मुंबई।** देश के प्रमुख प्रसारक-सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क ने इस साल के सबसे बड़े फुटबॉल टूर्नामेंट- यूईएफए यूरो 2024 के लाइव कवरेज के लिए फ्रांस फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान पैट्रिस एवरा को एक्सपर्ट पैनलिस्ट के रूप में अपनी टीम में शामिल किया है।

एवरा यूईएफए यूरो 2024 के दौरान प्रमुख स्टूडियो शो-फुटबॉल एक्स्ट्रा-में एक्सपर्ट्स के प्रतिष्ठित पैनल में शामिल होंगे। वह प्रत्येक मैच के अपने उत्कृष्ट विश्लेषण से दर्शकों के अनुभव को और समृद्ध बनायेंगे। पैट्रिस एवरा दुनिया के सबसे सफल फुटबॉल खिलाड़ियों में से एक हैं। उन्होंने 2004-2016 के बीच 81 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। इसके अलावा इस पूर्व डिफेंडर ने क्लब फुटबॉल में 725 मैच खेले हैं। इसमें 2006 से 2014 तक मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए 379 मैच शामिल हैं।

उन्होंने 2014-2017 तक जुवेंटस के लिए 82 मैचों में भी हिस्सा लिया। लेफ्ट बैक एवरा मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ पांच खिताब जीतने वाली प्रीमियर लीग अभियानों का हिस्सा थे। उन्होंने इंग्लिश क्लब के साथ यूईएफए चैंपियंस लीग और फीफा क्लब विश्व कप भी जीता। इसके अलावा, एवरा 2015 और 2016 में सेरी ए जीतने वाली



जुवेंटस टीम का भी हिस्सा थे। एवरा ने कई पुरस्कार भी जीते हैं। उन्हें 2003-04 में यूएनएफपी लीग 1 यंग प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया था। उन्होंने 2003-04 में यूएनएफपी लीग 1 टीम ऑफ द ईयर, तीन बार (2006-07, 2008-09, 2009-10), फीफा फीफप्रो वर्ल्ड XI: 2009 और 2009 में यूईएफए टीम ऑफ द ईयर में जगह बनाई।

राजेश कौल, (मुख्य राजस्व अधिकारी, वितरण और अंतरराष्ट्रीय व्यापार तथा प्रमुख - खेल व्यापार, सोनी पिक्चर्स नेटवर्क इंडिया) ने कहा, हम इस साल के सबसे बड़े फुटबॉल टूर्नामेंट-यूईएफए यूरो 2024 के लिए फुटबॉल के दिग्गज पैट्रिस एवरा को अपने प्रतिष्ठित एक्सपर्ट पैनल में शामिल करके बहुत खुश हैं। एवरा का जीवन से बड़ा व्यक्तित्व, साथ ही उनके अनुभव, ज्ञान और खेल की समझ हमारे दर्शकों के लिए एक समृद्ध अनुभव सुनिश्चित करेगी। सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क में, हमारी प्रतिबद्धता अपने दर्शकों को इस मार्की टूर्नामेंट को देखने का सबसे अच्छा अनुभव प्रदान करना है, चाहे वह मैदान पर हो या मैदान के बाहर, जो एवरा को यूईएफए यूरो 2024 पैनल के लिए एकदम सही बनाता है। फ्रांस के पूर्व कप्तान पैट्रिस एवरा ने कहा, भारत मेरे दिल में एक खास जगह रखता है। मैंने अपनी पिछली यात्रा के दौरान देश में शानदार समय बिताया और मैं यूईएफए यूरो 2024 के लिए सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के साथ अपनी साझेदारी के साथ इसे आगे बढ़ाने का इंतजार नहीं कर सकता। भारत में फुटबॉल के घर के रूप में सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क की एक महान विरासत है और मैं टूर्नामेंट के प्रसारण के दौरान अपने अनुभव और ज्ञान का योगदान देने के लिए उत्सुक हूं। यूईएफए यूरो 2024 दुनिया के सबसे बड़े फुटबॉल टूर्नामेंटों में से एक है, जिसमें यूरोप की कुछ बेहतरीन टीमें और खिलाड़ी प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

फास्ट न्यूज

## घोसी की जनता को भाता रहा है भूमिहार सांसद

**टीम एक्शन इंडिया**

मऊ : मंगलवार को लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे ने घोसी की जनता ने लोकसभा सीट पर फिर से भूमिहार जाति के राजीव राय को अपना सांसद चुनकर यह साबित कर दिया है कि इस सीट पर भूमिहार जाति का सांसद ही पसंद है। घोसी लोकसभा सीट पर अब तक हुए 19 चुनाव में 14 बार भूमिहार बिरादरी के प्रत्याशी ने जीत हासिल की है। इसके अलावा इस सीट पर दो बार चौहान, दो बार राजभर और एक बार राजपूत जाति के प्रत्याशियों ने जीत का परचम लहराया है। भूमिहार प्रत्याशियों में अलगू राय शास्त्री,जय बहादुर सिंह, झारखंडे राय, शिवराम राय, राजकुमार राय, कल्पनाथ राय और अतुल राय के बाद अब राजीव राय ने इस लिस्ट में अपना नाम दर्ज कर लिया है।

इसके अलावा राजपूत बिरादरी से कांग्रेस के उमराव सिंह, चौहान जाति से बसपा के बालकृष्ण चौहान और दारा सिंह चौहान जबकि राजभर जाति से सपा के चंद्र देव राजभर और भाजपा के हरी नारायण राजभर ने इस सीट पर जीत हासिल की है। घोसी लोकसभा सीट पर सबसे दिलचस्प बात यह है कि अब तक 19 चुनाव में महज एक बार ही यहां से कमल खिला है। अथक प्रयासों के बाद 2014 के लोकसभा चुनाव में यहां से भाजपा के हरि नारायण राजभर को जीत हासिल हुई। इसके बाद 2019 में मोदी के प्रचंड लहर के बावजूद सीट पर बसपा के अतुल राय ने जीत का परचम लहराया था।

## कई राज्यों में बढ़ा है भाजपा का जनाधार: स्वाती सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

लखनऊ : भारतीय जनता पार्टी की नेता व पूर्व मंत्री स्वाती सिंह ने कहा कि जनता ने लगातार तीसरी बार भाजपा को सबसे बड़ी पार्टी के रूप में चुना है। ओडिशा, केरल जैसे राज्य में लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति विश्वास जताया है। आज भी इंडी गठबंधन से ज्यादा सिर्फ भाजपा की सीटें हैं। लगातार तीसरी बार नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। पूर्व मंत्री स्वाती सिंह ने कहा कि यह बात सही है कि कांग्रेस को खुद भरोसा नहीं था कि उसको 99 सीटें मिल जाएंगी। इस कारण वह इतनी सीटों पर ही जश्न मना रही है लेकिन भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। उन्होंने जनता और कार्यकताओं का आभार जताते हुए कहा कि यहां हर कार्यकर्ता अपने लिए नहीं, देश की प्रगति के लिए कार्य करता है। मैं स्वयं तीन सप्ताह तक ओडिशा में रही और वहां पर जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर विश्वास जताया।

# उप्र में भाजपा की उम्मीदों को लगा झटका

### पिछले चुनाव के मुकाबले इस बार भाजपा की ताकत घटकर लगभग आधी रह गई है

**हार पर मंथन**

**▸▸ पिछले चुनाव के मुकाबले इस बार भाजपा की ताकत घटकर लगभग आधी रह गई है। भाजपा के खाते में सिर्फ 33 सीटें आई हैं**



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा की उम्मीदों को गहरा झटका लगा है। पिछले चुनाव के मुकाबले इस बार भाजपा की ताकत घटकर लगभग आधी रह गई है। भाजपा के खाते में सिर्फ 33 सीटें आई हैं। प्रदेश में भाजपा-नीत एनडीए में शामिल दल भी गठबंधन के समीकरणों को दुरुस्त करने में नाकाम रहे। अब हार के कारणों पर चिंतन-मंथन का दौर शुरू हो गया है। ऐसे में अहम सवाल यह है कि आखिरकार प्रदेश में भाजपा के रणनीतिकारों से कहां चूक हुई? पिछले चुनाव की तुलना में इस बार भाजपा की सीटें ही कम नहीं हुई हैं, बल्कि वोट प्रतिशत भी गिरा है। वर्ष 2019 में 62 सीटें जीतने वाली भाजपा को 49.97 फीसदी वोट मिले थे, लेकिन इस बार यह आंकड़ा 41.37 के करीब पहुंच गया है। प्रदेश में एनडीए में शामिल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा), राष्ट्रीय लोकदल (रालोद), अपना दल (सोनेलाल) और निषाद पार्टी भाजपा को खास फायदा नहीं पहुंचा पाए। भाजपा ने प्रदेश के चुनाव में पिछड़े वोटबैंक को साधने के लिए एनडीए का विस्तार करते हुए सुभासपा और रालोद जैसे दलों को शामिल किया था पर दोनों दल कोई करिश्मा नहीं दिखा पाए। यही हाल एनडीए के दो पुराने अन्य सहयोगी अपना दल (एस) और निषाद पार्टी का भी रहा।

चुनाव में सपा-कांग्रेस का गठबंधन मैदान में उतरा। सपा प्रमुख अखिलेश यादव पीडीए के फामूर्ले के साथ मैदान में उतरे। वहीं बेरोजगारी, अग्निवीर योजना और संविधान बदलने के मुद्दे को लगातार इंडिया ब्लाक के नेताओं ने जमकर हवा दी। इस बार विपक्ष ने भाजपा के हिंदुत्व के मुकाबले पीडीए का फामूर्ला तैयार किया। पीडीए अर्थात पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक। पीडीए का फामूर्ला भाजपा के हिंदुत्व और दूसरों मुद्दों पर भारी पड़ गया। कहीं-कहीं यह पीडीए पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक था तो कहीं-कहीं अखिलेश यादव ने इसे पीड़ित, दलित और अगड़ा बता दिया। वरिष्ठ पत्रकार जेपी गुप्ता के अनुसार राहुल गांधी और अखिलेश यादव को लोग राजनीति में बच्चा समझते रहे लेकिन दो लड़कों की जोड़ी ने बिखरे पड़े विपक्षी कुनबे में जान फूंक दी।

### योजनाओं पर भारी जाति का फैक्टर

**समाज** के हर जरूरतमंद तबके ने डबल इंजन की सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ तो लिया लेकिन ईवीएम का बटन दबाते समय जाति का फैक्टर हावी हो जाता है। वोटरों को लाभ भी चाहिए और अपनी जाति का नेता भी। प्रदेश की सभी सीटों पर कमल खिलाने के लिए भाजपा ने पिछले पांच साल में कई नए प्रयोग किए थे, लेकिन चुनाव नतीजे बता रहे हैं कि सभी प्रयोग फेल साबित हुए हैं। मोदी-योगी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क अभियान भी असरदार साबित नहीं हुआ। विकसित भारत संकल्प यात्रा, मोदी का पत्र वितरण और टिफिन बैठक जैसे कई प्रमुख अभियान और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को साधने की कोशिश भी नाकाम साबित हुई हैं। पत्रकार केपी त्रिपाठी के अनुसार भाजपा ने उत्तर प्रदेश में खराब छवि वाले कई सांसदों का टिकट काटने से परहेज किया। कई सीटों पर सांसद विरोधी लहर को नजरंदाज किया गया। इससे कार्यकर्ता हतोत्साहित हुए। वहीं ज्यादा सीटें जीतने पर योगी को हटाया जा सकता है इस दुष्प्रचार और नरेटिव का भी असर पड़ा।

**सोशल मीडिया मैनजमेंट में पिछड़ी भाजपा :** विपक्ष ने इस बार भाजपा के सोशल मीडिया मैनजमेंट के मुकाबले के लिए पूरी तैयारी की थी। चुनाव प्रचार के दौरान विपक्ष ने भाजपा के प्रचार तंत्र और सोशल मीडिया का जमकर काउंटर किया। पत्रकार राघवेन्द्र मिश्र के अनुसार प्रदेश में भाजपा ने इस बार सोशल मीडिया का प्रबंधन ठीक से नहीं किया। विपक्ष के दुष्प्राचार, फेक न्यूज और हमलों का भाजपा की सोशल मीडिया टीम ठीक से मैनेज नहीं कर पाई।

## उप्र में भाजपा ने 25 सीटों पर लगाई जीत की हैट्रिक

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** 18वीं लोकसभा चुनाव में भाजपा-नीत एनडीए को उत्तर प्रदेश में बड़ा झटका लगा है। पिछले चुनाव के मुकाबले इस बार उसकी सीटें घटकर लगभग आधी रह गई हैं। इस चुनाव में भाजपा ने 33 सीटें जीती हैं। इनमें से 25 सीटें ऐसी हैं जिस पर पार्टी ने हैट्रिक लगाई है। वहीं पांच सीटों पर लगातार चौथी बार जीती है। लखनऊ सीट पर भाजपा ने लगातार 9वीं बार जीत दर्ज की है। वहीं 2018 के उपचुनाव को छोड़ दें तो गोरखपुर में भाजपा लगातार सातवीं बार जीती है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने राज्य में 62 सीटें जीती थीं। वीआईपी सीटों में शुमार लखनऊ संसदीय सीट पर भाजपा 1991 से लगाातर जीत रही है। वर्ष 1991 से 2004 तक लगातार पांच चुनाव यहां से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जीते। वर्ष 2009 में लालजी टंडन ने यहां जीत का कमल खिलाया। वर्ष 2014, 2019 में राजनाथ सिंह जीते। इस बार भी राजनाथ सिंह यहां कमल खिलाने में कामयाब रहे। लखनऊ में भाजपा की ये नौंवी जीत है जबकि राजनाथ सिंह की हैट्रिक है। गोरखपुर सीट पर 1998 से लेकर 2014 तक लगातार पांच चुनाव में योगी आदित्यनाथ ने जीत दर्ज की। वर्ष 2019 में भाजपा उम्मीदवार के तौर पर रवि किशन मैदान में उतरे और विजयी रहे।

## बसपा सोच समझकर मुस्लिम समाज को देगी मौकाः मायावती



**टीम एक्शन इंडिया**

लखनऊः लोकसभा चुनाव में करारी हार के बाद बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने कहा कि उचित प्रतिनिधित्व देने के बावजूद मुस्लिम समाज बसपा को ठीक ढंग से समझ नहीं पाया। ऐसी स्थिति में अब काफी सोच समझकर आगामी चुनाव में मुस्लिम समाज को मौका दिया जाएगा ताकि भविष्य में पार्टी को इस बार की तरह भयंकर नुकसान न हो। मायावती ने सोशल मीडिया पर शेयर किए गए एक पत्र में लिखा है कि इस बार पार्टी अपने दम पर चुनाव मैदान में उतरी थी। उम्मीद यह थी कि ईमानदार कार्यकर्ता और पार्टी से जुड़े लोगों के बलबूते बेहतर परिणाम आएंगे। उनकी जाति के अधिकांश लोगों ने अपना वोट बसपा को दिया, जिसके लिए वे आभारी हैं। साथ ही पार्टी के खास अंग मुस्लिम समाज, जो पिछले चुनाव में व इस बार भी लोकसभा चुनाव में उचित प्रतिनिधित्व देने के बावजूद भी बसपा को ठीक से नहीं पा रहा है।

**स्पष्ट किया**

**▸▸ उचित प्रतिनिधित्व देने के बावजूद मुस्लिम समाज बसपा को ठीक ढंग से समझ नहीं पाया**



**उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार मुख्यमंत्री आवास परिसर में पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन पर्यावरण संरक्षण और जल स्रोतों को बचाने के लिए संकल्प लेने का दिन है।**

## पुलिस को देखकर गोमांस लदी कार को छोड़ भागा

**टीम एक्शन इंडिया**

**मेरठः लालकुर्ती थाना क्षेत्र के माल रोड पर** बुधवार सुबह पुलिस के रोकने पर बदमाश स्कोडा कार को छोड़कर भाग गया। पुलिस ने कार से पांच क्विंटल गोमांस बरामद किया। पुलिस ने गोमांस को जांच के लिए भेज दिया है और आरोपित की तलाश शुरू कर दी है। लालकुर्ती थाना क्षेत्र के माल रोड पर बुधवार की सुबह पुलिस चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान वहां से गुजर रही स्कोडा कार को पुलिस ने रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर चालक ने कार दौड़ा दी। जिस पर पुलिस ने घेराबंदी करके कार को दीनदयाल उपाध्यक्ष मैनेजमेंट कॉलेज के पास रोक लिया। कार के अंदर से दुर्गंध आ रही थी।

## विजयी प्रत्याशियों ने की डोटासरा से मुलाकात

**जयपुरः** राजस्थान में लोकसभा चुनावों के नतीजों के बाद अब बधाइयों, शुभकामनाओं और मेल मिलाप का दौर शुरू हो गया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने जीते हुए प्रत्याशियों से मुलाकात की।

## जालौर टफ सीट, वैभव ने अच्छा चुनाव लड़ाः अशोक गहलोत



**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुरः** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहना है कि चुनावों में हार जीत चलती रहती है, लेकिन हौंसले पस्त नहीं होने चाहिए। यह चुनाव जनता और एनडीए सरकार के बीच था। जनता ने बीजेपी के घमंड को तोड़ा है। ये अहम और घमंड की हार हुई है। मैंने नेताओं को विश्वास दिलाया था कि राजस्थान में चौंकाने वाले नतीजे आएंगे, वही हुआ। गहलोत जालोर-सिरोही-सांचौर संसदीय क्षेत्र के परिणाम, चुनावी अभियान व उद्देश्य पर मीडिया के प्रश्नों का उत्तर रहे थे। अपने पुत्र और जालोर से कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत के जालोर सीट से चुनाव हारने पर पूर्व सीएम ने कहा कि जालोर सीट पहले से ही टफ सीट थी। गुजरात से सटी सीट है, वहां उसका प्रभाव है। वहां के लोग गुजराती भाषा भी समझते हैं। हमें पहले से ही पता था सीट टफ है, लेकिन जिस तरह के हालात थे, उसमें वैभव गहलोत ने आगे बढ़कर चुनाव लड़ना स्वीकार किया। उस सीट पर 20 साल से कांग्रेस नहीं जीत पा रही है, हार जीत चलती रहती है। हमारी ड्यूटी बनती है कि हम टफ समय में पार्टी के साथ खड़े रहते, इसलिए वैभव को सोच समझकर लड़ाया। अब कोई न कोई तो चुनाव लड़ेगा ही। वैभव गहलोत ने चुनाव लड़ना स्वीकार किया, वहां अच्छा चुनाव लड़ा गया। लोकसभा सीट का घोषणा पत्र जारी किया गया।

**हमारे उम्मीदवार जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे- पायलट**

राजस्थान में कांग्रेस के बेहतर प्रर्शन के बाद पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने देर रात सोशल मीडिया पर लोकसभा चुनाव परिणाम में विजयी हुए कांग्रेस एवं आईएनडीआईए गठबंधन के समस्त प्रत्याशियों को बधाई देते हुए कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी एवं ने पूरे देश में प्रचार कर कांग्रेस की विचारधारा को मजबूत किया है और लोगों का असीम स्नेह प्राप्त किया है।

**विचारधारा**

**▸▸ राहुल गांधी और प्रियंका गांधी एवं ने पूरे देश में प्रचार कर कांग्रेस की विचारधारा को मजबूत किया है**

## उत्तराखंड में सहस्रताल रेस्क्यू अभियान जारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**उत्तरकाशीः** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में सहस्त्रताल ट्रैकिंग रूट पर फंसे ट्रैकर्स की खोज एवं बचाव के लिए चलाया गया अभियान युद्धस्तर पर जारी है। अभी तक कुल 10 ट्रैकर्स को घटना स्थल से एयरलिफ़्ट कर सुरक्षित निकाला जा चुका है। हर्षिल हेलिपैड पर वायुसेना के एक एमआई-17 हेलीकॉप्टर को बैकअप में तैनात किया गया है। जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने बुधवार को मीडियाकर्मियों को यह जानकारी दी। ट्रैकिंग एसोसिएशन ने मंगलवार शाम को उत्तरकाशी के आपातकालीन परिचालन केंद्र को सूचना दी थी की सहस्त्रताल के ट्रैकिंग रूट पर गये 22 सदस्यों वाला ट्रैकिंग दल खराब मौसम के कारण रास्ता भटक गया है। खराब मौसम के कारण ट्रैकिंग दल के चार सदस्यों की मौत हो गई है। आज चार और ट्रैकर्स की मौत की खबर मिली है। इसके साथ ही एक और ट्रैकर्स की मौत की आशंका जताई गई है। 10 ट्रैकर्स को एयरलिफ्ट कर दिया गया है उल्लेखनीय है कि कॉलर राजेश, ट्रैक लीडर ने सोमवार को सूचना दी थी कि मौसम खराब के कारण सहस्त्रताल से उत्तरकाशी की तरफ 3.5 किमी कुठलीटॉप में 13 ट्रैकर्स हैं जिसमें चार ट्रैकर्स की मृत्यु एवं नौ ट्रैकर्स का स्वास्थ्य खराब है।

## हिमालय को प्रदूषण मुक्त करने का लिया गया संकल्प

**टीम एक्शन इंडिया**

**बदरीनाथ/केदारनाथः** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को बदरीनाथ और केदारनाथ में स्वच्छता अभियान चलाकर हिमालय को प्रदूषण मुक्त करने का संकल्प लिया गया। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति सहित नगरपंचायत, सेना, आईटीबीपी, पुलिस, होमगार्ड, पीआरडी के जवानों, जिला प्रशासन, तीर्थयात्रियों, तीर्थ पुरोहितों ने संयुक्त रूप से पर्यावरण बचाने, पौधे लगाने और पॉलिथीन का प्रयोग न करने का भी संकल्प लिया। केदारनाथ में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर केदारनाथ मंदिर परिसर में मंदिर समिति, सेना, आईटीबीपी, पुलिस और जिला प्रशासन, तीर्थयात्रियों ने पर्यावरण दिवस धूमधाम से मनाते हुए हिमालय को प्रदूषण मुक्त करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर केदारनाथ मंदिर परिसर के बाहर पर्यावरण बचाने के लिए साइनबोर्ड लगाकर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। जिसमें देश-विदेश के श्रद्धालुओं ने अपने हस्ताक्षर किये।

## भाजपा को कभी नहीं भाया रालोद का साथ

**टीम एक्शन इंडिया**

**मेरठः** भाजपा और राष्ट्रीय लोकदल पहले भी मिलकर चुनाव लड़ चुके हैं। प्रत्येक बार राष्ट्रीय लोकदल ने उम्मीद से बढ़कर प्रदर्शन किया, लेकिन भाजपा को कभी भी रालोद का साथ रास नहीं आया। इस बार भी रालोद से गठबंधन के बाद भी भाजपा को मुजफ्फरनगर और कैराना सीटों पर हार का सामना करना पड़ा। भाजपा ने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में हराकर रालोद को सियासी वनवास में भेज दिया था। 2014 में भाजपा के सत्यपाल सिंह ने रालोद अध्यक्ष अजित सिंह को करारी शिकस्त दी तो मथुरा से उनके बेटे जयंत सिंह भी चुनाव हार गए थे। इसी तरह से 2019 में मुजफ्फरनगर सीट से भाजपा उम्मीदवार संजीव बालियान ने रालोद अध्यक्ष रहे अजित सिंह को हराया, तो बागपत से जयंत सिंह को भी हार मिली। विधानसभा और संसद में रालोद का कोई जनप्रतिनिधि नहीं पहुंचा। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा ने रालोद के साथ गठबंधन कर लिया। भाजपा और रालोद ने अभी तक तीन बार मिलकर चुनाव लड़े हैं। सबसे पहले 2002 के विधानसभा चुनाव में भाजपा-रालोद मिलकर चुनाव लड़े। इसका फायदा भी रालोद को 14 सीटों पर जीत के रूप में सामने आया, लेकिन भाजपा को इसका कोई फायदा नहीं हुआ और भाजपा प्रदेश की सत्ता से दूर हो गई।



**वनवास भेजा था**

**▸▸ भाजपा ने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में हराकर रालोद को सियासी वनवास में भेज दिया था**

## यूपी से सात महिलाएं संसद में करेंगी नेतृत्व



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** देश की सबसे बड़ी पंचायत में इस बार 7 महिला सांसद यूपी का प्रतिनिधित्व करेंगी। इनमें से सपा की सर्वाधिक पांच महिला सांसद चुनी गई हैं। इस बार प्रदेश की 80 सीटों पर कुल 851 प्रत्याशियों ने अपनी किस्मत आजमाई थी। इसमें 80 महिला उम्मीदवार शामिल थी। प्रमुख दलों में भाजपा ने 7, सपा ने 10, कांग्रेस ने एक, अपना दल (एस) ने दो और बसपा ने तीन महिला प्रत्याशियों को टिकट दिया था।

**2024 में 7 महिला सांसद करेंगी यूपी का प्रतिनिधित्वः** देश की संसद को सर्वाधिक 80 सांसद देने वाले प्रदेश का देश की संसद में 7 महिला सांसद प्रतिनिधित्व करेंगी। सपा से पांच, बीजेपी और अपना दल से एक-एक महिला सांसद विजयी हुई हैं।

इनमें मथुरा से हेमामालिनी (बीजेपी), मीरजापुर से अनुप्रिया पटेल (अपना दल सोनेलाल), मैनपुरी से डिम्पल यादव (सपा), बांदा से कृष्णा पटेल (सपा), मछलीशहर से प्रिया सरोज (सपा), मुरादाबाद से रुचिवीरा (सपा) और कैराना से इकरा हसन (सपा) शामिल हैं।

**एनडीए ने नौ महिला प्रत्याशियों को दिया टिकटः** एनडीए ने यूपी में नौ महिला प्रत्याशी उतारी हैं। जिसमें सात बीजेपी और दो सहयोगी अपना दल सोनेलाल की टिकट पर मैदान में अपनी किस्मत आजमाने उतरीं। बीजेपी की टिकट पर मथुरा से हेमा मालिनी, धौरहरा से रेखा वर्मा, अमेठी से स्मृति ईरानी, सुलतानपुर से मेनका गांधी, फतेहपुर से साध्वी निरंजन ज्योति, बाराबंकी से राजरानी रावत, लालगंज से नीलम सोनकर मैदान में थी।

**नारी शक्ति**

**▸▸ इस बार प्रदेश की 80 सीटों पर कुल 851 प्रत्याशियों ने अपनी किस्मत आजमाई थी**

**मर्डर मिस्ट्री** बेमेल गठबंधन ने भाजपा को दिखाया आईना, प्रधानमंत्री मोदी का मैजिक भी नहीं आया काम, एक बार फिर जातीय समीकरणों के उभार से भाजपा को वाराणसी छोड़ पूर्वांचल के जिलों में करारी हार का सामना करना पड़ा

## पूर्वांचल में भाजपा की वापसी अब आसान नहीं, सहयोगी दलों से लोगों की नाराजगी



**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसीः पूर्वांचल** के जिलों में लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम ने सियासी पंडितों को भी चौका दिया है। एक बार फिर जातीय समीकरणों के उभार से भाजपा को वाराणसी छोड़ पूर्वांचल के जिलों में करारी हार का सामना करना पड़ा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित अन्य स्टार प्रचारकों के कई जनसभाओं और रोड शो भाजपा गठबंधन दल के नेताओं को कामयाबी दिला नहीं पाया। आने वाले चुनावों में भी अब भाजपा के लिए इन जिलों में वापसी आसान नहीं होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मैजिक काल के दौर में पूर्वांचल के इन जिलों में जातिगत तिलिस्म को तोड़कर भाजपा के लिए उर्वरा सियासी भूमि बना दिया था। वह कुछ हद तक 2019 के लोकसभा चुनाव तक बरकरार रहा। इसके बाद भाजपा के उन जिलों से चुने गए सांसदों की निष्क्रियता और पार्टी संगठन के पदाधिकारियों के बड़बोलेपन ने पार्टी के प्रति आमजन का नजरिया ही बदल दिया। ऐसे में लोकसभा चुनाव में पूर्वांचल के जिलों में अच्छे और समर्पित नेताओं को टिकट देने के बजाय फिर उन्हें दोहराना, लोगों के विरोध के बाद भी उन्हीं नेताओं या आयातित नेताओं को टिकट देना भारी पड़ गया।

सियासी पंडितों का मानना है कि भाजपा ने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) जैसे दल से विरोध के बावजूद गठबंधन कर लिया, कि उनके समाज का वोट उन्हें थोक भाव में मिल जाएगा। चुनाव परिणाम ने भाजपा नेतृत्व को भी आईना दिखा दिया। सुभासपा के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर के बड़बोलेपन से समाज का एक बड़ा तबका नाराज रहता है। खास कर सवर्ण और ओबीसी समाज। ओपी राजभर के दबाव और अपने हित में भाजपा ने भले ही इनके साथ गठबंधन कर लिया, लेकिन आमजन ने इनके गठबंधन से दूरी बना ली। ओम प्रकाश राजभर को भाजपा से समझौते के तहत मिली सीट घोसी में ये नजारा दिखा। ओपी राजभर के पुत्र डा. अरविंद राजभर को सपा के राजीव राय ने 162943 मतों से सियासी पटखनी दे दी। यहां सवर्ण समाज के नाराजगी की जानकारी भाजपा के शीर्ष नेताओं को भी रही। इसके बाद भी सत्तारूढ़ दल के नेताओं ने जनभावनाओं का सम्मान नहीं दिया। खास बात यह रही कि एक सियासी जनसभा में प्रधानमंत्री मोदी ने अपने सुनियोजित प्रचार के हिस्से में प्रत्याशी डा. अरविंद राजभर के बांह पर एक धौल जमाकर संदेश देना चाहा कि इस समाज के साथ किस कदर उनका जुड़ाव है। यहां लोगों का नाराजगी दूर करने का प्रधानमंत्री मोदी का कोई सियासी पैतरा यहां काम नहीं आया।

**भारी नाराजगी**

**▸▸ पूर्वांचल के जिलों में जातिगत तिलिस्म को तोड़कर भाजपा के लिए उर्वरा सियासी भूमि बना दिया था**